

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 9 फरवरी 2024 ■ मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-14 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-311 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 10 फरवरी 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# सुशासन का सूर्योदय

## 10 स्तंभों से प्रदेश की आर्थिक व्यवस्था को सुधारने का लक्ष्य

## न कोई नया कर और न कर वृद्धि , अमृतकाल के नींव का बजट



मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 9 फरवरी। विष्णुदेव सरकार का पहला बजट वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने आज सदन के पटल पर रखा। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए एक लाख 47 हजार करोड़ का बजट अनुमानित है। बजट भाषण में चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ हमने बनाया है और हम ही इसका विकास करेंगे। पिछली सरकार ने जो विकास कार्य रोक दिए थे,अब विकास का शुक्लपक्ष शुरू हो गया है। छत्तीसगढ़ी कहावतों व लोकोक्तियों एवं रामायण की चौपाईयों का उल्लेख करते हुए कहा कि हम मोदी की गारंटी को मूर्त रूप देंगे। यह बजट मोदी की गारंटी के वायदों को पूर्ण करने के लिए समर्पित है। इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 8,369 करोड़ का प्रावधान, कृषक उन्नति योजना के लिए 10 हजार करोड़, महतारी वंदन योजना के लिए 12 हजार करोड़, नल जल मिशन के लिए 4500 करोड़, तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए प्रति मानक बोरा 5,500 का भुगतान, दीनदयाल उपाध्याय कृषक मजदूर योजना के लिए 500 करोड़, रामलला दर्शन के लिए 35 करोड़, युवा रोजगार के लिए युवा क्रांति योजना, एसीआर के विकास के लिए योजना बनाने का प्रावधान किया गया है। राज्य के पांच शक्तिपीठों के विकास के विस्तृत योजना के लिए 5 करोड़ का प्रावधान किया गया है। वित्त मंत्री ने एक छत्तीसगढ़ी कविता का उद्धरण देते हुए कहा कि हमें मरने के बाद देवलोक नहीं चाहिए बल्कि हमें छग की छांव चाहिए। राज्य में रामराज्य की स्थापना की गारंटी देते हुए कहा कि हम राज्य में सुशासन का सूर्योदय करेंगे। पिछले चुनाव में नकारात्मक ताकतों को जनता ने नकार दिया है। हम विकासयात्रा की शुरुआत कर रहे हैं। हमने छत्तीसगढ़ बनाया है और हम ही इसे संवारेंगे। डबल इंजन की सरकार नया अध्याय शुरू करेगा। ज्ञान हमारे आर्थिक विकास का केंद्र बिन्दु होगा। पिछली सरकार ने इस पर ग्रहण लगा दिया था। नेल्सन मंडेला के वाक्यों का उद्धरण देते हुए कहा कि किस भी देश के विकास के लिए यह प्रमुख होता है। हम ज्ञान का आलोक फैलाएंगे। तकनीकी आधार पर रिफॉर्म और सुशासन, प्राकृतिक संसाधनों का उचित इस्तेमाल किया जाएगा। निजी निवेश को सुनिश्चित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ी संस्कृति का विकास, बस्तर, सरगुजा का विकास एवं 20 सेंट्रलाइज डेव्हलपमेंट पॉकेट बनाया जाएगा। विभाग में विकासवार वृद्धि किए जाने का भी उन्होंने आंकड़ों के अनुसार पूरा विवरण दिया।

### अब 65 नहीं 200 बच्चों को फ्री यूपीएससी कोचिंग

छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए खुशखबरी है. अब उनके आईएएस बनने का सपना का जल्द पूरा हो सकता है, दरअसल वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सदन में घोषणा करते हुए कहा है कि यूपीएससी की तैयारी के लिए द्वारिका (दिल्ली में यूथ हॉस्टल) में 65 बच्चों के सीटों को बढ़ाकर अब 200 बच्चों को तैयारी कराने का प्रावधान किया गया है. इसका लाभ उन प्रतिभावान छात्रों को मिलेगा जो पीएससी की तैयारी करने की इच्छा रखते हैं, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण अपने सपने को साकार नहीं कर पा रहे हैं. इस योजना के माध्यम से राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं को निशुल्क प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी दिल्ली में करवाई जाती है. जिसके लिए विद्यार्थियों को फ्री में कोचिंग की सुविधा दी जाती है.

### आत्मानंद स्कूल पर सरकार लाएगी श्वेत पत्र

डीएमएफ मद से स्वामी आत्मानंद स्कूल में खर्च की गई रकम का मुद्दा लगातार दूसरे दिन भी सदन में उठा. स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने विधायकों के सवालों का जवाब देते हुए डीएमएफ मद से स्वामी आत्मानंद स्कूलों में हुए खर्च की जांच कर सरकार द्वारा श्वेत पत्र लाए जाने की घोषणा की. भाजपा विधायक आशाराम नेताम ने डीएमएफ मद से स्वामी आत्मानंद स्कूल में खर्च की गई राशि का उठाया मामला. स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि स्कूलों के जीर्णोद्धार पर इतनी राशि खर्च कर दी गई जितने में एक नया स्कूल बन जाता. डीएमएफ की राशि निर्माण कार्यों में खर्च कर दी गई. नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने कहा कि आपने कहा कि कलेक्टरों ने ये राशि खर्च की है तो कलेक्टरों पर कार्रवाई करें.

### सरकार जारी करेगी विजन डॉक्यूमेंट

देश जब आजादी के सौ साल पूरा कर विकसित राष्ट्र के तौर पर दुनिया में स्थापित होगा. तब हमारा छत्तीसगढ़ देश के अन्य राज्यों से सकारात्मक प्रतिस्पर्धा करते हुए कैसे आगे बढ़ेगा, इसके लिए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बजट 2024-35 में 'अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन-2047' विजन डॉक्यूमेंट एक नवंबर 2024 को लॉन्च करने का एलान किया. वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अपने बजट भाषण में कहा कि यह हमारे सामने चुनौती है. इसके लिए स्पष्ट रोडमैप जरूरी है. इसके लिए सरकार ने तय किया है कि छत्तीसगढ़ 2047 से विकासशील राज्य विकसित राज्य बनेगा, इसका विजन डॉक्यूमेंट तैयार करेंगे.

- रायपुर और भिलाई के आसपास के इलाकों को स्टेट कैपिटल रीजन के रूप में विकसित किया जाएगा
- नया रायपुर में आईटी हब विकसित किया जाएगा
- कोरबा, रायगढ़, उरला, सिलतरा जैसे क्षेत्रों में उद्योगों को और आगे बढ़ाया जाएगा
- छत्तीसगढ़ की संस्कृति का विकास हमारा संकल्प है।
- हम प्रदेश की आर्थिक स्थिति को बढ़ाने के लिए सत्य कार्य करेंगे देश और दुनिया में चल रहा है बेस्ट प्रैक्टिस को हम अपनाएंगे
- छत्तीसगढ़ एडवाइजरी काउंसिल का गठन करेंगे
- यह नारा विकासशील छत्तीसगढ़ को विकसित बनाने के लिए है।
- छत्तीसगढ़ आर्थिक सलाहकार परिषद का गठन होगा।
- तुलसीदास जी ने रामराज्य की अवधारणा समझाई है।
- रामराज्य की अवधारणा को आदर्श मानकर हम लगातार काम करेंगे
- वर्ष 2030 तक सकल घरेलू उत्पाद के लक्ष्य को हासिल करने के लिए हमें पूंजीगत में पर्याप्त वृद्धि करनी होगी।
- हमारी जीडीपी में अभी भी सेवा क्षेत्रों का योगदान 31% है इसे बढ़ाने की आवश्यकता है।
- आवास योजना के लिए दूसरे अनुपूरक में हमने 3800 करोड़ रुपए का प्रावधान किया था। अब 8369 करोड़ का प्रावधान अब कर रहे हैं।
- कृषि उन्नति योजना के लिए 10 हजार करोड़ का प्रावधान।
- नल जल योजना के लिए 4, 500 करोड़ रुपए का प्रावधान।
- युवाओं के लिए छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना
- दीनदयाल उपाध्याय भूमि कृषि मजदूर योजना प्रारंभ करने के लिए 500 करोड़ रुपए का प्रावधान।
- युवाओं के लिए छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना का इसी बजट में प्रावधान।
- स्टेट कैपिटल योजना के लिए 5 करोड़ रुपए का प्रावधान।
- शक्तिपीठ परियोजना के लिए 5 करोड़ रुपए का प्रावधान।
- श्री रामलला दर्शन योजना के लिए 35 करोड़ का प्रावधान।
- कुनकुरी में कृषि अनुसंधान केंद्र की स्थापना की जाएगी
- कृषि बजट में 33% की वृद्धि हुई है, अब इसका कुल 13,438 करोड़ रुपए का प्रावधान हुआ है।
- कुनकुरी, रामचंद्रपुर, खडग़ांव, शीलफिलि में कृषि एवं उद्यानिकी महाविद्यालय की स्थापना की जाएगी।
- दुर्ग एवं सरगुजा जिले में कृषि यंत्री कार्यालय की स्थापना।
- 14 विकासखंड में नवीन नर्सरी की स्थापना।
- सिंचाई परियोजनाओं के लिए 300 करोड रुपए का प्रावधान
- केलो परियोजना के तहत रायगढ़ में सिंचाई परियोजनाओं को गति देने के लिए 100 करोड रुपए का प्रावधान
- सिंचाई बांधों के लिए 72 करोड रुपए का प्रावधान
- सिंचाई के लिए रकबे के विस्तार के लिए 3000 करोड़ रुपए राशि का प्रावधान।
- 10 करोड़ से अधिक के 156 कार्यों के लिए प्रावधान।
- केलो परियोजना के नहर निर्माण कार्य 100 करोड़ से पूरा किया जाएगा।
- राज्य जल केंद्र की स्थापना के लिए 1 करोड़ का प्रावधान।
- सिंचाई बांधो की सुरक्षा के लिए 72 करोड़ रुपए का प्रावधान।
- स्व सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को रोजगार देने के लिए 561 करोड रुपए का प्रावधान
- पंचायत एवं ग्रामीण विकास के अंतर्गत 70 हजार 539 करोड़ का प्रावधान, 70 प्रतिशत वृद्धि।
- ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार हेतु 2887 करोड़ का प्रावधान।
- सड़कों के लिए 841 करोड़ का प्रावधान।
- कचरा प्रबंधन की योजनाओं के लिए 400 करोड़ का प्रावधान।
- यूपीएससी की तैयारी के लिए द्वारिका, दिल्ली में यूथ हॉस्टल में 65 बच्चों के सीटों को बढ़ाकर 200 बच्चों को तैयारी कराने का प्रावधान।
- 5 वर्षों तक निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराएंगे।
- फोर्टिफाइड चावल के लिए 209 करोड़ का प्रावधान।
- शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 5000 करोड़ से अधिक का प्रावधान
- महतारी वंदन योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं को 12000 वार्षिक दिया जाएगा
- 117 करोड रुपए का प्रावधान
- ग्राम पंचायत स्तरीय महिला सदन बनाने के लिए 50 करोड रुपए का प्रावधान
- छत्तीसगढ़िया क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के लिए 20 करोड़ प्रावधान।
- 5 नवीन जिलों में जिला कार्यालयों की स्थापना होगी।
- छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान के लिए 1 करोड़ 50 लाख।
- कला साहित्य खेल के क्षेत्र में युवाओं के योगदान को प्रोत्साहित और उन्हें सम्मान देने के लिए 1 करोड़ 50 लाख का प्रावधान
- राज्य पुलिस बल में 1089 पदों की वृद्धि
- कला साहित्य खेल के क्षेत्र में युवाओं के योगदान को प्रोत्साहित और उन्हें सम्मान देने के लिए 1 करोड़ 50 लाख का प्रावधान
- राज्य पुलिस बल में 1089 पदों की वृद्धि
- नक्सल क्षेत्र में तैनात जवानों की सुरक्षा के लिए स्पीक रेजिस्टेंट बूट देने का निर्णय लिया गया है।
- ई-कोर्ट के लिए 596 पदों का सृजन
- अमृत मिशन योजना के लिए 796 करोड रुपए का प्रावधान
- नागरिक क्षेत्र के स्लम बस्तियों में स्वास्थ्य सुविधा के लिए 300 करोड रुपए का प्रावधान
- नालंदा परिसर की तर्ज पर प्रदेश के 22 स्थान में लाइब्रेरी बनाई जाएगी।
- मुख्यमंत्री जन पर्यटन योजना प्रारंभ की जाएगी, 5 करोड रुपए का प्रावधान
- हिंदी व छत्तीसगढ़ी से गोंडी भाषा के ट्रांसलेशन के लिए सॉफ्ट वेयर का निर्माण किया जाएगा
- तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों को चरण पादुका देने के लिए 35 करोड रुपए का
- रायपुर, बिलासपुर स्मार्ट सिटी के लिए 402 करोड़ का प्रावधान।
- पर्यटन एवं संस्कृति मुख्यमंत्री जन पर्यटन योजना प्रारंभ की जाएगी।
- प्रदेश के पांच शक्तिपीठों के विकास के लिए योजना के लिए 5 करोड़।
- गोंडी भाषा के विकास हेतु 2 करोड़ 50 लाख का प्रावधान।
- आदिभाषाओ के संरक्षण और विकास के लिए प्रावधान।
- संवर्धन से जुड़े कार्यों के क्रियान्वयन के लिए कैम्पा में 1 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान।
- चरण पादुका के लिए 35 करोड़ का प्रावधान।
- हाथी मानव द्वंद से बचाव के लिए रैपिड रिस्पांस टीम के गठन के लिए 20 करोड़ का प्रावधान।
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू किया जाएगा
- छत्तीसगढ़ प्रौद्योगिकी संस्थानों की स्थापना की जाएगी
- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित सिस्टम की मदद से शिक्षा व्यवस्था को सुधारा जाए।
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के अनुरूप रिसर्च इनोवेशन के लिए परिषद का गठन किया जाएगा।
- राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों की भांति प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ प्रौद्योगिकी संस्थानों की स्थापना की जाएगी।
- पंडित रविशंकर शुक्ला महाविद्यालय रायपुर में स्टार्टअप इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय इंस्ट्रूमेंटेशन फैसिलिटी का उन्नयन किया जाएगा।
- व्यवसाय मूलक पाठ्यक्रम के रूप में वाणिज्य अध्ययन शाला प्रारंभ की जाएगी।

**साय सरकार के बजट में किसानों, महिलाओं, स्टूडेंट्स समेत सभी वर्गों के लिए कुछ खास**

**छत्तीसगढ़ प्रौद्योगिकी संस्थानों एवं पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में फॉरेंसिक साइंस प्रयोगशाला की स्थापना की जाएगी**

**महतारी वंदन योजना के लिए 117 करोड़ रुपए का प्रावधान, ग्राम पंचायतों में बनेगा महिला सदन**

### राम वन गमन परिपथ का सोशल ऑडिट होगा

विधानसभा में राम वन गमन परिपथ का मुद्दा गूंजा. पूर्ववर्ती सरकार पर संस्कृति से छेड़छाड़ के आरोप पर मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने श्रीराम की मूर्ति लगाए जाने की सोशल ऑडिट का ऐलान किया. इसके साथ विधायक अजय चंद्राकर की अध्यक्षता में सोशल ऑडिट कमेटी के गठन किया. भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने चंपारण, चंदखुरी को वन गमन परिपथ मानने पर सवाल उठाते हुए पूर्ववर्ती सरकार पर संस्कृति से छेड़छाड़ का आरोप लगाया. भाजपा विधायक के आरोपों के बाद बृजमोहन अग्रवाल ने ऐलान किया कि श्रीराम की मूर्ति लगाए जाने की अब सोशल ऑडिट होगी. मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने इसके साथ विधायक अजय चंद्राकर की अध्यक्षता में सोशल ऑडिट कमेटी बनाए जाने की घोषणा की. कमेटी राम वन गमन परिपथ में लगी मूर्तियों का सोशल ऑडिट करेगी. कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर सरकार फैसला करेगी.

### 10 आधार स्तंभ से नापेंगे विकास की रतार

वित्त मंत्री ने कहा, 2047 अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन डाक्यूमेंट विकास के लिए जनता के सामने प्रस्तुत करेंगे. 2028 तक 10 लाख करोड़ प्रदेश का जीडीपी करने का लक्ष्य होगा. उन्होंने कहा, हमने बनाया हम ही सवारेंगे. 5 वर्ष में जीडीपी की रफ्तार दोगुनी करेंगे. इसके लिए हमने 10 आधार स्तंभ तैयार किया है. इसके आधार पर हम विकास की रफ्तार नापेंगे. बजट में जीडीपी दोगुनी करने पर जोर होगा. वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने आगे कहा, यह बजट गरीब , युवा , अन्नदाता और नारी (ज्ञान) की समृद्धि के साथ पूंजीगत व्यय बढ़ाकर अधोसंरना विकास को प्रोत्साहित करने और राज्य के युवाओं के लिए रोजगार और आजीविका को बढ़ावा देने पर केंद्रित है.

### छीसगढ़ आर्थिक सलाहकार परिषद का गठन

वित्त मंत्री अपने बजट में कहा कि छत्तीसगढ़ आर्थिक सलाहकार परिषद का गठन किया जाएगा. मर्यादापुरुषोत्तम श्रीराम के राम राज से बड़ा सुशासन का मॉडल पूरी दुनिया में कहीं नहीं मिलता. तुलसीदास जी ने रामराज्य की अवधारणा समझाई है. रामराज्य की अवधारणा को आदर्श मानकर हम लगातार काम करेंगे. वर्ष 2030 तक सकल घरेलू उत्पाद के लक्ष्य को हासिल करने के लिए हमें पूंजीगत में पर्याप्त वृद्धि करनी होगी. हमारी जीडीपी में अभी भी सेवा क्षेत्रों का योगदान 31त्न है इसे बढ़ाने की आवश्यकता है. आवास योजना के लिए दूसरे अनुपूरक में हमने 3800 करोड़ रुपए का प्रावधान किया था. अब 8369 करोड़ का प्रावधान अब कर रहे हैं.

### पीपीपी मॉडल को बढ़ावा

पूंजीगत व्यय में गत वर्ष की तुलना में 20 प्रतिशत वृद्धि हुई है. 20 प्रतिशत कैपेक्स वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है. साथ ही ईको टूरिज्म के लिए रोडमैप तैयार करने का प्रावधान किया गया है. सरकार की सारी क्षमताओं के अतिरिक्त निजी निवेश भी सुनिश्चित होगा. पीपीपी मॉडल को बढ़ावा दिया जाएगा. प्राइवेट इन्वेस्टमेंट को बढ़ावा मिलेगा.

### स्टेट कैपिटल रीजन के रूप में विकसित होंगे ये शहर

बजट में बस्तर और सरगुजा को आर्थिक विकास की दृष्टि से मजबूत करने की बात कही गई है. बस्तर में लघु वन उपज के प्रसंस्करण के लिए उद्योगों की स्थापना की जाएगी. रायपुर और भिलाई के आसपास के इलाकों को स्टेट कैपिटल रीजन के रूप में विकसित किया जाएगा. नया रायपुर में आईटी हब विकसित किया जाएगा. कोरबा, रायगढ़, उरला, सिलतरा जैसे क्षेत्रों में उद्योगों को और आगे बढ़ाया जाएगा. हम प्रदेश की आर्थिक स्थिति को बढ़ाने के लिए सत्य कार्य करेंगे. देश और दुनिया में चल रहा है बेस्ट प्रैक्टिस को हम अपनाएंगे. छत्तीसगढ़ एडवाइजरी काउंसिल का गठन करेंगे.

### विभागों को तकनीकी समृद्ध करने के लिए 266 करोड़ का प्रावधान

इसके अलावा बजट में अन्य घोषणाएं की गई है. वित्त मंत्री ने कहा कि ऑनलाइन रॉयल्टी को हटाकर लाल फीताशाही ऑफलाइन तरीके को अपनाया जाएगा. हम ऑनलाइन माध्यम से सरकार के राजस्व में ऐतिहासिक वृद्धि करके दिखाएंगे. विभिन्न विभागों को तकनीकी समृद्ध करने के लिए 266 करोड़ का प्रावधान किया गया है.

### 10 लाख करोड़ छत्तीसगढ़ का जीडीपी करने का लक्ष्य

वित्त मंत्री ने कहा, 2047 अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन डाक्यूमेंट विकास के लिए जनता के सामने प्रस्तुत करेंगे. 2028 तक 10 लाख करोड़ प्रदेश का जीडीपी करने का लक्ष्य होगा. उन्होंने कहा, हमने बनाया हम ही सवारेंगे. 5 वर्ष में जीडीपी की रफ्तार दोगुनी करेंगे. इसके लिए हमने 10 आधार स्तंभ तैयार किया है. इसके आधार पर हम विकास की रफ्तार नापेंगे. बजट में जीडीपी दोगुनी करने पर जोर होगा.

## नरसिम्हा राव,चौधरी चरण सिंह,स्वामीनाथन को भारत रत्न



**नई दिल्ली,9 फरवरी।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पीवी नरसिम्हा राव और डॉ. एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा. पीएम मोदी ने ट्वीट करते हुए लिखा कि हमारी सरकार का यह सौभाग्य है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जा रहा है. यह सम्मान देश के लिए उनके अतुलनीय योगदान को समर्पित है. उन्होंने किसानों के अधिकार और उनके कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था. एक प्रतिष्ठित स्कॉलर और राजनेता के रूप में नरसिम्हा राव गरू ने तमाम क्षमताओं में भारत की बड़े पैमाने पर सेवा की. प्रधानमंत्री मोदी ने डॉ. एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न देने की घोषणा की. उन्होंने कहा कि यह बेहद खुशी की बात है कि भारत सरकार कृषि और किसानों के कल्याण में हमारे देश में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. एमएस स्वामीनाथन जी को भारत रत्न से सम्मानित कर रही है

एक नजर

## रूपेश जैन बने जिला भाजपा कोषाध्यक्ष,कार्यकर्ताओं में हर्ष



**कवर्धा, 9 फरवरी।** रूपेश जैन के जिला भाजपा कोषाध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष देखा जा रहा है। तरुण छत्तीसगढ़ से रूपेश जैन जिला भाजपा कोषाध्यक्ष ने प्राथमिकता के सवाल पर कहा की केंद्र और राज्य द्वारा संचालित शासन की सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को अच्छे से मिले जिस पर हमेशा ध्यान दिया जाएगा। आगामी लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ राज्य की सभी ग्यारह लोकसभा सांसद सीट जिताना पहला लक्ष्य होगा।

## पूर्व विधायक अशोक साहू ने पीएम मोदी की विकास नीति की जानकारी ग्रामीणों को दी



**कवर्धा, 9 फरवरी।** गांव चलो अभियान के तहत ग्राम भागूटोला में पूर्व विधायक अशोक साहू ने महिलाओं और युवाओं , बुजुर्गों को प्रधानमंत्री मोदी की विकास की नीतियों की जानकारी दी । जिला अध्यक्ष अशोक साहू ने ग्रामीणों को बताया की केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अवश्य ले और शिक्षा , स्वास्थ्य से लेकर सभी प्रकार की मूलभूत योजनाओं का लाभ आपके द्वार तक पहुंच रही है या नहीं इस विषय में जानकारी ली और इस विषय में जानकारी दी । पूर्व विधायक अशोक साहू ने कहा की पीएम मोदी की विकास की नीतियों से देश के सभी गांवो की तस्वीर बदल रही है और छत्तीसगढ़ राज्य में विकास की तस्वीर पहुंची है और ग्रामीणों से भी आग्रह किए की पीएम मोदी की सरकार तीसरी बार अवश्य बनाएगा । लोकसभा चुनाव में जीत के सवाल पर पूर्व विधायक अशोक साहू ने कहा की आगामी लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में ग्यारह सीट जीतेंगे इसके लिए भाजपा कार्यकर्ता 24 घंटे वर्क कर रहे है और देश में 400 से ज्यादा सीट भाजपा लाएगी ।

## कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**भिलाई, 9 फरवरी।** कुम्हारी थाना क्षेत्र एम्स रायपुर से सुपेला लौट रहे बाइक सवार युवक को कार ने ठोकर मार दी युवक की मौके पर ही मौत हो गई हादसा दोपहर तीन बजे खारुन ग्रीन्स कुम्हारी के सामने नेशनल हाइवे पर हुई कार की पहचान नहीं हो पाई है वह भाग निकला मृतक का नाम राहुल प्रसाद (18) निवासी सुपेला बताया गया है कुम्हारी पुलिस ने परिजनों के हवाले से बताया कि राहुल अपने नाना के इलाज के लिए एम्स गया था सुपेला से अलग-अलग मोटर साइकिल में कुछ और लोग गए थे राहुल अपने नाना को एम्स में भर्ती कराने के बाद मोटर साइकिल से वापस सुपेला लौट रहा था बाइक पर उसकी बहन भी सवार थी। कुम्हारी ग्रीन्स के पास कार ने राहुल की बाइक को पीछे से ठोकर मार दी राहुल की बहन सड़क की बाईं तरफ तथा राहुल सड़क पर गिर पड़ा।

## घर का ताला तोड़कर चोरी

**भिलाई, 9 फरवरी।** भिलाई अमलेश्वर थाना क्षेत्र मकान में ताला जड़कर पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने गए परिवार के मकान का ताला टूटा अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है अमलेश्वर पुलिस ने बताया कि शिव पार्क कालोनी अमलेश्वर निवासी आशीष ठाकुर अपने परिवार के साथ मकान में ताला जड़कर कार्यक्रम में ग्राम गंडई गया था घर वापस आने पर देखा की मकान के गेट का ताला बंद था लेकिन भीतर के दरवाजा का ताला टूटा पड़ा मिला मकान से अज्ञात ने सोना चांदी के जेवरात समेत अन्य सामान चोरी हो गया चोरी हुए सामानों की कीमत 70 हजार रुपए आंकी गई है।

## सीआईएसएफ प्रधान आरक्षक के बेटे से ऑनलाइन ठगी

**भिलाई , 9 फरवरी।** एमबीबीएस की पढ़ाई के के नाम पर ठगी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है स्मृति नगर चौकी प्रभारी एएसआई राजेंद्र देशमुख ने बताया कि एफ/19 सेक्टर 3 निवासी सीआईएसएफ प्रधान आरक्षक रावतवाड नरसिंह रामजी ने शिकायत किया है कि पुत्र रामानंद को विदेश में एमबीबीएस की पढाई के लिए फरीद नगर मैदान जुनवानी रोड कोहका में स्थित कंसल्टेंट पम कैरियर कंसल्टेंसी में संपर्क किया। कंसल्टेंसी में एमबीबीएस की पढाई के लिए प्रवेश दिलाने के नाम से 4 लाख 50 हजार रूपया लिया मगर पुत्र का एडमिशन नही कराया ना ही पैसा लौटाया कंसल्टेंसी के प्रिंस कुमार ने रुपए लने के बाद ठगी किया आरोपी प्रिंस ने रजिस्ट्रेशन वीजा प्रवेश के लिए और राशि की मांग डिमांड की थी इसके लिए प्रिंस कुमार के एसबीआई बैंक खाता में उक्त रुपए ट्रांसफर किया गया रुपए मिलने के बाद आरोपी प्रिंस एमबीबीएस में विदेश में प्रवेश दिलाने का आश्वासन दिया था 15 सितंबर 2023 के बाद आरोपी का फोन कल संपर्क करने बात नहीं हो पाई नेहरू नगर स्थित एजेंसी में जाकर बात करने पर पता चला कि पुत्र का एडमिशन का काम नहीं किया गया ।

## गांव-गांव,घर-घर चलो अभियान

**राजनांदगांव।** समीपस्थ ग्राम बोरी में कृष्णा साहू के नेतृत्व में गांव चलो अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात किया गया,गांव के नए मतदाताओं से मुलाकात कर व वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात कर भाजपा को आने वाले लोकसभा चुनाव में किस प्रकार भारी मतों से लीड दिलाने के लिए मतदाताओं को भारतीय जनता पार्टी की योजनाओं के बारे में जानकारी दिया गया। कार्यकर्ताओं को स्वच्छता संबंधी, पर्यावरण संरक्षण एवं अमृत सरोवर अन्य कार्यक्रम करने के लिए कहा गया जिससे गांव का माहौल भाजपा में बना रहे।

# श्रमिकों को योजनाओं का लाभ और सड़कों के संधारण के लिए भावना बोहरा ने विधानसभा में उठाया प्रश्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 9 फरवरी।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने दो प्रमुख प्रश्न कर सदन का ध्यान आकर्षण किया। इसमें पूर्व की कांग्रेस सरकार की उदासीनता के कारण श्रमिकों को जिन योजनाओं का लाभ नहीं मिला है और पंडरिया विधानसभा में सड़कों के संधारण तथा उसमें हुए अनियमितता व भ्रष्टाचार जैसे गंभीर विषय पर भी प्रश्न किया।भावना बोहरा ने कहा कि पूर्व की कांग्रेस सरकार द्वारा श्रमिकों के कल्याणक हेतु कई योजनाएं संचालित की लेकिन उनकी उदासीनता के कारण वो सभी योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं हुआ और जमीनी हकीकत में दिखाई नहीं दे रही। मेरे पंडरिया विधानसभा में भी कई ऐसे श्रमिक हैं जिन्हें इन योजनाओं का लाभ नहीं मिला है। लगभग 12 से अधिक योजनाएं जो पूर्व की कांग्रेस सरकार द्वारा श्रमिकों के नाम पर शुरू की गई थी वह उन्हें नहीं मिल पाई है। उन्होंने प्रश्न किया कि श्रम विभाग द्वारा श्रमिक कल्याण हेतु कौन-कौन सी योजना संचालित की जा रही है और पण्डरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रश्नान्कित अवधि तक कितने श्रमिक पंजीकृत हैं तथा पंजीकृत श्रमिकों को वर्ष 2020 से 12 जनवरी 2024, तक शासन की किन-किन योजनाओं के तहत लाभान्वित किया गया? इसके साथ ही योजनाओं के अंतर्गत12 जनवरी, 2024 की स्थिति में कितने श्रमिकों के आवेदन लम्बित हैं उनकी पूर्ण जानकारी देने की बात कही, उन्होंने बताया की श्रमिकों के नाम पर पूर्व की कांग्रेस सरकार द्वारा केवल उनका उपहास किया गया, गरीब श्रमिकों को उनके अधिकारों से वंचित रखा गया। केवल कागजों पर योजनाएं बनाई गई जो जमीनी स्तर पर नहीं दिख रही हैं और न ही श्रमिकों को उनका लाभ मिल पाया।भावना बोहरा ने दूसरा प्रश्न करते हुए पंडरिया विधानसभा में हुए सड़क निर्माण कार्य को लेकर सदन में मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा सड़क निर्माण कार्य में अपने करीबियों व कुछ ही गिने-चुने लोगों को लाभ पहुँचाने के उद्देश से सड़क निर्माण कार्य करने के लिए टेंडर जारी किया गया है। इस विषय में कई शिकायतें भी क्षेत्रवासियों से मिलती रही हैं वहीं कई ऐसे कार्य हैं जिन्हें पूर्ण हुए 5 वर्ष हो गए हैं लेकिन उनके संधारण का कार्य अपूर्ण है। इसके साथ ही कितने ऐसे निर्माण कार्य हुए हैं जिनमें भ्रष्टाचार व अनियमितता की शिकायतें मिली हैं एवं उन शिकायतों में कितने क्या कार्रवाई हुई है? इस विषय को भी प्रमुखता से उठाया। इसके साथ ही उन्होंने सदन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में तालाब पार, पीढ़ियों से निवासरत परिवारों के पास जमीन का पट्टा नहीं है, जिसकी वजह से उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना व अन्य जनहितैषी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। यदि उन्हें पट्टा मिल जाता है तो वह भी सभी नागरिकों की तरह केंद्र व राज्य सरकार की जनहितैषी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। ऐसा होने से उनके जीवन में भी एक सकारात्मक परिवर्तन आयेगा और वो भी विकास की मुख्य धारा से जुड़ेंगे।

## बीएसपी की कार्यशाला में बॉयलरों के कुशल संचालन और रखरखाव की जानकारी दी गई



**भिलाई, 9 फरवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के पीबीएस विभाग द्वारा 8 फरवरी को भिलाई निवास में बॉयलरों के कुशल संचालन और रखरखाव पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बॉयलर के मुख्य निरीक्षक (बॉयलर निरीक्षणालय, छत्तीसगढ़ सरकार) गुंजन शुक्ला उपस्थित थे। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में कार्यपालक निदेषक अंजनी कुमार उपस्थित थे। साथ ही मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी पी के सरकार, क्षेत्रीय निदेशक अविजित नायक और महाप्रबंधक बिजनेस यूनिट हेड एनएसपीसीएल सोमनाथ चट्टोपाध्याय मंच पर उपस्थित थे। सीआईबी (छ.ग. सरकार) गुंजन शुक्ला ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि औद्योगिक बॉयलर संयंत्रों और रिफाइनरियों में सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। इंजीनियर, पर्यवेक्षक और ऑपरेटर द्वारा राज्य भर में विभिन्न कारखानों में बॉयलर संचालन का प्रबंधन किया जा रहा है। इस तरह के सामूहिक विचार-मंथन के अवसरों से न केवल हमारे अनुभवों और अंतर्दृष्टि का आदान-प्रदान होता है, बल्कि हमारा समय और दक्षता भी अनुकूलित होती है।

यह कार्यशाला प्रतिभागियों को बॉयलरों के कुशल संचालन और रखरखाव के लिए अधिक कुशल, सस्टेनेबल और पर्यावरण-अनुकूल तरीकों के रास्ते तलाशने में मदद करेगी। कार्यपालक निदेषक अंजनी कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की अर्थवयवस्था विकास के पथ पर तेजी से बढ़ रही है। जिसके फलस्वरूप हमारी उर्जा की खपत भी अधिक है, जो बदले में पर्यावरण पर बड़े पैमाने पर कार्बन फुटप्रिंट छोड़ती है। हमें अपने कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के लिए अपने संसाधनों को संरक्षित करने की दिशा में प्रयास करने की आवश्यकता है। मुख्य महाप्रबंधक राजीव पांडे ने स्वागत भाषण दिया और कार्यशाला के विषय और उद्देश्यों पर जानकारी दी। तापस दासगुप्ता पीके सरकार, अविजित नायक और सोमनाथ चट्टोपाध्याय ने भी प्रतिनिधियों को संबोधित किया और कार्यशाला के विषय पर अपने विचार साझा किए। कार्यशाला के अंतर्गत प्रत्येक सत्र में दो मुख्य वक्ताओं के साथ कुल दो तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। आरडी अविजीत नायक, ने बॉयलरों में ऊर्जा परिदृश्य और निष्पादन मूल्यांकन पर एक शोध पत्र प्रस्तुत किया, वहीं एजीएम पद्मनाभ सामंत्रे ने बॉयलरों में कुशल संचालन प्रथाओं पर शोधपत्र प्रस्तुत किया। प्रबंधक स्वराज जोडे ने भिलाई स्टील प्लांट में मोडेक्स बॉयलरों के संचालन दर्शन पर तथा औद्योगिक सुरक्षा विशेषज्ञ सीए मोहंती ने कार्यशाला में बॉयलर परिचालन सुरक्षा पहलुओं पर आधारित तकनीकी सत्र का संचालन किया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक शेख जाकिर ने धन्यवाद ज्ञापित किया तथा कार्यशाला का संचालन कनिष्ठ अधिकारी एस एन देशमुख ने किया।

# रानीतराई में गोपीकेश्वरी देवी वृंदावन की 11फरवरी से18 फरवरी तक राम कथा



उतई,9 फरवरी। पाटन विकासखंड के ग्राम रानीतराई में 11 फरवरी रविवार से 18 फरवरी तक वृदावन धाम के कथाकार सुश्री गोपीकेश्वरी देवी जी का श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है रानीतराई सरपंच निर्मल जैन ने बताया कि समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से यह वृहद आयोजन किया जा रहा है आयोजन समिति कार्यक्रम की सफलता व श्री राम जी के का अधिक से अधिक रामभक्त श्रवणपन कर सके इसकी तैयारी व प्रचार में लग पूरी कर रहे है ।सरपंच ने बताया कि कार्यक्रम 11 फरवरी रविवार से 18 फरवरी तक समय दोपहर 1.30 से 5.30 शाम तक होगा ,11 फरवरी रविवार प्रथम दिन -कलश यात्रा , कथा प्रारंभ, श्री रामचरित मानस महात्म्य से होगी ।12 फरवरी सोमवार द्वितीय दिन -सती चरित्र, शिव पार्वती विवाह13 मंगलवार तृतीय दिन -शिव पार्वती संवाद, श्रीराम जन्म उत्सव 14 फरवरी बुधवार चतुर्थ दिन-श्रीराम बाल लीला कथा , अहिल्या उद्धार, सीता राम विवाह

15फरवरी गुरुवार पंचम दिन - श्रीराम वन गमन,केवट लीला, श्रीराम भरत मिलाप

16 फरवरी शुक्रवार छठवा दिन-शबरी चरित्र ,श्रीराम हनुमान मिलन। 17 फरवरी शनिवार सातवा दिन -रावण उद्धार, श्रीराम अभिषेक , चढ़ौती (समर्पण) और शाम को फूलो की होली होगी । 18 फरवरी रविवार आठवां दिवस(सुबह 10 बजे से) भजन कीर्तन ,प्रवचन सार,हवन व पूर्णा आहुति एवम विशाल भोजन भंडारा का आयोजन होगा ।आयोजन समिति समस्त रामभक्त मानस प्रेमियों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील किए है।

## खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने विधानसभा सत्र में आपदा क्षतिपूर्ति राशि की रखी मांग

**खुज्जी।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक भोलाराम साहू ने विधानसभा सत्र में राजनांदगांव जिले में सड़क दुर्घटना,तालाब में डूबने से, कीट प्रकोप से एवं अन्य आपदाओं के बारे में विधानसभा सत्र में कहा कि वर्ष 2021-22 से 31 दिसंबर 2023 तक का जवाब में दिया है कि इसमें 258 व्यक्तियों के परिजनों को क्षतिपूर्ति की राशि अभी तक लंबित है आप यह बता दीजिए कि इस लंबित प्रकरण का जिम्मेदार कौन है? और आप इस पर क्या कार्रवाई करेंगे, प्रकरण आज तक तैयार नहीं किया गया है क्या इसकी कोई समय सीमा है।


## 14 लाख बकाया राशि नहीं पटाने की स्थिति में मकान जब्ती की कार्रवाई



भिलाई, 9 फरवरी। कलेक्टर आदेश के बाद तहसीलदार द्वारा टीम गठित करके जब्ती की कार्रवाई की गई पूरी कार्रवाई में एनफोर्समेंट डायरेक्टर सूर्यकांत यादव, शैलेंद्र शर्मा, चयन साहू, केनरा बैंक की तरफ से प्राधिकृत अधिकारी देवी दत्त लाल बलोदा बाजार शाखा प्रबंधक सहबाज तहसील कार्यालय से पटवारी, कोटवार, माल जमादार, बलौदा बाजार थाना से पुलिस बल उपलब्ध थे ।

ऋणी दूज राम साहू निवासी रसेड़ा के द्वारा लगभग 14 लाख बकाया राशि नहीं पटाने की स्थिति में मकान जब्ती की कार्रवाई की गई। सभी समान को घर से बाहर निकलकर वीडियोग्राफी कराकर जब्ती की कार्रवाई की गई।

# विश्वविद्यालय को चारागाह बनाने वाले डेयरी संचालक पर 3000 का जुर्माना



**रिसाली।** स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय परिसर को चारागाह बनाने वाले डेयरी संचालक के खिलाफ रिसाली निगम ने कार्यवाही की है। डेयरी संचालक से 3000 जुर्माना वसूला गया। साथ ही दोबारा मवेशी चराने पर दो गुना राशि वसूल करने की चेतावनी दी है। नेवई बस्ती निवासी डेयरी संचालक बीर सिंह यादव अपनी दुधारू मवेशी को नेवई स्थित विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश करा दिया था। वहां लगाए पौधों को मवेशियों ने चारा समझ आहार बना लिया। निगम के अधिकारियों को सूचना मिलते ही राजस्व विभाग प्रभारी संजय वर्मा ने अपनी टीम के साथ 7 भैंस और 1 गाय को गौठान पहुंचाया। बाद में डेयरी संचालक से जुर्माना वसूल कर मवेशियों को सुपुर्दनामा किया। निगम ने डेयरी संचालक को हिदायत दी है कि दोबारा मवेशी परिसर में प्रवेश कराने पर 5 से 10 हजार तक जुर्माना वसूल किया जाएगा।

### अहाता हुआ क्षतिग्रस्त

नेवई व स्टेशन मरोदा क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग डेयरी संचालन कर रहे हैं। कुछ निकालने के बाद डेयरी संचालक मवेशियों को विश्वविद्यालय की तरफ ले जाते है। चारा के लिए परिसर में मवेशियों को छोड़ दिया जाता है। मवेशियों को परिसर में छोड़ने डेयरी संचालक बाऊंड्रीवाल को क्षतिग्रस्त कर दिया है।

# प्लेट मिल में गुणवत्ता सुधार के लिए अनुरक्षण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे निदेशक प्रभारी



**भिलाई, 9 फरवरी।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा, भारतीय नौसेना के विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत और अन्य युद्धपोतों के लिए वांछित ग्रेड के प्लेटों आपूर्ति करने के साथ ही, उपग्रह प्रक्षेपण वाहनों के लिए विशेष ग्रेड के प्लेटों की रोलिंग करने वाले, प्लेट मिल की स्थापना वर्ष 1983 में की गई थी। जो पिछले चार दशकों के दौरान देश के विभिन्न परियोजनाएं और ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करते हुए, लगभग 34 मिलियन टन प्लेटों का उत्पादन कर चुकी है। इस प्लेट मिल में चल रहे 42 दिवसीय कैपिटल रिपेयर का निरीक्षण करने, 8 फरवरी को संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता एवं कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार पहुंचे। ज्ञात हो कि इस्पात बाज़ार में ग्राहकों की नवीनतम आवश्यकता को देखते हुए, प्लेट मिल के उन्नयन हेतु रफिंग एवं फिनिशिंग स्टैंड के ज्योमेट्रीकल स्ट्रक्चर में सुधार के लिए 42 दिनों का शटडाउन लिया गया है। यह कैपिटल रिपेयर का कार्य 10 जनवरी, 2024 से प्रारंभ किया गया। शटडाउन के दौरान, प्लेट मिल में अनुरक्षण कार्य से संबन्धित अन्य लंबित और महत्वपूर्ण कार्यो को सम्पादित किया जा रहा है। प्लेट मिल में अनिर्बान दासगुप्ता एवं कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार ने, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी असित साहा, मुख्य महाप्रबंधक आर के बिसारे, मुख्य महाप्रबंधक उन्मेष भारद्वाज एवं मुख्य महाप्रबंधक प्रणय कुमार सहित सम्बन्धित विभागों के महाप्रबंधकों के साथ, गुणवत्ता सुधार हेतु व्यापक अनुरक्षण कार्य के विभिन्न गतिविधियों का बारीकी से अवलोकन कर उसका निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने, आने वाले समय में दोनों स्टैंड की उपयोगिता को बरक़रार रखने हेतु, आवश्यक कदम उठाने की प्रेरणा दी। इस दौरान मुख्य महाप्रबंधक आर के बिसारे ने उन्हें समस्त अनुरक्षण कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। उपरोक्त सारे कार्यों के बाद प्लेट की उत्पादन प्रक्रिया में उन्नति होगी एवं गुणवत्ता में सुधार होगा।

# सभी राशन कार्ड का नवीनीकरण किया जाना आवश्यक



**भिलाई, 9 फरवरी।** शासन द्वारा जारी सभी तरह के राशन कार्ड का नवीनीकरण किया जाना आवश्यक है। नवीनीकरण का कार्य 15 फरवरी तक किया जाएगा, जिसके लिए हितग्राही को उचित मूल्य दुकान में अथवा खाद्य विभाग के वेबसाइट में उपलब्ध राशन कार्ड नवीनीकरण एप को अपने एंड्रॉयड मोबाइल में डाउनलोड कर नवीनीकरण का कार्य कर सकते है। नगर पालिक निगम भिलाई सीमा क्षेत्र में जारी ए.पी.एल. राशन कार्ड 43062, सामान्य परिवार तथा बी.पी.एल. श्रेणी के कुल 83746 राशन कार्डधारी परिवार है। जिसमें अंत्योदय कार्ड, निराश्रित कार्ड, अन्नपूर्णा, प्राथमिकता निःशक्तजन के कार्डधारी शामिल है। इसमें गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले 59828 परिवार भी शामिल है। इन सभी राशन कार्डधारी हितग्राहियों को अपने राशन कार्ड का नवीनीकरण करना होगा। कुल 126868 राशन कार्ड में से अभी तक 46200 कार्ड का नवीनीकरण किया जा चुका है तथा 80606 अभी भी शेष है। जिसे 15 फरवरी तक पूर्ण करना होगा। जिसके लिए निगम भिलाई द्वारा मुनादी करा कर लोगो को जागरूक किया जा रहा है।कैसे होगा नवीनीकरण-राशन कार्ड नवीनीकरण के लिए हितग्राही 2 विकल्प के माध्यम से आवेदन कर सकते है। हितग्राही द्वारा सीधे आवेदन करने के लिए खाद्य विभाग के वेबसाइट में उपलब्ध राशन कार्ड नवीनीकरण के नाम एप को अपने एंड्रॉयड मोबाइल फोन में डाउनलोड कर राशन कार्ड में उपलब्ध क्यूआर कोड को स्कैन कर आवेदन प्रस्तुत कर सकते है अथवा उचित मूल्य दुकान संचालक के टेबलेट में एप के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। साथ ही हितग्राही संचालक खाद्य के नाम पर लिखित आवेदन भी उचित मूल्य दुकान में प्रस्तुत करेगें। राशन कार्ड के नवीनीकरण हेतु प्रस्तुत करने के 30 दिवस के भीतर निकाय के माध्यम से राशन कार्ड प्राप्त होगा। ए.पी.एल. कार्ड के लिए 10 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। शेष सभी राशन कार्ड का नवीनीकरण निःशुल्क किया जायेगा। नये राशन कार्ड प्राप्त करते समय पुराने राशन कार्ड को जमा करना होगा। शासन के निर्देश को उचित मूल्य दुकान के संचालको द्वारा पालन कराने के लिए जिला खाद्य नियंत्रक ने निगम सभागार में बैठक आहूत कर दुकानदारों का सख्त हिदायत दी है कि सम्पूर्ण राशन कार्ड का नवीनीकरण समय सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

# पीएम मोदी ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं बनाई हैं : गीता घासी साहू

राजनांदगाँव। राजनांदगाँव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ग्राम नाडेकल विकासखंड मोहला में विभागीय ज़िला स्तरीय महिला स्व. सहायता समूह सशक्तिकरण शक्ति वंदन अभियान में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई । कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया। मुख्य अतिथि राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाए लागू किया है.



जिनका लाभ सीधे हितग्राहियों को मिल रहा है। आज नारी शक्ति सभी क्षेत्रों में अग्रणी हो गई है. महिलाओं को केंद्र सरकार की अनेक योजनाओं का लाभ मिल रही है। अध्यक्ष गीता घासी साहू ने आगे कहा कि निश्चित रूप से नारी सशक्त हो गई है। तकनीकी के क्षेत्र में भी वह काफी आगे बढ़ चुकी है। किरण बेदी, कल्पना चावला, सुनीता विलियम्स, मदर टेरेसा,प्रतिभा पाटिल व राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू जैसी नारियां आधुनिक युग की नारियों की प्रेरणा स्रोत है।अब की नारियां रसोई के करछुल से संसद तक संभाल रही है. राष्ट्रपति पद पर महिला का आसीन होना इस बात को प्रमाणित करता है कि बौद्धिक व निर्णय क्षमता में नारियो ने अपना लोहा मनवा लिया है। अब नारियां घर पर रहकर देवी की तरह अपनी पूजा नहीं चाहती वह पुरुष के बराबर खड़ी होकर कंधे से कंधा मिलकर काम करना चाहती है और समाज में अपना स्थान और अपनी एक पहचान चाहती है उन्होंने आगे कहा कि नारी अपने आप में शक्तिशाली है इस नारी को सम्मानित करना हमारा परम कर्तव्य है। जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू एवं उपस्थित अन्य अतिथियो ने नारी शक्ति को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नम्रता सिंह, योगेश भगत, कमलेश सारस्वत,राधिका अंधारे, वीरेंद्र मासिया,रेणुका टांडिया, संगीता मिश्रा, बसंता बाई, रागिनी सोरी, भारती माहौर,किरण मांडवी, भगत राम भुआर्य,सतीश दुबे,हेमंत ठाकुर, प्रियमदा रामटेके,कल्पना वाल्दे, संतराम हिडामें, महेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## महतारी वंदन योजना फार्म जमा करने 6 स्थलों पर बनाये गये काउंटर



भिलाई, 9 फरवरी। महतारी वंदन योजना का आवेदन निगम द्वारा बनाये गये 6 काउंटर में तेजगति से जमा किया जा रहा है। जिसकी प्रगति एवं व्यवस्था को देखने महिला बाल विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सचिव शम्मी आबदी, एवं संचालक तुबिका प्रजापति शिवाजी नगर खुर्सीपार जोन-4 कार्यालय में लगे काउंटर का निरीक्षण करने पहुँची और व्यवस्था देखकर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओं को आवेदन जमा करने में कोई असुविधा न हो।

उन्होने आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव से कहा कि जमा किये जा रहे फार्म की नम्बरिंग एवं पंजीकरण करना आवश्यक होगा तथा आवेदनो की आनलाईन प्रविष्टि का कार्य भी साथ साथ प्रारंभ हो। 20 फरवरी तक प्राप्त आवेदनो का प्रविष्टि कर दावा आपत्ति का प्रकाशन पश्चात अनंतिम सूची जारी किया जायेगा। सचिव ने इस बाद का विशेष ध्यान रखने को कहा कि आवेदन के साथ बैंक खाते की छायाप्रति जमा कि जा रही है वह अनिवार्य रूप से आधार से लिंक हो, आवेदन के साथ प्राप्त हितग्राहियों के सभी दस्तावेज सुरक्षित रहे यह भी सुनिश्चित कर लिया जाये। उन्होने जानकारी देते हुए बताया कि योजना का आवेदन पूर्णतः निःशुल्क है। आवेदनों का ऑनलाइन अपलोड करने के लिए फर्जी वेबसाइट की भी शिकायत सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित हो रही है महिलाओं को इस तरह के धोखाधडी से बचना होगा। निरीक्षण के दौरान योजना के नोडल अधिकारी प्रीति सिंह, जोन आयुक्त पूजा पिल्ले, जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय शर्मा परियोजना अधिकारी शिल्पा तिवारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# मोदी जी की हर गारंटी को पूरा करेंगे: मुख्यमंत्री विष्णु देव साय



**रायपुर, 9 फरवरी।** छत्तीसगढ़ विधानसभामें राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन द्वारा बजट सत्र के शुभारंभ के अवसर पर दिए गए अभिभाषण पर आज चर्चा के बाद राज्यपाल महोदय के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन पारित कर दिया गया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राज्यपाल महोदय के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए कहा कि हमने प्रदेश में सुशासन की स्थापना का संकल्प लिया है। हम छत्तीसगढ़ की जनता के जीवन में खुशहाली और समृद्ध लाने के लिए मोदी जी हर गारंटी को पूरा करेंगे। हमारी पहली प्राथमिकता जीर्ण-शीर्ण हो चुके प्रदेश के वित्तीय-ढांचे को फिर से मजबूत करने और फिर से कुशल वित्तीय प्रबंधन की स्थापना करने की होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकार ने हमें विरासत में खाली खजाना और भारी कर्ज सौंपा है। अपने बड़े लक्ष्यों को हासिल करने के लिए संसाधनों का इंतजाम हमारे सामने बड़ी चुनौती हो सकती थी, लेकिन जनता-जनार्दन के आशीर्वाद, विश्वास, समर्थन और सहयोग से ऐसी तमाम तरह की चुनौतियों पर विजय पाने में हम कामयाब हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का फोकस किसानों, महिलाओं, गरीबों और युवाओं पर रहा है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के समग्र विकास के लिए जो गारंटियां दी हैं, उनका फोकस भी मुख्य रूप से इन्हीं वर्गों पर है। प्रदेश के प्रत्येक नागरिक केसुविधाओं में बढ़ोतरी करना, सामाजिक और भौतिक विकास में तेजी लाने के लिए अधोसंरचनाओं का निर्माण करना, शिक्षा, चिकित्सा, संस्कृति, संस्कार, रोजगार, व्यापार जैसे क्षेत्रों में प्राथमिकता के साथ राज्य सरकार काम करेगी। मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की उपलब्धियों, योजनाओं और नीतियों का विस्तार से उल्लेख करते हुए कहा कि नवा रायपुर में मध्यभारत इनोवेशन हब बनाने की दिशा में तैयारियां शुरू कर दी गई है। इस इनोवेशन हब के जरिए लाखों की संख्या में रोजगार के नये अवसरों का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि हम राजिम को फिर से देश के मानचित्र पर महत्वपूर्ण तीर्थ के रूप में पहचान दिलाएंगे। राजिम कुंभ के आयोजन की परंपरा को फिर शुरू करेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने विकसित-भारत के निर्माण और भारत को दुनिया की तीन बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल करने का लक्ष्य देश के सामने रखा है। इन लक्ष्यों को हासिल करने में छत्तीसगढ़ की भी महत्वपूर्ण भागीदारी होगी। छत्तीसगढ़ सरकार के वित्तीय वर्ष 2023-24 के दूसरे अनुपूरक बजट का उद्देश्य मोदी जी की गारंटियों के क्रियान्वयन की शुरुआत करना था, तीसरा अनुपूरक बजट शुरू हो चुके काम को आगे बढ़ाने तथा गति देने के लिए प्रस्तुत किया गया था। इसी सत्र में वर्ष 2024-25 के लिए हमारी सरकार पहला मुख्य बजट प्रस्तुत करने जा रही है, जो अनेक मायनों में ऐतिहासिक बजट होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित-छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए हम केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक पहुंचाने के लिए युद्धस्तर पर काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री जी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की नीति के अनुरूप उन्होंने सभी वर्ग के लोगों के कल्याण के लिए कार्यक्रम और योजनाएं लागू करने की गारंटी दी है, जिसे हम पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि जब कोई सरकार नेक-नीयती और ईमानदारी के साथ काम करती है, तब जनता-जनार्दन दिल खोलकर आशीर्वाद देती है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मोदी जी की गारंटियों को पूरा करने के क्रम में शपथ-ग्रहण के दूसरे ही दिन कैबिनेट की पहली ही बैठक में 18 लाख परिवारों के आवासों के निर्माण के लिए हमारी सरकार ने स्वीकृति दे दी थी। विधानसभा में दूसरा अनुपूरक बजट प्रस्तुत कर आवासों के निर्माण के लिए 3799 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान पारित कराया गया था।

## एक नजर

### 10 से 15 फरवरी तक फाइलेरिया से बचाव के लिए मुफ्त में दवा खिलाई जाएगी

**डोंगरगढ़ 9 फरवरी।** समस्त नगरीय निकाय वासियों से अपील की जाती है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिनांक 10 फरवरी से 15 फरवरी तक फाइलेरिया हाथी पांव जैसी गंभीर बिमारी से बचाव के लिए मुफ्त में दवा खिलाई जाएगी, जिसमें दो वर्ष से अधिक सभी आयु वर्ग के व्यक्तियो को दवा का सेवन करना है। सभी व्यक्ति अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र में जाकर हाथी पांव से बचाव की दवा का सेवन करें तथा स्कूलों में अपने बच्चों को हाथी पांव से बचाव की दवा का सेवन अवश्य करवाए और हाथी पांव जैसी गंभीर बीमारी से अपने परिवार को बचाएं यह दवा पूर्ण रूप से सुरक्षित है।

### एचडीएफसी बैंक ने पहले सस्टेनेबल फाइनेंस बांड इश्यू के जरिए 300 मिलियन डॉलर जुटाए

**रायपुर 9 फरवरी।** एचडीएफसी बैंक लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसने अपने पहले सस्टेनेबल फाइनेंस बांड इश्यू के माध्यम से 300 मिलियन डॉलर जुटाए हैं। यह रेगुलेशन एस बॉन्ड्स के जरिए जुटाए गए 750 मिलियन डॉलर का हिस्सा है। जबकि यूएस ट्रेजरी में 95 बेसिस प्वाइंट्स के प्रसार के साथ तीन साल की अवधि के लिए 300 मिलियन डॉलर जुटाए गए हैं, यूएस ट्रेजरी पर 108 बेसिस प्वाइंट्स के प्रसार के साथ 5 साल की अवधि के लिए अन्य 450 मिलियन डॉलर जुटाए गए हैं। ये किसी भारतीय जारीकर्ता द्वारा तीन साल के सस्टेनेबल बांड और यूएसडी रेग एस जारी करने के समान आकार के लिए पांच साल के सीनियर अनसिक्योर्ड बांड के लिए हासिल किया गया सबसे सख्त केडिट स्प्रेड हैं। सस्टेनेबल फाइनेंस बांड की आय का उपयोग सस्टेनेबल फाइनेस के अनुसार ग्रीन और सोशल लोन्स के फाइनेंस के लिए किया जाएगा, जबकि शेष आय सामान्य बैंकिंग गतिविधियों के फाइनेंसिंग के लिए जाएगी।

### ग्रीष्म ॠतु में जलजनित रोगो की रोकथाम के लिए कार्रवाई के दिए निर्देश

**रायपुर 9 फरवरी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के आदेशानुसार एवं उपमुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरूण साव के निर्देशानुसार रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर रायपुर नगर पालिक निगम द्वारा समय - समय पर विविध जनकल्याणकारी कार्यक्रमों एवं योजनाओं का जनकल्याणार्थ क्रियान्वयन तेजी के साथ प्रगति पर है। नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम के सभी 10 जोनो के जोन कमिश्नरों को ग्रीष्म ॠतु में जलजनित रोगो की रोकथाम हेतु छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय के निर्देश के परिपालन में आवश्यक कदम प्राथमिकता से उठाने के निर्देश दिये है। आयुक्त ने निर्देशित किया है कि शहर में स्थापित उच्चस्तरीय जलागार एवं सम्पवेल का सिल्ट सफाई एवं डिसइंफेक्शन का कार्य दिनांक 15.02.2024 तक अनिवार्य रूप से किया जाना सुनिश्चित करें, साथ ही किये गये सफाई दिनांक का उल्लेख जल टंकियों, सम्पवेल में अनिवार्य से कराया जाये।

### खुज्जी विधायक ने विधानसभा सत्र में आपदा क्षतिपूर्ति राशि की रखी मांग

**छूरिया 9 फरवरी।** विधानसभा क्षेत्र के विधायक भोलाराम साहू ने विधानसभा सत्र में



राजनांदगांव जिले में सड़क दुर्घटना,तालाब में डूबने से, कीट प्रकोप से एवं अन्य आपदाओं के बारे में विधानसभा सत्र में कहा कि वर्ष 2021-22 से 31 दिसंबर 2023 तक का जवाब में दिया है कि इसमें 258 व्यक्तियों के परिजनों को क्षतिपूर्ति की राशि अभी तक लंबित है आप यह बता दीजिए कि इस लंबित प्रकरण का जिम्मेदार कौन है? और आप इस पर क्या कार्रवाई करेंगे, प्रकरण आज तक तैयार नहीं किया गया है क्या इसकी कोई समय सीमा है। खुज्जी विधायक भोलाराम साहू के मांगों पर जवाब देते हुए कहा कि अध्यक्ष महोदय 258 व्यक्ति जिनका अभी क्षतिपूर्ति की राशि नहीं दी गई है इसको शीघ्र ही दे दिया जाएगा. यह मांग पत्र सामान्य प्रशासन विभाग को भेजा गया है जैसे ही राशि आएगी उनको क्षतिपूर्ति राशि मिल जाएगी।

### सुरगी पुलिस ने मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला को कियासकुशल परिजनों के सुपुर्द



**राजनांदगांव 9 फरवरी।** 8 फरवरी की रात्रि करीबन 08ः00 बजे पुलिस चौकी सुरगी क्षेत्र अंतर्गत राजाराम मेज फैक्ट्री भोथीपार के पास एक मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला होने की सूचना मिलने पर तत्काल चौकी प्रभारी सुरगी निरीक्षक पुरुषोत्तम ध्रुव मौके पर महिला स्टाफ के साथ रवाना हुआ, जहां मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला से पूछताछ करने पर अपनी टूटी-फूटी भाषा में अपना नाम सुशीला बाई एवं थाना घुमका क्षेत्र के ग्राम हरडुआ गांव की रहने वाली बताई, मामला महिला संबंधी होने से श्रीमान पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल के मार्गदर्शन में थाना घुमका से संपर्क कर उनके परिजनों का तस्दीक किया गया एवं सकुशल महिला स्टाफ के साथ उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया ! उक्त कार्यवाही में निरीक्षक पुरुषोत्तम ध्रुव, स.उ.नि. हेमंत कुमार बोरकर, म.आर. 1516 सरिता नेताम एवं आर. 1092 चंद्रकांत यादव का कार्य सराहनीय रहा !

## डोंगरगढ़ पुलिस ने की अवैध मवेशी तस्करी पर कार्रवाई

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 9 फरवरी।** पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग सर के द्वारा जिला में अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने हेतु जिले के सभी थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर अवैध कार्यों पर लगाम लगाने हेतु आदेशित किया गया है साथ ही जिले के ग्रामों में ग्रामीणों के बीच पंहूचकर ग्रामीणों से अवैध शराब बिक्री, अवैध कारोबार, अवैध परिवहनों एवं अन्य अवैध गतिविधियों के संबंध में सूचना मिलने पर पुलिस को सूचना देने एवं सहयोग करने की अपील किया जा रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप दिनांक-08.02.2024 के रात्रि करीबन 01:00 बजे ट्रक क्रमांक- ब्ळ 04 छज्ञ 9681 के चालक द्वारा ट्रक में अवैध रूप से मवेशियों को ठुस-ठुस कर निर्दयता पुर्वक भरकर कत्लखाना धमधा की ओर से डोंगरगढ़ होते हुये नागपुर ले जा रहे है कि सूचना पर प्रार्थी भारत साहू पिता बल्लू राम साहू उम्र- 23 साल साकिन मुरमुंदा थाना कुम्हारी जिला दुर्ग छ0ग0 के द्वारा पुलिस को नाकाबंदी करने की सूचना देकर स्वयं अपने दोस्तों के साथ दुर्ग से ग्राम



देवकट्टा थाना डोंगरगढ़ मेन रोड में आकर ट्रक को रूकवाने का कोशिश किया जो ट्रक क्रमांक- ब्ळ 04 छज्ञ 9681 के चालक द्वारा ट्रक वाहन को भगाते हुये डोंगरगढ़ की ओर ले जा रहा था तब ग्राम कलकसा पुलिया के पास ग्रामीणों द्वारा एक अज्ञात ट्रक को आड़ा कर लगा दिया तब ट्रक क्रमांक- ब्ळ 04 छज्ञ 9681 के चालक ट्रक को रोककर ट्रक से कुद कर भाग गया ट्रक को चेक करने पर ट्रक में अवैध रूप से कमजोर मवेशियों को बिना चारा पानी दिये ठुस-ठुसकर निर्दयता पूर्वक कुल 34 नग मवेशियों से भरा हुआ मिला ट्रक क्रमांक- ब्ळ 04 छज्ञ 9681 के चालक द्वारा अपने वाहन में मवेशियों को बिना चारा पानी दिये ठुस-ठुसकर निर्दयता पुर्वक भरकर कत्लखाना नागपुर ले जा रहे थे जिसकी सूचना प्रार्थी द्वारा थाना डोंगरगढ़ को देने पर वैधानिक कार्यवाही करते हुये कुल 34 नग मवेशी कीमती करीबन 68000/-रू0 एवं ट्रक क्रमांक- ब्ळ 04 छज्ञ 9681 कीमती लगभग 700000/-रू0 जुमला किमती- 768000/-रू0 को जप्त कर ट्रक क्रमांक- ब्ळ 04 छज्ञ 9681 के अज्ञात चालक के विरूद्ध धारा- पशु क्ररुता अधिनियम, छ0ग0 कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम, छ0ग0 पशु परिवहन अधिनियम के तहत कार्यवाही कर अज्ञात फरार आरोपी का पता तलाश किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा।

## राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के प्रदेश कार्यालय का उद्घाटन

**रायपुर 9 फरवरी।** 7 फरवरी को लाभांडी रायपुर में राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के प्रदेश कार्यालय भव्य रूप से उद्घाटन विधि पूर्वक परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी के छायाचित्र पर दीप जलाकर एवं फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन लखमू राम टंडन के करकमलों से संपन्न किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मान्य लखमू राम टंडन राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रदेश के सभी पदाधिकारी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी । और अपने उद्बोधन में कहा कि आगामी इस वर्ष के 2024 के लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ के 11 सीटों पर प्रत्याशी खड़ा किया जावेगा। जिसमें छत्तीसगढ़ के मूलभूत आवश्यक मुद्दों को देश के संसद में आवाज उठा सके। विशेष कर अनुसूचित क्षेत्रों में तथा मैदानी हिस्सों में बड़े पैमाने पर बेरोजगारी है ,पिछड़ापन है ,विकाश से कोसो दूर है, शिक्षा, स्वास्थ्य ,रोजगार ,कारोबार से अभी भी छत्तीसगढ़ में पूंजीपति वादी दलों के शासन सत्ता में रहने के कारण छत्तीसगढ़ वासियों के हित में विकाश नहीं हो रहा है। आगे कहा कि राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के संगठन को पोलिंग बूथ स्तर तक पदाधिकारी गठन करने के निर्देश भी किया गया । जिससे चुनाव के समय बेहतर परिणाम आ सके । आम नागरिकों के साथ सतत संपर्क बनाना जन समस्याओं को शासन प्रशासन के जानकारी लाने के लिए त्वारित निदान किया जा सके।



तथा प्रदेश के सभी जिलों से पहुंचे पदाधिकारी गण एड कमल बांधे जिला अध्यक्ष कवर्धा , मा0 कुलेश्वर कुर्रे जिला अध्यक्ष बेमेतरा, जन्मेजय महिलांगे जिला अध्यक्ष धमतरी ,मा रमाकांत पोया जिला महासचिव महेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर ,भगवान सिंह टेकाम ब्लॉक अध्यक्ष खडगावा एवं शत्रुघ्न बारले ब्लॉक अध्यक्ष आरंग, महासेन लहरे ब्लॉक अध्यक्ष महासमुंद ,चेतराम चतुर्वेदी, आकाश चंद्राकर ,भूपेश चंद्राकर आरंग,सतराम आडिल लाभांडी, लाखन सिंह आडिल, पुरान मरकाम कोरमाती, दानेश मारकंडे पाटन, एल आर टंडन जिला महासचिव, सैकड़ों की संख्या में राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सड़क पर निर्माण सामग्री मिली तो होगी कार्रवाई, कलेक्टर का निर्देश

**रायपुर 9 फरवरी।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने आज रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक श्री अबिनाश मिश्रा के साथ बैठक लेकर प्रगतिरत योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कार्य एजेंसियों से कहा है कि तय समय सीमा में सभी कार्य पूरे कर लिए जाए। उन्होंने स्मार्ट सिटी अधिकारियों से कहा है कि प्रत्येक सप्ताह समय सीमा की बैठक में कार्य की प्रगति की अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित होकर ब्रीफ करें। उन्होंने यह भी कहा है कि किसी भी कार्य की गुणवत्ता में कमी पाई गई, तो विधि अनुरूप सख्त कार्यवाही होगी। कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने सभी परियोजनाओं के प्रगति की जानकारी ली, साथ ही कार्य एजेंसियों से विलंब के कारणों को जानना चाहा। अंतर्विभागीय समन्वय के कार्यों के संबंध में उन्होंने संबंधित विभाग से फोन पर स्वयं चर्चा कर अवरोध को दूर किया, साथ ही एजेंसियों से स्पष्ट तौर पर कहा कि किसी भी प्रोजेक्ट की मियाद नहीं बढ़ाई जाएगी एवं प्रोजेक्ट निर्धारित समय पर पूरे किए जाए। स्मार्ट सिटी के अधिकारियों व इंजीनियरों से भी उन्होंने कहा कि पर्यवेक्षण इस तरह से करें कि कार्य में आने वाली कोई रूकावट तत्काल विभागीय समन्वय से दूर किया जा सकें एवं समय सीमा में गुणवत्ता के साथ योजनाओं का संपूर्ण लाभ आम नागरिकों को मिल सकें। उन्होंने कार्य एजेंसियों से कहा है कि निर्माण सामग्रियां प्रोजेक्ट के भीतर ही रखे जाए और सड़कों पर फैलाकर यातायात को बाधा न पहुंचाए। उन्होंने नगर निगम से भी कहा है कि सड़क या सार्वजनिक स्थल पर रखी सामग्रियों को जब्त करें, साथ ही निर्माण के दौरान निकलने वाले मलबे के प्रबंधन की दिशा में पहल भी करें। बैठक में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी श्री उज्जवल पोरवाल, महाप्रबंधक (ई. एंड टी.) श्री पी.के. पंचायती, उप प्रबंधक संजय अग्रवाल , अमित मिश्रा , शुभम् तिवारी , नेहा पटेल , योगेन्द्र साहू सहित स्मार्ट सिटी के अधिकारी सभी एजेंसी प्रमुख उपस्थित थे।

## कलकसा के पास कट्टीपार जा रही गायों से भरी ट्रक पकड़ाई

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 9 फरवरी।** बॉर्डर एरिया में रात के अंधेरे में जानवरों की तस्करी पुलिस विभाग के लिए चायलेंज बन कर रह गई है । अनु विभाग के अंतर्गत आने वाले बॉर्डर एरिया के चारों चौकीयो में आय दिन ऐसे मामले देखे जाते है। जिसमें बड़े-बड़े वाहनों पर मानवता को तार तार करते हुए ये तस्कर मुखबधिर जानवरों की तस्करी करने से बाज नहीं आते। स्थानीय स्तर पर देखा जाए तो महीने में एक से दो ऐसे मामले बिल्कुल इस क्षेत्र में सामने आ जाते हैं जब इन तस्करो की गाड़ी ख़राब हो जाने पर वें उस स्थान पर गाड़ी छोड़ रफु चकर हो जाते है। परन्तु तस्करी नही छोड़ते। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच विवेचना कर बरामद की गई गायों को गौशाला पहुंचा देती है। गुरुवार सुबह 4 बजे के करीब ऐसा ही



मामला सामने आया जिसमें पुलिस की माने तो अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा यह सूचना दी गई थी की ट्रक से भरी गायों की खेप बॉर्डर एरिया पार करने वाली है। जिसमें देर रात पुलिस के द्वारा सर्चिंग तेज कर दी गई थी। इस दौरान पुलिस का मालूम चला कि बाहर के कुछ युवकों के द्वारा एक ट्रक गायों से लदा हुआ कलकसा के पास पकड़ा गया है। जिसके पास पुलिस मौके पर पहुंची तो ट्रक के ड्राइवर वह कंडक्टर फरार हो चुके थे ।112 टीम के द्वारा इस ट्रक को डोंगरगढ़ तक लाया गया। वहीं पुलिस ने मामले के विषय में बताया की गायों से भरी ट्रक में कुल 41गाये बरामद की गई है इन 41 में से 2 की मृत्यु हो चुकी थी। बाकी के गायों को स्थानीय गौशाला में भेजा गया है। वही अज्ञात आरोपी फरार बताये जा रहे हैं।

### कार्यक्रम में केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ लेने वार्डवासियों को दी गई विस्तृत जानकारी

## विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने किया शुभारंभ

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 9 फरवरी।** केन्द्र एवं राज्य सरकारी की योजनाओं को आमजनों तक पहुचाकर उसका लाभ देने विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ की गयी है, यात्रा का प्रमुख उद्देश्य शासन प्रशासन आपके जनदीक आकर आपकी बातो को सुने और आप जो आवेदन देंगे उसका निराकरण करना है। कुछ काम जल्द होगे और कुछ काम में समय लगेगा, लेकिन आपको योजना का लाभ देना यात्रा का मुख्य उद्देश्य है। उक्त उदगार पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव ने विकसित भारत संकल्प यात्रा द्वितीय चरण के लिये मोतीपुर स्कूल मैदान में आयोजित प्रथम शिविर के शुभारंभ अवसर पर दिये। उन्होंने कहा कि शासन की योजना जैसे प्रधानमंत्री आवस योजना, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, महतारी वंदन योजना का लाभ आपको देने शिविर लगाया जा रहा है तथा जिनके द्वारा केन्द्र सरकार की योजना का लाभ लिया गया है, वे अपने अनुभव भी साझा कर रहे है। उन्होंने कहा कि आप जो भी योजना का लाभ लेने आवेदन करे उसमें पूरी जानकारी देवे, ताकि परीक्षण में कोई भी दिक्कत न हो और समय सीमा में आपको योजना का लाभ मिल सके।



भारत सरकार की योजनाओं से नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से निकली विकसित भारत संकल्प यात्रा द्वितीय चरण की मोबाईल वेन आज नगर निगम सीमा क्षेत्र में पहुंची। वेन के माध्यम से केन्द्र शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और योजनाओं का लाभ देने आज प्रथम शिविर प्रातः मोतीपुर स्कूल मैदान में लगाया गया।

शिविर का प्रारंभ पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव, नेताप्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, पार्षद टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा व श्री कमलेश बंधे, पूर्व नामांकित पार्षद श्री सावन वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि श्री मोन्टू यादव सहित निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने छत्तीसगढ़ महतारी की तैलचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया तथा छत्तीसगढ़ राजगीत के माध्यम से शिविर का शुभारंभ हुआ। शुभारंभ के पूर्व कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके, प्र.कार्यपालन अभियंता श्री कामना सिंह यादव, सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम, राजस्व अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। स्वागत पश्चात अतिथियों ने फिता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद श्री यादव ने हितग्राहियों से मुलाकात कर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने उपस्थित जनों को संकल्प दिलाई, और सभी विभाग द्वारा लगाये गये स्टालो का अवलोकन किया। साथ ही अतिथियों द्वारा मोबाईल वेन का स्वागत किया गया, वेन के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के वाचन तथा चलचित्र के माध्यम से विकसित भारत के उद्देश्य की समान्य जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में स्वागत उदबोधन देते हुये आयुक्त श्री गुप्ता ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर के संबंध में जानकारी देते हुये केन्द्र सरकार की योजनाओं एवं उसके लाभ के बारे में क्रमवार जानकारी दिये।

## समाचार संक्षेप

### एसबीआई के एटीएम में देर रात मंद बुद्धि ने की तोड़फोड़




**डोंगरगढ़ 9 फरवरी।** शहर के जयस्तंभ चौक पर स्थित एसबीआई के एटीएम में बुधवार रात एक अज्ञात व्यक्ति के द्वारा तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया गया । स्थानीय लोगों की माने तो देर रात 10 से 11 के बीच जयस्तंभ चौक में सुनसान माहौल देखते हुए एक मन बुद्धि व्यक्ति चिल्लाते हुए एटीएम मशीन में पत्थरों से कई बार हमला किया।जिसमें बताया जाता है कि इस घटना में एटीएम के कई वस्तुओं को नुकसान पहुंचा है। वहीं पुलिस की माने तो इस घटना के बाद जांच के दौरान सीसीटीवी कैमरे में एक अज्ञात पागल के द्वारा ऐसी घटना को अंजाम देना देखा गया है। जिसे पुलिस विभाग अब घटना को नजरअंदाज कर रहा है। वहीं स्थानीय व्यापारियों ने इस घटना पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि। मुख्य मार्केट में ऐसी घटनाएं होना बैंक विभागों के लिए प्रश्न चिन्ह खड़ा कर रहा है। जहां एक ओर प्राइवेट बैंकों के एटीएम में हर वक्त सुरक्षा बलों का पहरा रहता है वही सरकारी बैंकों के एटीएम भगवान भरोसे हैं। बीते कुछ माह पूर्व ही इन सरकारी एटीएम में चोरी की घटनाओं का अंजाम देने का चोरो के द्वारा हर संभव प्रयास किये जाने की कई घटनाये देखी जा चुकी है। उसके बावजूद भी बैंक प्रशासन का ऐसी घटनाओ पर कोई ठोस कदम नहीं उठाना। बैंक अधिकारियों की लापरवाही दर्शा रहा है ।

### निगम ने ब्रम्हदेईपारा स्लम, खमतराई बाजार,बस्ती की सफाई व्यवस्था देखी

**रायपुर 9 फरवरी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के आदेशानुसार एवं उपमुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरूण साव के निर्देशानुसार रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के दिशा- निर्देशन में नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर नगर पालिक निगम रायपुर एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के माध्यम से राजधानी शहर की सफाई व्यवस्था को सुधारने एवं शहर की स्वच्छता रैंकिंग और बेहत्तर बनाने की दृष्टि से स्वच्छता अभियान निरन्तर जारी है। स्वच्छता अभियान का प्रतिदिन सुबह नियमित रूप से नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा सहित अपर आयुक्तगण, उपायुक्त स्वास्थ्य, सभी जोन कमिश्नरगण , कार्यपालन अभियंतागण , जोन स्वास्थ्य अधिकारीगण विभिन्न वार्डों के भिन्न स्थानों पर निरीक्षण कर सफाई कार्य करवा रहे हैं एवं सफाई संबंधी जनशिकायतों का राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की लोकहितकारी मंशा के अनुरूप त्वरित निदान करवाने का कार्य कर रहे है। आज नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम जोन 1 के वीर शिवाजी वार्ड क्रमांक 16 के क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण वार्ड पार्षद प्रतिनिधि श्री गज्जू साहू, जोन 1 जोन कमिश्नर श्री एनआर चंद्राकर, कार्यपालन अभियंता श्री गजाराम कंवर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री खेमलाल देवांगन सहित संबंधित जोन अधिकारियों की उपस्थिति में किया ।आयुक्त ने वार्ड क्रमांक 16 के क्षेत्र में ब्रम्हदेईपारा स्लम बस्ती, खमतराई बाजार, खमतराई बस्ती एवं वहां सुलभ शौचालय , सार्वजनिक मूत्रालय की जनसुविधा की दृष्टि से सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। आयुक्त ने ब्रम्हदेईपारा स्लम बस्ती में जल का भराव होने की जनसमस्या को दूर करने वहां कच्चा नाला के स्थान पर पक्का बड़ा नाला शीघ्र बनवाने प्रस्ताव गन्दे पानी की निकासी का स्लम बस्ती क्षेत्र में सुगमता से प्रबंधन करने की दृष्टि से तैयार करवाकर शीघ्र भेजना सुनिश्चित करने के निर्देश जोन 1 जोन कमिश्नर एवं कार्यपालन अभियन्ता को दिये है। आयुक्त ने खमतराई बाजार की सफाई व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया है एवं नागरिको को बाजार क्षेत्र में सुव्यवस्थित सफाई प्रबंधन दिलवाना एवं नागरिको में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने का कार्य राज्य शासन की मंशा अनुरूप करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है।

### महतारी वंदन योजना के डोंगरगांव ब्लॉक में अब तक 19293 आवेदन प्राप्त हुए

**डोंगरगांव 9 फरवरी।** महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में महतारी वंदन योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में दिनांक 08 फरवरी को पात्र हितग्राहियों से जनपद पंचायत डोंगरगांव क्षेत्र से कुल 6408 तथा नगर



पंचायत क्षेत्र अंतर्गत 559 आवेदन पत्र जमा किए गए। इस प्रकार आज दिनांक तक डोंगरगांव ब्लॉक में योजना अंतर्गत कुल 19293 आवेदन जमा कर लिए गए हैं। महतारी वंदन योजना अंतर्गत डोंगरगांव ब्लॉक में अनुमानित लक्षित हितग्राहियों की संख्या लगभग पचास हजार है। इसमें से 19293 आवेदन लिए जा चुके हैं। आने वाले दिनों में आवेदनों की संख्या और बढ़ेगी तथा शीघ्र ही लक्ष्य पूर्ण होने की संभावना है। योजना के क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन द्वारा निशुल्क आवेदन पत्र तथा स्वघोषणा पत्र उपलब्ध कराया जा रहा है। लक्षित पचास हजार हितग्राहियों के विरुद्ध चालीस हजार से अधिक आवेदन पत्र ग्राम पंचायतों तथा नगर पंचायत के विभिन्न वार्डो में उपलब्ध कराया जा चुका है। इन आवेदन पत्रों को पात्र हितग्राहियों को निशुल्क प्रदान किया जा रहा है। महतारी वंदन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ग्राम पंचायतों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक तथा डाटा एंट्री ऑपरेटर की टीम पात्र हितग्राहियों को आवेदन भरने में सहयोग कर रही है तथा उनके आवेदन ले रही है। इसी प्रकार नगर पंचायत क्षेत्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा वार्ड प्रभारी मिलकर योजना का क्रियान्वयन कर रहे हैं। योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के आवेदन 20 फरवरी तक लिए जायेंगे। योजना को लेकर ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

## संपादकीय

# सब देश का है, देश के लोगों के लिए है

केंद्र व राज्य में अलग अलग दलों की सरकार होती है तो कई मुद्दों पर जमकर राजनीति होती है। राजनीति होना बुरी बात नहीं है लेकिन राजनीति ऐसी नहीं होनी चाहिए कि जिससे देश की एकता प्रभावित हो। लोगों को ऐसा लगे कि देश अलग है और राज्य अलग है। देश के नेतृत्व की तरफ से ऐसा कोई बयान नहीं दिया जाता है जिससे ऐसा लगे कि वह राज्यों को देश से अलग देखता है, ऐसे में राज्य को भी खुद को देश के अलग समझने का कोई बयान नहीं दिया जाना चाहिए। ऐसा कोई बयान नहीं दिया जाना चाहिए जिससे ऐसा लगे कि राज्य खुद को देश के अलग समझ रहा है। हो सकता है कि राज्य के नेतृत्व के बयान या प्रदर्शन का खुद को देश से अलग न बताना हो लेकिन उसके बयान का यह मतलब तो निकाला जा सकता है, ऐसे में ऐसा बयान ही देने से बचना चाहिए। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है। उसने दिल्ली के जंतर मंतर में धरना देकर कोई नया आरोप नहं लगाया है, वही पुराने आरोप हैं कि केंद्र सरकार हमारे साथ भेदभाव करती है,उनके राज्य से 100 रुपए टैक्स जाता है तो केंद्र से राज्य को 12 या 13 रुपए ही मिलता है यानी की केंद्र को राज्य से टैक्स के रूप ज्यादा पैसा मिलता है लेकिन राज्य को वापस कम पैसा मिलता है। कर्नाटक के सीएम यह आंकड़े नही बता रहे हैं कि कांग्रेस के समय राज्य को जितना पैसा मिलता था, आज उससे कम मिल रहा है ज्याादा मिल रहा है। हकीकत यह है कि केंद्र सरकार से कर्नाटक को पहले से ज्यादा पैसा मिल रहा है। लेकिन उसे और ज्यादा पैसों की जरूरत है क्योंकि कर्नाटक कांग्रस ने चुनाव के समय मुफ्त के ऐसे वादे किए हैं जिसे पूरा करने के लिए राज्य सरकार को पैसे कम पड़ते हैं। वह जनता से वादे कर उसे पूरा नहीं कर पा रही है तो वह अपनी असफलता को छिपाने के लिए केंद्र सरकार पर आरोप लगा रही है वह उसका पूरा पैसा नहीं देती है यानी वह राज्य की जनता को यह बताना चाहती है कि हम तो आपको मुफ्त में देना चाहते हैं लेकिन इसके लिए केंद्र सरकार हमको पैसा नहां दे रही है। देश की किसी भी राज्य सरकार को केंद्र से उतना ही पैसा मिल सकता है जितना सभी की सहमति से तय किया गया है। राज्य सरकारें ऐसा सोच सकती हैं कि उनके यहां से ज्यादा टैक्स जाता है तो ज्यादा पैसा मिलना चाहिए लेकिन केंद्र सरकार को तो पूरे देश के राज्यों को देखना है, वह तो ऐसा नहीं कर सकती कि जिस राज्य टैक्स कम आ रहा है उसे कम पैसा दे। केंद्र सरकार के लिए सभी राज्य बराबर हैं। राज्य सरकार भी अपने राज्य के जिलों के साथ ऐसा नहीं कर सकती कि जिस जिले से ज्यादा आय हो रही है, उस जिले का ज्यादा विकास करे और जिस जिले से ज्यादा आय नहीं हो रही है, उस जिले का विकास कम करे। राज्य सरकार सभी जिलों के विकास के लिए सोचती है। इसी तरह केंद्र सरकार भी सभी राज्यों के विकास के लिए सोचती है। पूरा देश एक शरीर के समान है। शरीरे सभी अंगों से मिलकर बना है, यदि पैर में कांटा गड़ जाए तो क्या हाथ यह कह सकता है कि मुझे कांटा थोड़ी न गड़ा है, मैं क्यों निकालूं। दर्द तो शरीर को होता है। इसलिए हाथ कांटा निकालता है। इसी तरह सारे राज्य देश का हिस्सा हैं। देश के लिए तो सभी जरूरी है,उसे तो सभी के बारे में सोचना पड़ता है। राज्य सरकारों को अपना खर्च इतना नहीं बढ़ाना चाहिए कि वह बजट के बाहर हो जाए, उसे जितनी आय होती है, उससे ज्यादा हो जाए। ऐसा होगा तो राज्य सरकार को तकलीफ तो होगी ही। अगर राज्य सरकार अपने खर्च को बढ़ा रही है तो उसे अपनी आय भी तो बढ़ानी होगी। होता यह है कि राज्य सरकारें अपनी आय तो बढ़ाती नहीं है लेकिन चुनाव के बाद चुनाव जीतने के लिए राज्य का खर्च मुफ्त की योजनाएं लागू कर बढ़ाती रहती हैं। कर्नार्टत के सीएम सिध्दारमैया की शिकायत है कि उन्होने से चुनाव मे जनता से वादा किया था कि मुफ्त चावल दिया जाएगा लेकिन केंद्र सरकार ने उसे चावल नहीं दिया। सीधी सी बात है कि कांग्रेस चुनाव में यदि मुफ्त चावल देने का वादा कर रही है तो उसे वादा करते वक्त ही सोचना चाहिए कि चावल कहां से आएगा। उसके लिए पैसा कहां से आएगा। कर्नाटक कांग्रेस ने ऐसा सोचा नहीं और वह जनता को चावल नहीं दे सकी यह उसकी असफलता है, लेकिन वह खुद तो यह नहीं कह सकती कि हम वादा पूरा करने में असफल रहे, इसके लिए केद्र सरकार पर आरोप लगा देती है। यह कर्नाटक का हाल नहीं है गैर भाजपा शासित कई राज्यों का यही हाल है। गलती खुद की है, दोषी केंद्र सरका को बताना है।

# 10 साल की उपलब्धियों का काल बनाम 10 साल अन्याय का काल


विश्लेषण

किशन सनमुखदास भावनानी



वैश्विक स्तरपर दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्र में लोकसभा चुनाव अनुमानित अप्रैल माह में 7-9 चरणों में होने की संभावना लग रही है।इस तरह संसद का अंतिम सत्र बजट सत्र, जिसको एक दिन के लिए बढ़ाया गया है वह 10 फरवरी 2024 को समाप्त होगा, परंतु इस सत्र को ढाल बनाकर पक्ष विपक्ष अपनी अपनी उपलब्धियां व विफलताओं को गिना रहे हैं, जिसमें दोनों पक्षों द्वारा श्वेत पत्र, ब्लैक पेपर के रूप में जारी किया गया है जिसमें 59 पुष्ठ श्वेतपत्र संसद के पटल पर प्रस्तुत किया गया है और उस पर 9 फरवरी 2024 को चर्चा हो रही है। इसकी काट में विपक्ष द्वारा 57 पुष्टि ब्लैक पेपर प्रस्तुत किया गया है जिसमें पिछले 10 वर्षों की विफलताओं को दिखाया गया है चूंकि आज सारा दिन सोशल मीडिया पर 59 पुष्ठ का श्वेत पत्र बनाम 57 पुष्ठ का ब्लैक पेपर छाया रहा, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, लोकसभा चुनाव के पहले ही सरकार और विपक्ष आक्रामक, तेवरों में लड़ाई उपलब्धियों अन्याय काल की गिनाई, संसद से सड़क तक आई। साथियों बात अगर हम श्वेत पत्र बनाम ब्लैक पेपर की करें तो, लोकसभा चुनाव नजदीक है। सरकार चुनाव के लिए तैयार है। सरकार विपक्ष को कोई मौका नहीं देना चाहती पहले ही साफ कर दिया गया था कि सरकार बजट सत्र में श्वेत पत्र लाएगी। इसके जरिए स्पष्ट कर देगी कि सरकार देश में कितना बदलाव लेकर आई। इसका सकारात्मक असर लोकसभा चुनाव पर पड़ सकता है। अंतरिम बजट 2024 पेश करते हुए हाल में वित्त मंत्री ने यूपीए सरकार के दौरान लिए गए आर्थिक निर्णयों और देश पर उसके कारण पड़े दुष्प्रभाव के बारे में बताने के लिए श्वेत पत्र लाने की घोषणा की थी। बजट भाषण में उन्होंने कहा था कि वर्ष 2014 में मोदी सरकार नेबागडोर संभाली थी, उस समय हमने स्टेप-बाय-स्टेप देश की अर्थव्यवस्था को बेहतर करने और शासन प्रणाली को सही रास्ते पर लाने की जिम्मेदारी संभाली थी। तब समय की मांग थी कि निवेश आकर्षित किया जाए, सुधार के लिए समर्थन जुटाया जा सके।सरकार राष्ट्र प्रथम के विश्वास के साथ इस लक्ष्य को हासिल करने में सफल रही, लोकसभा चुनाव के पहले ही सरकार और विपक्ष के तेवर आक्रामक हो चले है। सरकार श्वेत पत्र के जरिए यूपीए सरकार के कार्यकाल का काला चिट्ठा खोलने की तैयारी में है। विपक्ष ने इसका विरोध शुरू कर दिया है। सरकार के श्वेत पत्र के जवाब में पार्टी ने ब्लैक पेपर लाने की बात कही थी। बड़ी पार्टी ने पार्टी के नेताओं के साथ 10 साल अन्याय काल के नाम से ब्लैक पेपर का पोस्टर जारी किया। उन्होंने कहा, पीएम जब संसद में अपनी बात को रखते हैं तो अपनी सफलता को बताते हैं और अपनी असफलताओं को छिपा लेते हैं। सरकार के खिलाफ हम ब्लैक पेपर निकालकर लोगों को जानकारी देंगे। पार्टी के ब्लैक पेपर पर तंज कसते हुए कहा, मैं ब्लैक पेपर का स्वागत करता हूं क्योंकि जब कोई अच्छी बात होती हो काला टीका लगता है। नजर न लगे इसलिए यह जरूरी होता है। ऐसे में सवाल है कि आखिर श्वेत पेपर क्या है, इसे कौन-कौन ला सकता है, सरकार इस समय श्वेत पत्र क्यों ला रही है।

साथियों बात अगर हम दिनांक 8 फरवरी 2024 को माननीय केंद्रीय मंत्री द्वारा श्वेत पत्र संसद के पटल पर रखने की करें तो, केंद्र सरकार ने यूपीए के दस साल के शासनकाल में देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति पर आज संसद में एक श्वेत पत्र जारी कर दिया।59 पेज के इस श्वेत पत्र में केंद्र ,राज्य सरकारों, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और महत्त्वपूर्ण रेटिंग एजेंसियों के आंकड़ों के सहारे यह साबित करने की कोशिश की गई है कि यूपीए के शासनकाल में देश की अर्थव्यवस्था बहुत खराब स्थिति में थी, 15 बड़े घोटालों से देश की अर्थव्यवस्था बेहद खराब स्थिति में पहुंच गई थी, जबकि सरकार के पिछले दस साल के शासनकाल में इसमें बहुत सुधार हुआ है। पार्टी इन आंकड़ों की तुलना करते हुए लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के घोषणा पत्र में महत्त्वपूर्ण दावे कर सकती है हालांकि, यूपीए के शासनकाल पर श्वेत पत्र आने की चर्चा के बीच कांग्रेस ने मोदी सरकार के दस साल के शासनकाल में अर्थव्यवस्था की स्थिति पर ब्लैक पेपर लाकर अपनी चिंताओं को साझा किया है। पार्टी का दावा है कि केंद्र सरकार गलत दावे कर अर्थव्यवस्था की असली स्थिति छिपा रही है।श्वेत पत्र का एक महत्वपूर्ण बिंदु यह भी है कि एनडीए की सरकार के समय भी देश की अर्थव्यवस्था को बेहतर बताया गया है। जबकि दावा है कि कुप्रबंधन के कारण यूपीए केशासनकाल में अर्थव्यवस्था की हालत खराब हुई। दावा यह भी है कि जिस समय दुनिया तेज निवेश से बेहतर विकास कर रही थी, यूपीए के शासनकाल में भारत ने इस अवसर को गंवा दिया।श्वेत पत्र में सिंह सरकार के कामकाज के समय कई घोटालों के होने का आरोप भी लगाया गया है। दावा है कि ऐसे कुप्रबंधन से खराब अर्थव्यवस्था के बीच ने देश की सत्ता संभाली और अर्थव्यवस्था को धीरे-धीरे बेहतर करने में सफलता पाई। कुप्रबंधन के कारण परियोजनाओं की लागत में वृद्धि हुई, जबकि 50 करोड़ बैंक खाते खोलकर सरकार ने बिना किसी भ्रष्टाचार के सहायता राशि शत प्रतिशत लाभार्थियों के खातों में पहुंचाई।श्वेत पत्र के पांचवें पेज पर ही इसे लाने का उद्देश्य भी बता दिया गया है। श्वेत पत्र में कहा गया है कि इसका उद्देश्य केंद्र द्वारा लाई गई नीतियों का जनता पर पड़ने वाले असर को लोगों तक पहुंचाना है। यानी केंद्र सरकार इसके जरिए अपना दस साल का रिपोर्ट कार्ड भी जनता के सामने रखना चाहती है। नीतियों को लाने के पीछे जनहित का उद्देश्य बताया गया है।।इस श्वेत पत्र में कहा गया है, %साल 2014 में अर्थव्यवस्था संकट में थी, तब श्वेतपत्र प्रस्तुत किया जाता तो नकारात्मक स्थिति बन सकती थी और निवेशकों का आत्मविश्वास डगमगा जाता।लोकसभा में पेश किए गए श्वेत पत्र में आगे कहा गया है, %बैंकिंग समस्या यूपी सरकार की सबसे बड़ी नाकामयाबियों में से एक थी. जब अटल बिहारी वाजपेयी की अगुवाई में एनडीए की सरकार बनी तब पब्लिक सेक्टर बैंकों का ग्रॉस एनपीए रेशियो 16.0 पर्सेंट था और जब सरकार का कार्यकाल खत्म हुआ तब यह 7.8 प्रतिशत था. सितंबर 2013 में यह रेशियो बढ़कर 12.3 प्रतिशत हो गया था क्योंकि पब्लिक सेक्टर बैंकों से लोन दिए जाने के मामले में राजनीतिक हस्तक्षेप किया गया। श्वेत पत्र में लिखा है, %एनडीए सरकार ने पिछले 10 सालों में पिछली यूपीए सरकार द्वारा छोड़ी गई चुनौतियों पर सफलतापूर्वक काबू पाया. यूपीए सरकार आर्थिक गतिविधियों को सहूलियत दे पाने में बुरी तरह नाकाम रही, इसने बाधाएं खड़ी की जिससे अर्थव्यवस्था आगे बढ़ नहीं पाई. 2014 से पहले के दौर की हर एक चुनौती से एनडीए सरकार के आर्थिक प्रबंधन एवं शासन के जरिये निपटा गया।श्वेत पत्र में कहा गया है,यूपीए सरकार के 10 साल नीतिगत गड़बड़ियों और घोटालों से भरे हुए थे. उदाहरण के लिए- सार्वजनिक संसाधनों (कोल और टेलीकॉम स्पेक्ट्रम) की अपारदर्शी नीलामी हुई, बैंकिंग सेक्टर में चहेतों को गलत तरीके से लोन दिए गए. 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला हुआ जिसके तहत 122 टेलीकॉम लाइसेंस दिए गए और सीएजी के अनुमानों के मुताबिक 1.76 लाख करोड़ का नुकसान हुआ. सीडब्ल्यूजी और अन्य घोटाले भी हुए. ये दर्शाते हैं कि उस समय कितनी राजनीतिक अनिश्चितता थी और निवेश के मामले में भारत की कितनी खराब छवि थी। साथियों बात अगर हम विपक्षी पार्टी द्वारा जवाब में ब्लैक पत्र जारी करने की करें तो, एक पार्टी ने पीएम के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ गुरुवार को एक ब्लैक पेपर जारी किया। इस पेपर में कांग्रेस ने तमाम मुद्दों के अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बताई गईं चार जातियां (गरीब, महिलाएं, युवा और किसान) पर फोकस किया है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 57 पेज का ब्लैक पेपर जारी करते हुए इसे 10 साल, अन्याय काल नाम दिया है। कांग्रेस ने सरकार और प्रधानमंत्री मोदी पर उनकी विफलताएं छिपाने का आरोप लगाया। खरगे ने कहा कि ऐसे में इस सरकार के खिलाफ ब्लैक पेपर लाने का फैसला किया गया। कांग्रेस ने यह ब्लैक पेपर ऐसे समय जारी किया है, जब केंद्र सरकार ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) के 10 साल के कार्यकाल पर एक श्वेत पत्र जारी करने की घोषणा की है। कांग्रेस ने अपने इस ब्लैक पेपर में मोदी सरकार के 10 साल में युवाओं, महिलाओं,किसानों अल्पसंख्यकों और श्रमिकों पर हुए अन्याय का जिक्र किया। पार्टी आंकड़े प्रस्तुत करते हुए कहा कि उनके इस काल में बेरोजगारी 45 वर्षों में सबसे अधिक पहुंच गई है। 2012 में बेरोजगारी एक करोड़ थी, जो 2022 में बढ़कर लगभग 4 करोड़ हो गई है। 10 लाख स्वीकृत पद खाली पड़े हैं। ग्रेजुएट्स और पोस्ट ग्रेजुएट्स के मामलों में बेरोजगारी दर लभगत 33 फीसदी है। हर तीन में से एक युवा नौकरी की तलाश रहा है। हर घंटे दो बेरोजगार आत्महत्या कर रहे हैं। ब्लैक पेपर में बताया कि वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत मई 2014 में 2024 के बीच 20 फीसदी तक गिर गई है। कीमतों में प्रति बैरल 100 डॉलर से 79 डॉलर की कमी आई है। इसके बावजूद मोदी सरकार एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि करती रहती है, जिससे अन्य सभी वस्तुएं महंगी हुईं। अतः अगर हम उपरोक्त विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि 59 पुष्ठ का श्वेत पत्र बनाम 57 पुष्ठ का ब्लैक पेपर।10 साल की उपलब्धियों का काल बनाम 10 साल अन्याय काल।लोकसभा चुनाव 2024 के पहले ही सरकार और विपक्ष में आक्रामक तेवरों की लड़ाई उपलब्धियों और अन्यायकाल की गिनाई-संसद से सड़क तक आई।




## आज का राशिफल

मेष राशिः आज आपका दिन उत्तम रहेगा। किसी भी काम को करते समय अपना मन शांत रखना चाहिए। इससे आपका काम आसानी से पूरा होगा। पैसों से जुड़े बड़े फैसले आपको सोचसमझकर ही लेने चाहिए। किसी पुरानी बात को लेकर आप उलझन की स्थिति में आ सकते हैं। घरके साथ कहीं बाहर घूमने जाना आपके लिए अच्छा रहेगा। कोर्टकचहरी के मामले में आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से ही सलाह लेनी चाहिए। छात्रों के लिए दिन ठीक रहेगा। आज आपको अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा।

वृष राशिःआज आपका दिन अच्छा रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। किसी कॉम्पिटिटिव एग्जाम से रिलेटिड कोई शुभ समाचार मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी। आप दोस्तों के साथ कुछ खुशी के पल बितायेंगे। जो लोग मीडिया के क्षेत्र से जुड़े हुए हैं, उनके कामों की आज प्रशंसा होगी। किसी खास व्यक्ति का सहयोग आपको मिलेगा। आपके माता पिता आपकी सफलता के लिए अपना पूरा सहयोग देंगे। आज आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी।

मिथुन राशिः आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। किसी व्यक्ति से आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़ेबुजुर्ग की राय आपके लिए कारगार साबित होगी। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है। थोड़ी मेहनत से किसी बड़े धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा। नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं को आज किसी बड़ी कंपनी में जॉब मिलेगी। महिलाएं अगर कोई घरेलू उद्योग शुरु करना चाहती हैं, तो आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आपको दूसरे लोगों का सहयोग मिलता रहेगा।

कर्क राशिः आज आपका दिन ठीकठाक रहेगा। आप अपने व्यवहार को निखारने की कोशिश करेंगे। आपके कुछ कामों में अधिक समय लगेगा, जिससे आपकी परेशानी थोड़ी बढ़ सकती है। ऑफिस में आपको कुछ लोगों से मदद भी मिलेगी। स्पोर्ट्स से जुड़े लोगों की आज शानदार जीत होगी। इस राशि वाले छात्रों को आज पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। आपको अच्छे फल पाने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आज आपकी सेहत अच्छी बनी रहेगी।

सिंह राशिःआज आप लोगों को अपनी योजनाओं से सहमत कर लेंगे। आपको सबका पूरा साथ मिलेगा। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम को देखकर खुश होंगे। लवमेट के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। माता-पिता आपको कोई बड़ा गिफ्ट देंगे इससे आप बड़े ही खुश नजर आयेंगे। तकनीकी क्षेत्र के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन फेवरेबल है। आप किसी नई तकनीकि को सीखने की भी कोशिश करेंगे।

कन्या राशिः आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपका दिन घूमने फिरने में अधिक बीत सकता है। परिवार के साथ समय बितायेंगें। इस राशि के व्यापारी वर्ग को अचानक कोई बड़ा धन लाभ होगा। आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा मजबूत होगा। पैसों की स्थिति में बड़े बदलाव होने की संभावना है। आपके काम से आपका जीवनसाथी प्रसन्न रहेगा। आज शाम तक कोई शुभ समाचार मिलने से घर में खुशियों का माहौल बनेगा। बच्चे आज किसी खिलौने की मांग कर सकते है।

तुला राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर ढंग से काम करने की कोशिश करेंगे। मेहनत से किये गये काम में आपको सफलता मिलेगी। इस राशि के कॉलेज के स्टूडेंट्स को नये प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिलेगा। बड़ों का सहयोग आपके करियर को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। लम्बे समय से रूके हुए सरकारी काम आज पूरे हो जायेंगे। अपनी जिम्मेदारियों को अच्छे से निभायेंगे। दोस्तों की सलाह आज आपके बहुत काम आयेगी, इनकी वजह से आप सफल होंगे। आज आपका दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहने वाला है।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। बच्चे आपको कोई शुभ समाचार देंगे, जिससे परिवार के सभी सदस्य खुश होंगे। सेहत के मामले में आप खुद को स्वस्थ महसूस करेंगे। आपको अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा। किसी रचनात्मक कार्य में आपका नाम होगा और आपको प्रसिद्धि मिलेगी। आपको आर्थिक मामलों में लाभ मिलेगा। अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए आप नए कदम उठाएंगे, जिसमें आप सफल भी होंगे। आपकी सकारात्मक सोच आपको लाभ दिलाएगी।

धनु राशिः आज आप अपने खर्चे पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स को शिक्षकों का सपोर्ट मिलेगा, और हर प्रोजेक्ट में हेल्प करेंगे। आज हर कोई आपकी बातों से प्रभावित होगा। जल्द ही कुछ नई जिम्मेदारियां आपको मिलेगी, जिनको आप अच्छी तरह से निभाएंगे। आपको अपनी मनपसंद कंपनी से इंटरव्यू के लिए बुलावा आयेगा। आज आप धार्मिक कार्यों में रूचि लेंगे7 साथ ही किसी धार्मिक आयोजन का हिस्सा भी बनेंगे।

मकर राशिः आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आप ज्यादा समय परिवार के साथ बिता सकते हैं। आज आपके लिए कोई फैसला करना कठिन होगा। ऑफिस में काम ज्यादा होने के कारण जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान कैंसिल हो जायेगा। आज आपका मन अध्यात्म की ओर रहेगा, आप धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन करवा सकते है। आज आपको उन लोगों से सावधान रहने की जरूरत है, जो आपको गलत राह पर ले जाने की सोचते हैं। इस राशि के लोगों को कोई प्रॉपर्टी लेने का योग बना हुआ है।

कुंभ राशिः आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। घर पर अचानक कोई रिश्तेदार आ सकते हैं, जिससे घर के माहौल में कुछ अच्छे बदलाव आयेंगे। आज आपको किसी भी तरह के वादविवाद से बचने की जरुरत है। किसी से बातचीत करते समय आपको अपनी वाणी पर संयम रखना चाहिए। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदेमंद होगा। मेहनत के बल पर आपको काम में सफलता मिलेगी। बच्चों की सफलता से आपको गर्व की अनुभूति होगी। नवविवाहित दंपत्ति में आज मीठी नोकझोंक होगी, इससे रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी।

मीन राशिः आज आपका दिन शानदार रहेगा। आपको परिवार से जुड़ी कई जिम्मेदारियां निभानी पड़ेंगी, जो कि आप अच्छे से संभाल लेंगे। साथ काम करने वाले लोगों से आपको मदद मिलेगी। दोस्तों की मदद से आपके काम की प्लानिंग सफल होगी। अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए आज का दिन बढ़िया है। साथ ही आज का दिन कम मेहनत में ज्यादा फल दिलाने वाला रहेगा। ऑफिस में बहुत दिनों से रुके हुये कामों को आप आसानी से निपटा लेंगे। साथ ही आपको बॉस का पूरापूरा सहयोग भी प्राप्त होगा।

## बड़ी चुनौती

# अवैध रूप से चल रही पटाखा फैक्ट्री को संरक्षण देने वालों पर कार्रवाई का साहस दिखाएंगे क्या मुख्यमंत्री..?

कीर्ति राणा

हरदा में अवैध तरीके से चल रही पटाखा फैक्ट्री में लगी आग से हुई तबाही में यह प्रश्न गौण हो गया है कि कितने लोग असमय मौत का शिकार हुए? हरदा ही नहीं, देश के लोगों को यह पूछने का हक है कि सालों से यह फैक्ट्री वो भी बीच रहवासी क्षेत्र में चल कैसे रही थी? जांच समिति बना ही दी है, जब किसी मामले में सरकार ऐसी समिति गठन में तत्परता दिखाए तो आमजन याद करने लगता है कि जनहानि वाले मामलों को लेकर पहले जो जांच समितियां गठित की गईं, उनकी फाइलों ने फैसले उगले भी या नहीं! गुना बस हादसे में कलेक्टर, एसपी पर गाज गिरी थी। आज मुख्यमंत्री हरदा गए थे। कलेक्टर,एसपी को हटाकर उन्होंने अपनी सरकार पर लगे दाग धोने की तत्परता दिखाने का प्रयास किया है पर क्या कार्रवाई पर्याप्त है..?

हरदा की आग में जिन निर्दोषों की बलि चढ़ गई, उनके परिवारों को न तो फैक्ट्री मालिक राजेश अग्रवाल और दिनेश की गिरफ्तारी से संतोष मिलेगा और न ही मुआवजे की राशि उनके आंसू पोंछ पाएगी। इसी फैक्ट्री में पहले भी हुए विस्फोट में दो लोगों की जान जा चुकी है।इसके बाद भी फैक्ट्री अगर चल रही थी तो दोषी प्रशासनिक अधिकारी भी हैं, क्योंकि राजनीतिक, प्रशासनिक संरक्षण बिना इतनी ढील देना संभव ही नहीं है।

मप्र में पटाखों, बारुद से विस्फोट की यह पहली घटना नहीं है। मुरैना, राऊ में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट में हुई मौतें, पेटलावद में 7 दर्जन से अधिक निर्दोषों के चीथड़ों की पोटलियों वाले लोमहर्षक दृश्य और जांच समिति की घोषणा लोग भूले नहीं हैं। इससे पहले बालाघाट में 29 और दमोह 7 लोगों की मौत भी ऐसे ही धमाकों में हो चुकी है। इन सारे विस्फोट के बाद अब यदि लोगों को यह लगने लगे कि 18 वर्ष के बाद बस सीएम बदले हैं, लापरवाही का ढर्रा वैसा ही चल रहा है तो ताज्जुब नहीं होना चाहिए। अब जो होगा, वह भी लोगों को पता है। गुना बस हादसे के बाद जिस तरह बसों की चैकिंग का अभियान चला था, वैसे ही इंदौर, भोपाल, दमोह, बालाघाट, हरदा आदि शहरों में पटाखा निर्माताओं, दुकानदारों के खिलाफ 'सख्ती पखवाड़ा' चलाकर लापरवाही की आग पर फोम डाल दिया जाएगा।

जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई तो होनी ही चाहिए, लेकिन दंडित किए जाने से पहले इन अधिकारियों से बंद कमरे में ही सही, सरकार पुचकार के यह भी तो पूछ ले कि हरदा के पूर्व विधायक कमल पटेल हों या बैतूल के सांसद दुर्गादास उईके, इन जनप्रतिनिधियों या इनके पट्ठों ने वर्षों से संचालित हो रही अवैध पटाखा फैक्ट्री के सरगनाओं को संरक्षण क्यों दे रखा था? ढाई एकड़ में फैली फैक्ट्री के अलावा आसपास के पचास घरों में कुटीर उद्योग के रूप में हो रहे पटाखों के निर्माण से जिला प्रशासन क्यों मुंह फेरे रहा? पटाखा फैक्ट्री मालिकों के घरों पर बुलडोजर चलाए जाने की सख्ती तो सरकार दिखाएगी ही, लेकिन इन्हें संरक्षण पूर्व सीएम के प्रिय जनप्रतिनिधियों के साथ ही इस सरकार में ठसक दिखाने वाले हरदा-बैतूल के जनप्रतिनिधियों से भी मिलता रहा है। सख्त फैसले लेकर खुद को पिछली सरकार से बेहतर दिखाने की कोशिश में लगे डॉ. मोहन यादव को पटाखा फैक्ट्री के संचालकों को संरक्षण देने वाले नेताओं-अधिकारियों के घरों पर भी बुलडोजर चलाने का साहस दिखाना चाहिए।





हरदा पटाखा फैक्ट्री को 2022 में कलेक्टर ऋषि गर्ग ने सील करने के आदेश जारी किए थे। सरकार को तत्कालीन संभागायुक्त मालसिंह भायड़िया से भी पूछना चाहिए कि ऐसी क्या मजबूरी रही कि इस आदेश के विरुद्ध स्टे क्यों दिया? विस्फोट पीड़ित लोगों के आंसू बयां कर रहे हैं कि शिकायत करते रहने के बाद भी अधिकारियों ने कार्रवाई नहीं की। ऐसी क्या मजबूरी थी कि ट्रकों से बारुद आता रहा और पुलिस प्रशासन मुस्तैदी दिखाने की अपेक्षा मैत्री-भाव दर्शाता रहा। जिला प्रशासन की आंखों पर भी पोलिटिकल प्रेशर की पट्टी बंधी रही। हरदा हादसे का कारण बने प्रशासनिक अधिकारियों पर भी सरकार ऐसी कार्रवाई करे कि बाकी जिलों के अधिकारियों को भी समझ आ जाए कि बदले हुए निजाम में अब ढील-पोल नहीं चलेगी।

## विशेष लेख

ताराशंकर सिन्हा

# 'प्रधानमंत्री मोदी ने जो वादा किया, प्रदेश सरकार त्वरित अमल में लाई'

कहते हैं कि आसमान के बादल कितनी भी कोशिशें कर लें, लेकिन वह सूरज को ज्यादा समय तक छिपाकर नहीं रह सकता। झूठ रूपी तिमिर का सीना चीरकर सत्य का सूर्य पुनः उदीयमान हो जाता है। प्रदेश सरकार ने गत वर्ष पीएससी में हुई अनियमितताओं की जांच, देश की सर्वोच्च अन्वेषण संस्थान सीबीआई से कराने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इससे प्रदेश भर के युवकों में खुशी और संतुष्टि के भाव परिलक्षित हो रहे हैं कि परीक्षा में सफलता के लिए उन्होंने जो मेहनत की, अब वह जल्द ही फलीभूत होगी। परीक्षार्थी युवक-युवतियों का कहना है कि सरकार के इस अभूतपूर्व निर्णय से दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा, क्योंकि इससे उच्च प्रशासनिक सेवा के लिए योग्य अभ्यर्थियों की निराशा दूर होगी और उनके साथ सही मायने में न्याय हो पाएगा। पीएससी के अभ्यर्थियों को अब मिलेगा न्याय- छत्तीसगढ़ में पीएससी भर्ती प्रक्रिया के दौरान विगत परीक्षाओं में हुई अनियमितताओं की जांच सीबीआई से कराने की राज्य सरकार की घोषणा मोदी की गारण्टी का हिस्सा है, जिसकी घोषणा मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने पिछले दिनों की थी। इससे प्रदेश भर के युवावर्ग में खुशी का माहौल है। भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर में बीएससी गणित की छात्रा कु. पूर्णिमा नाग ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा- 'शासन ने यूपीएससी की तर्ज पर सीजीपीएससी की परीक्षा प्रणाली को लाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है, इस पहल का मैं स्वागत करती हूं तथा परीक्षाओं में पारदर्शिता बनाने के लिए मैं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित करती हूं।' उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा यूपीएससी की तर्ज पर राज्य पीएससी की परीक्षा लिए जाने की भी घोषणा की है जिससे छात्रों को दोनों प्रतियोगी परीक्षा की एक साथ तैयारी करने में मदद भी मिलेगी। इसी प्रकार बीएससी जीव विज्ञान की छात्रा कु. ज्योति सिन्हा ने कहा कि राज्य शासन जो अभूतपूर्व निर्णय लिया है, इससे दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे पुरानी परीक्षा प्रणाली पर लग रहे प्रश्नचिन्ह समाप्त होंगे और परीक्षा को लेकर पारदर्शिता का वातावरण तैयार होगा। पीएससी परीक्षा की तैयारी कर रहे पी.जी. के छात्र श्री शंकर कोमरे ने कहा कि शासन के इस निर्णय से युवाओं में बहुत उत्सुकता है। आगामी परीक्षाओं को लेकर असमंजस की स्थिति बनी होती थी, परंतु सीजीपीएससी के वार्षिक कैलेण्डर की घोषणा के बाद साल भर की परीक्षाओं की तस्वीर साफ होगी तथा विद्यार्थी अपनी तैयारियां पर जोर लगा सकेंगे, सीजीपीएससी के पैटन में सुधार से निश्चित ही युवाओं को नई प्रेरणा मिलेगी। श्री कोमरे ने आगे कहा कि पिछली परीक्षा में प्रश्न पत्र अच्छे से जाने के बाद भी सफलता नहीं मिली जिससे वह काफी मायूस हो गए थे। अब जब राज्य सरकार ने इसकी उच्च स्तरीय जांच की घोषणा की है तो इससे एक तरह से उम्मीद जगी है।छात्र श्री सुनील मरकाम तथा कु. दामिनी कोड़ोपी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की गई सरकार ने यूपीएससी की तर्ज पर सीजीपीएससी की परीक्षा प्रणाली लागू करने का निर्णय एक सराहनीय पहल है। इससे अब राज्य के विद्यार्थी राज्य पीएससी व यूपीएससी दोनों की तैयारियां एक साथ कर सकेंगे। वहीं आयु सीमा में पांच साल की छूट में वृद्धि किए जाने से युवाओं को लाभ मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि सीबीआई से जांच कराने की सरकार की घोषणा से सभी योग्य युवाओं का सपना पूरा होगा। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद दिया। पीएससी के परीक्षार्थी श्री सुनील कुमार ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उच्च स्तरीय प्रशासनिक सेवाओं में गत वर्ष हुई अनियमितता होने से वर्षों के मेहनत कर अपना मुकाम हासिल करने वाले परीक्षार्थी हतोत्साहित और मायूस हुए हैं। ऐसे में प्रकरण की जांच सीबीआई से कराए जाने का प्रदेश शासन का निर्णय बेहद सराहनीय है। वहीं अधिकतम आयु सीमा में छूट की अवधि में वृद्धि और यूपीएससी के पैटर्न में राज्य पीएससी परीक्षा आयोजित करने का फैसला एक पंथ दो काज जैसा ही है। इससे राज्य पीएससी के साथ-साथ यूपीएससी की तैयारी करना आसान हो जाएगा।


उल्लेखनीय है कि प्रदेश की उच्च प्रशासनिक सेवा संस्था राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा वर्ष-2020 में 175 तथा 2021 में 171 पदों पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे, जिसमें लाखों की संख्या में अभ्यर्थियों ने आवेदन भरकर परीक्षा दी थी, किन्तु इसमें अनियमितता होने का खुलासा हुआ, जिसके चलते प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होने वाले प्रदेश भर के युवाओं में निराशा और मायूसी छा गई थी। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने युवातुर्क की भावनाओं का सम्मान करते हुए उक्त प्रकरण के विरूद्ध केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से उच्च स्तरीय जांच कराने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है, जिससे युवावर्ग भर्ती को लेकर पारदर्शिता और सही मायने में योग्य अभ्यर्थियों के चयन होने को लेकर बेहद आशान्वित है।

एक नजर

## भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए रजिस्ट्रेशन की तिथि में संशोधन

**सुकमा, 9 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । भारतीय सेना में अग्निवीर हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए अधिसूचना जारी की जा चुकी है। जो भारतीय सेना की वेबसाईट https://joinindianarmy.nic.in पर उपलब्ध है। अग्निवीर की भर्ती जनरल, तकनिकी कलर्क, ट्रेडमैन (8वी व10वी पास), महिला सैन्य पुलिस और रेगुलर कैडर भर्ती धर्म गुरू, नर्सिंग सहयोगी और हवलदार एस.ए.सी. के पदों के लिए जारी की गई है। सेना में भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन की प्रकिया 13 फरवरी से 23 मार्च 2024 तक खुली रहेगी। अग्निवीर कलर्क के पद का नाम परिवर्तित किया गया है, अब उसे अग्निवीर ऑफिस असिस्टेट कहा जाएगा। अग्निवीर ऑफिस असिस्टेट के अभ्यर्थियों को ऑनलाईन परीक्षा के समय टाइपिंग टेस्ट भी देना होगा। ऑनलाईन परीक्षा 22 अप्रैल 2024 के बाद होने की संभावना है। इस साल जगदलपुर में ऑनलाईन परीक्षा केन्द्र स्थापित किया जाएगा। किसी भी अन्य जानकारी और समस्या के लिए सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के टेलीफोन नंबर 0771-2965212 और 0771-2965213 पर संपर्क करें।सेना भर्ती हेतु किसी भी जानकारी के लिये जिला रोजगार कार्यालय सुकमा में संपर्क कर सकते है।

## महाराष्ट्र-गढ़चिरौली में मुठभेड़,नक्सली भागे

**राजनांदगांव, 9 फरवरी।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में बुधवार देर शाम को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस का दावा है कि गोलीबारी में नक्सलियों को जबर्दस्त नुकसान पहुंचा है। आसपास के इलाके को पुलिस ने घेर लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ के नारायणपुर-कांकेर और गढ़चिरौली की सीमा पर हाल ही में स्थापित पुलिस बेस कैम्प को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सली एकत्रित हुए थे। इसकी भनक लगने के बाद एएसपी यतीश देशमुख के नेतृत्व में सी-60 फोर्स के जवान बेस कैम्प के पूर्वी इलाके में पहुंचे, जहां नक्सलियों ने फोर्स को देखकर गोलीबारी शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि नक्सली नए बेस कैम्प की रेकी कर रहे थे। नक्सलियों का इरादा बेस कैम्प पर हमला करने के इरादे को पुलिस ने भांप लिया। फोर्स ने नक्सलियों को घेरने के लिए सर्चिंग अभियान चलाया, इस दौरान नक्सलियों की ओर से फायरिंग हो गई। जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई करते नक्सलियों को भागने पर मजबूर कर दिया। बताया जा रहा है कि वांगेतुरी बेस कैम्प के खुलने से नक्सलियों की आवाजाही पर अंकुश लगा है। नक्सली इस रास्ते को छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में आवाजाही के लिए इस्तेमाल करते रहे हैं।

# इलाज नहीं मिलने से मवेशियों की लगीतार हो रही मौत

### सुकमा जिले के पशु चिकित्सा अधिकारी की लापरवाही देखने को मिल रही

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 9 फरवरी।** सुकमा जिला में पशु चिकित्सा जिला अधिकारी तो है पर मवेशियों को समय पर ना टीकाकरण किया जाता है सूत्रों से मिला जानकारी एक मवेशी एनएच 30, मुर्रेपाल के पास रोड़ किनारे लावारिस के तरह पड़ा था मवेशी का शव वही मुर्रपाल के निवासी सोमू राम ने बताया कि इस तरह से हमारे गाँव मे कितने मवेशियों के जान जा चुके हैं कभी भी पशु चिकित्सा के डॉक्टर गाँव तक नही पहुँचे ना ही मवेशियों के ईलाज होता है मवेशियों को बीमार पड़ने से सुकमा जाओ तो दावा तक नही मिलता है ये मामला सुकमा जिले भर के ग्रामीण क्षेत्रों में कही भी पशुओं का ईलाज नही मिल रहा है हर रोज मवेशी बीमारियों के वजह से मर रहे हैं पूरे सुकमा में बीच रोड़ पर रोज दिन रात मवेशि खड़े व बैठे नजर आते हैं जिसमें राहगीरों व दुकानदारों को परेशानी झेलना पड़ता है कई गाय आपस में लड़ते हुए दुकानों में घुस जाते किसी बाइक सवार लोगों पर चढ़ जाती है कितने बाइक सवार लोग घायल भी हुए वही सुकमा नगर पालिका के सामने रोड पर बैठे रहती गाय सब्जी दुकानदार पर गाय दौड़ जाती है बस स्टैंड से लेकर सुकमा जनपद तक मवेशी दिन रात बीच रोड पर घूमती रहती है कई ट्रक चालक गाय को टक्कर मार देते जिससे गाय घायल हो जाती उधर सुकमा कोतवाली थाना के इधर बस स्टैंड तक गाय घुमती है रोड पर बस ट्रक बाइक चलाने वाले को काफी परेशानीयो का सामना करना पड़ता है फिर भी सुकमा पशुचिकित्सा अधिकारी चैन से बैठे हैं यहाँ तक कि कभी भी ओपीस में भी नजर नही आते हैं सिर्फ़ सिर्फ प्रदेश सरकार की मुफ़्त की सैलरी लेकर घूमने का काम करते हैं और घर में सोने का काम यह सुकमा जिला के पशु चिकित्सा अधिकारी जब कि पशु चिकित्सा अधिकारी का काम है वह खुद अपने टीम को लेकर बेशाहारा घूम रहे हम मवेशियों को तत्काल गौशालाओं में रखने का काम करें इसके साथ-साथ समय पर गौशालाओं में पशुओं की जांच रहना समय समय पर ईलाज करना बीमार पशुओं को खून पेशाब और गोबर की जांच करना पशु को टीकाकरण व वैक्सीन लगाना पशुओं के गर्भधान के लिए सीमन को सुरक्षित रखना स्वास्थ्य समस्याओं का निदान करना पशुओं की जांच तथा परीक्षण करना एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड आदि चिकित्सा उपकरणों के माध्यम से पशुओं को बीमारी का पता लगाना पशुपालकों को दवाइयां देना तथा फॉर्म या घर में रखे जाने वाले पशुओं को देखभाल की सलाह देना पशुपालकों के बुलाने पर उनके घर जाकर पशुओं की चिकित्सा करना पशुओं में समीकरण ना फैले उसको रोकने के लिए टीकाकरण करना और उनकी सर्जरी यानी शल्य चिकित्सा भी करना पशु चिकित्सा अधिकारी पशुओं की बीमारी का पता लगाकर उनका इलाज करना साथ ही बीमार पशुओं को टीकाकरण सर्जरी ऑपरेशन जैसे काम करना गौ आश्रम स्थलों का निरीक्षण पशुओं का स्वास्थ्य का परीक्षण उपचार की व्यवस्था अंडा उत्पादन के लिए मुर्गी पालन मांस उत्पादन के लिए बकरी पालन सूअर पालन का व्यवस्था इस प्रकार की योजनाएं संचालित करना शासन के निर्देश अनुसार पशुपालकों को प्रोत्साहित करने के लिए पशुपालक को यहां पशु चिकित्सा बांझपन चिकित्सा जैसे कई बीमारियों का सिविल लगाना को ओंस यू महेश वंश के कान की टैगिंग करना उनकी ऑनलाइन फील्डिंग करना आवश्यक अनुसार प्रिंट मीडिया या इलेक्ट्रिक मीडिया को प्रचार प्रसार हेतु सूचित करना ऐसे बहुत से कर्तव्य बनता है पशु चिकित्सा अधिकारी का, लेकिन सुकमा जिले में ऐसा कुछ नही होता है पशु चिकित्सा अधिकारी मंत्री के प्रोग्राम में सिर्फ दिखावा के लिए अपनी ढोंग दिखते हैं की मवेशियों को ईलाज होता है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसा कुछ नही होता है शासन की योजना ग्रामीण तक नहीं पहुंच पाता है यह सारी मामला को लेकर बात करने के लिए सुकमा जिला पशु चिकित्सा अधिकारी के पास जाओ तो कभी मुलाकात ही नहीं होता फोन करने पर फोन तक रिसीव नहीं करते हैं डॉक्टर यस जोहारुद्दीन इतना पशु चिकित्सा अधिकारी व डॉक्टर के द्वारा लापरवाही किसी अन्य राज्यों में नही है या सिर्फ छत्तीसगढ़ शासन के सुकमा जिले में हो रहा है इतना लापरवाही वही टीकाकरण व कृत्रिम गर्भधान कि नही मिल रहा सुविधा पशुचिकित्सा व चिकित्सा गौशालाओं में बीमार पशुओं का समय पर इलाज नहीं हो पा रहा है नसल सुधार का फायदा नहीं होने से पशुपालकों को दूध का उत्पादन नहीं बढ़ पा रहा है खास करके सबसे बड़ा लापरवाही सुकमा जिला में हो रहा है जो हर रोड चौराहे पर मवेशी घूमती रहती है कई गाड़ियों के साथ एक्सीडेंट होता है मवेशियों के साथ पशु चिकित्सा अधिकारी से संपर्क करने के लिए फोन किया गया लेकिन फोन रिसीव नहीं किया।

# स्कूलों में छात्र-छात्राओं को बताए सड़क सुरक्षा के नियम

- यातायात पुलिस टीम आज पहुंची केंद्रीय विद्यालय
- रंगोली बनाकर दिया सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता का संदेश

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**सुकमा 9 फरवरी।** पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण के नेतृत्व में सुकमा जिला पुलिस मुख्यालय की पहल पर सुकमा यातायात पुलिस द्वारा 15 जनवरी से 15 फरवरी तक 2024 तक सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए यातायात पुलिस द्वारा सुकमा के विभिन्न विद्यालयों में जाकर सड़क सुरक्षा के बारे में अवगत करवाया जा रहा है। इस क्रम में यातायात पुलिस की टीम आज बुधवार को सुकमा के केंद्रीय विद्यालय में भी पहुंची जहां विद्यालय में कार्यवाहक प्राचार्य बोमनाथ मजूमदार और सीसीए प्रभारी अमित कुमार जांगिड़ ने टीम का स्वागत किया। पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को यातायात सुरक्षा के नियमों से अवगत करवाया। इस दौरान केंद्रीय विद्यालय की छात्राओं ने रंगोली बनाकर सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता का संदेश दिया। टीम ने सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आयोजित किए जाने वाले कार्यकम की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि इस आयोजन को सार्थक बनाने के लिए सुकमा के विभिन्न विद्यालयों में सड़क सुरक्षा से संबंधित निबंध लेखन, पेंटिंग, रंगोली आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जा रहा है जिनमें तीन श्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुलिस विभाग द्वारा सम्मानित किया जाएगा। यातायात जागरूकता एवं सड़क सुरक्षा को लेकर नुक्कड़ नाटक आयोजन 15 फरवरी को बस स्टेण्ड सुकमा में किया जाना तय है। टीम में यातायात थाना से प्र.आर.513 मेघनाथ कश्यप, प्र.आर.552 सुकमन कश्यप,आर.505 हेमंत जगत,आर.307 विकास कुमार हीरा और आर. 981 भागीरथी माझी शामिल थे।

समाचार संक्षेप

## दंतेवाड़ा-सुकमा सीमा पर मुठभेड़, नक्सली ढेर

**दंतेवाड़ा, 9 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । दंतेवाड़ा पुलिस को बुधवार को नक्सली उन्मूलन अभियान में बड़ी सफलता मिली। दंतेवाड़ा और सुकमा जिले के सीमावर्ती इलाके में पुलिस और नक्सलियों में मुठभेड़ हुई। जिसमें डीवीसीएम सदस्य मारा गया। पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने मीडिया को जानकारी में बताया कि पुलिस को गोपनीय सूचना मिली थी। इसके आधार पर पुलिस के संयुक्त दल को रवाना किया गया। जिसमें जिला आरक्षी बल, बस्तर फाइटर और सीआरपीएफ की यंग प्लाटून शामिल थे। पुलिस का संयुक्त दल गोंदपल्ली इलाके की ओर रवाना हुआ था। बुधवार सुबह करीब 11 बजे पुलिस दल के नक्सलियों के समीप पहुंचते ही नक्सली दल की तरफ से गोलीबारी शुरू हुई। जिसका पुलिस ने मुंह तोड़ जवाब दिया। करीब आधा घंटा दोनों तरफ से गोलीबारी हुई। इसमें एक हार्डकोर नक्सली ढेर हो गया। मृतक नक्सली लीडर की पहचान चंद्रन्ना और सत्यम (50 वर्ष) के रूप में हुई। उक्त नक्सली लीडर जगरगुंडा एरिया कमेटी अंतर्गत जगरगुंडा डिवीजन केंद्रीय कमेटी सदस्य के रूप में कार्यरत था।



## सिलगेर के इत्तापारा में 1 साल बाद आई बिजली

**सुकमा 9 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । बस्तर के अंदरूनी क्षेत्र में विकास और सुविधाएं हमारी सरकार की प्राथमिकताएं हैं, 3 फरवरी को नक्सल प्रभावित सुकमा जिले के सिलगेर प्रवास के दौरान ग्रामीणों ने मुझे बताया कि पिछले एक वर्ष से इत्तापारा में बिजली नहीं है। भाजपा सरकार के विकास की रोशनी से अब इत्तेपारा फिर जगमगा उठी।

## डाकघर के कर्मचारी ने जिला अस्पताल पहुचकर खोला महतारी वन्दन के लिए खाता

**कोंडागांव 9 फरवरी।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना महतारी वन्दन योजना का कुछ दिन पहले ही आगाज हुआ है जिसमे महिलाओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में आज कोंडागांव डाकघर के कर्मचारी डिकेश मिर्झा ने जिला अस्पताल कोंडागांव पहुचकर एक बच्चे की माँ जो एक दिन पहले ही महतारी बनी है, का इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक में खाता खोला जो कि महतारी वन्दन योजना की वास्तविक हितग्राही है। उपसंभागीय निरीक्षक श्री आरएस मिश्रा ने बताया इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंकिग एक्सेस पाइंट के माध्यम से प्रत्येक डाकघर तक विस्तारित है तथा प्रदेश में 4414 से अधिक बैंकिग एक्सेस पाइंट है। ग्रामीण एवं रिमोट क्षेत्रों के लिए, जहाँ बैंकिग की सेवा की पहुंच नहीं है, वहाँ इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक (आईपीपीबी) के द्वारा तथा घर पहुंच सेवा निःशुल्क प्रदान की जाती है और इसमें शून्य कागजी कार्रवाई शामिल होती है। तथा इसमें हितग्राही के आधार द्वारा तत्काल ग्रामीण डाक सेवक बैंक खाते खोलने और आधार सीडिंग सहित ऑन-द-स्पॉट सेवाएं प्रदान करने के लिए सक्षम हैं। महतारी वंदन योजना राज्य शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। चूंकि योजनांतर्गत हितग्राहियों की पंजीयन की अंतिम तिथि 20 फरवरी 2024 है इसलिए ऐसे हितग्राही जिनका बैंक खाता आधार से मैप नहीं है अथवा किसी भी बैंक में खाता नही है तो पोस्ट ऑफिस से सम्पर्क कर खाता खुलवा सकते है।

## एमएनएस इंडिया ने किया पालनार में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

**किरंदुल/बचेली 9 फरवरी।** एम/एनएस इंडिया द्वारा ग्राम पंचायत पालनार के टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में,पुरस्कार वितरण समारोह का सफल आयोजन किया गया।प्रोजेक्ट उडान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के 32 टीमों ने भाग लिया,जिसमें विजेता टीम ताड़क बचेली और उपविजेता टीम ब्लैक टाइगर मैलावाड़ा को नकद पुरस्कार और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। इस पुरस्कार समारोह में पालनार सरपंच,जिला पंचायत सदस्य और,ऽफ़्हस इंडिया किरंदुल के जीएम सर, सिविल इंजीनियर और सीएसआर प्रतिनिधि उपस्थित रहें। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सुदूर आदिवासी क्षेत्रों से युवा प्रतिभाओं को बढ़ावा देना एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से संबंधित मूल्यों को स्थापित करना है। समारोह के दौरान पालनार के सरपंच ने टूर्नामेंट के सफल आयोजन में सहयोग के लिए,ऽफ़्हस इंडिया किरंदुल का विशेष आभार प्रदर्शन किया एवं उनके द्वारा लगातार किए जा रहे सामाजिक कार्यों एवं प्रयासों की सराहना की। एम/एनएस इंडिया के द्वारा स्थानीय खेल प्रतियोगिताओं एवं युवा प्रतिभाओं को समर्थन देने के साथ ही सामाजिक उत्थान,स्वास्थ्य जागरूकता, शिक्षा, एवं रोज़गार के क्षेत्र में भी ऐसे अनेकों विकास कार्य किये जा रहे हैं, जिनका लाभ स्थानीय आदिवासी एवं सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को मिल रहा है।





**सुकमा 9 फरवरी।** सुकमा के एएसपी नक्सल ऑप्श श्री प्रभात कुमार को नारायणपुर एसपी बनने पर आज सुकमा एसपी श्री किरण चव्हाण ने स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें बधाइयाँ व शुभकामनाएं दी । इस दौरान कार्यालय के समस्त पुलिस स्टाफ़ मौजूद रहें ।

# महतारी वंदन योजना का फार्म भरने के लिए जिले की महिलाओं में खूब उत्साह

- कलेक्टर ने कोंटा विकासखंड के पोलमपल्ली एवं तेमेलवाड़ा पहुंचकर महतारी वंदन योजना अंतर्गत भरे जा रहे आवेदन पत्र की स्थिति का लिया जायजा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 9 फरवरी।** जिले में महतारी वंदन योजना अंतर्गत फार्म भरने के लिए महिलाओं में काफी उत्साह है। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री हरिस. एस ने गुरुवार को कोंटा विकासखंड के पोलमपल्ली एवं तेमेलवाड़ा पहुंचकर महतारी वंदन योजना अंतर्गत भरे जा रहे आवेदन पत्र की स्थिति का जायजा लेने पहुंचे। कलेक्टर ने कहा कि महतारी वंदन योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है। जिसके माध्यम से शासन द्वारा महिलाओं को आर्थिक दृष्टिकोण से मजबूत बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने महिलाओं से कहा कि महतारी वंदन योजना अंतर्गत प्राप्त राशि का उपयोग अपने स्वास्थ्य, पोषण और सशक्तिकरण के लिए करें। उन्होंने सभी महिलाओं को स्वसहायता समूह के माध्यम से आर्थिक गतिविधियों से जोडने् के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में महतारी वंदन योजना के फार्म भरवाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा कलेक्टर श्री हरिस.एस ने बुरकपाल पलांटेशन निरीक्षण कर, अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री देवनारायण कश्यप, श्री कैलाश कश्यप, श्री सौरभ कुमार, सुश्री दीक्षा वैद्य एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को आंगनबाड़ी केन्द्रों में पर्याप्त संख्या में फार्म रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में फार्म भरने में महिलाओं को दिक्कत नहीं होनी चाहिए। वार्ड एवं ग्राम पंचायतों में पर्याप्त फार्म होना चाहिए। महिलाओं को फार्म भरने में मार्गदर्शन दें एवं इसके लिए आवश्यक दस्तावेज के संबंध में जानकारी प्रदान करें। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में आर्थिक स्वावलंबन, उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार, परिवार के निर्णयों में उनकी भूमिका सुदृढ़ करने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना की शुरूआत की गई है। योजना के तहत पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रूपए की राशि डीबीटी के माध्यम से प्रदान की जाएगी। योजनांतर्गत आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी 2024 हैं और पात्र महिला हितग्राही को राशि का अंतरण 8 मार्च 2024 को किया जाएगा।

# मोदी कप प्रतियोगिता में कोल्चुर की टीम ने परपा को 1 रन से दी मात

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 9 फरवरी।** मोदी कप 2024 रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में सोमवार को 3 मैच खेले गए। पहला मैच संध्या 6 बजे परपा विरुद्ध कोल्चुर के मध्य खेला गया ,जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए कोल्चुर की टीम ने 10 ओवर में 59 रन बनाये। दूसरे पारी में परपा की टीम सिर्फ 58 रन ही बना पायी, और 1 रन से कोल्चुर ने यह मैच जीत लिया। 2 ओवर में 10 रन दे कर 2 विकेट लेने वाले प्रकाश कश्यप को मोदी कप सदस्यों द्वारा मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया। दूसरा मैच रात्रि 8 बजे शूटर लालबाग विरुद्ध ताज 11 के बीच खेला गया ,इस मैच में मोदी कप के अब तक के सब्से बड़े स्कोर बनाने वाले टीम शूटर लालबाग ने जीत दर्ज की। तीसरे मैच में परपा नाका की टीम ने एमडीसीसी की टीम को 3 विकेट से हराकर एक पायदान की बढ़त हासिल की,परपा नाका टीम के अविनाश ने 32 रन मात्र 17 गेंदों में बनाया ,मैंन ऑफ द मैच का पुरस्कार उन्हें समिति के सदस्यों द्वारा प्रदान किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से अविनाश श्रीवास्तव, मनोज पटेल, रोहित खत्री, आनंद झा,सूर्यभूषन सिंह, शेखर शर्मा,प्रतीक राव,विवेक साहू,योगेश पाणिग्राही , रमेश नायडू, भावेश यदु, सहित अन्य सदस्य मौजूद थे। मोदी कप प्रतियोगिता में मंगलवार को दो मैच खेले जायेंगे, पहला मैच स्पार्टन विरुद्ध 400 केवी सबस्टेशन परचनपाल के बीच शाम 6 बजे खेला जायेगा।



## पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल



**किरंदुल 9 फरवरी।** 14वर्षीयनाबालिकबालिका के गुम होने पर उसकी माता जी दिनांक 05.02.2024 को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग बालिका को दिनांक 26.01.2024 को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर भगा ले गया है, प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना प्रभारी किरन्दुल द्वारा तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए थाने में गुम इंसान क्रमांक 03/2024 तथा अपराध क्रमांक 12/2024 धारा 363 भादवि कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। पता तलाश दौरान नाबालिग अपहृत बालिका की गीदम में होने की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल थाना प्रभारी प्रहलाद साहू द्वारा पुलिस टीम व अपहृत नाबालिग बालिका के माता पिता को साथ लेकर गीदम के लिये रवाना हुआ, गीदम सूचना प्राप्त स्थल पर पहुंचने पर पाया कि आरोपी राजेश सोनी पिता भास्कर सोनी उम्र 19 वर्ष निवासी गीदम नाबालिग अपहृत बालिका को अपने साथ रखा हुआ था जिसे बरामद कर महिला विवेचक द्वारा महिला डेस्क में बारिकी से पूछताछ कर कथन लेने पर अपने कथन में गीदम निवासी राजेश सोनी से जान पहचान होना तथा दिनांक 26.01.2024 को राजेश सोनी द्वारा बुलाने से गीदम जाने बाद आरोपी राजेश सोनी द्वारा अपने दोस्त के किराये के मकान में ले जाकर शादी का झांसा देकर कई बार जबरदस्ती शारीरिक संबंध ब आरोपी राजेश सोनी पिता भास्कर सोनी उम्र 19 वर्ष निवासी गीदम को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

# लघुवनोपज प्रबंधक संघ की बेमुद्दत हड़ताल तीसरा दिन भी जारी

### छत्तसीगढ़ राज्य लघुवनोपज संघ ने सेवा शर्तों में सुधार के लिए बनाई कमेटी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 9 फरवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य लघुवनोपज प्रबंधक संघ की प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल के तीसरे दिन भी प्रदेश के 31 जिला यूनियन में प्रबंधकों का हड़ताल जारी रहा। प्रबंधक संघ का कहना है कि 36 वर्ष हो गए अब हमारे पास खोने को कुछ नही। जब तक हमारी मांगे पूर्ण नही हो जाती हम हड़ताल वापस नही लेंगे। हड़ताल के तीसरे ही दिन आज राज्य लघुवनोपज संघ द्वारा प्रबंधक सेवा नियम में सुधार हेतु कमेटी का गठन किया गया। जिसे छत्तीसगढ़ प्रबंधक संघ के अध्यक्ष रामाधर लहरे ने पूर्ण रूप से नकार दिया। श्री लहरे ने बताया कि हम प्रदेश के 902 प्रबंधक 1988 से प्रबंधक पद पर काम कर रहे है। जब भी हम अपनी आवश्यक मांगों को रखते है अधिकारी हमारी उन्हें दबाने एवं हमें भटकने के लिए अनेक प्रकार के षड्यंत्र रचने लगते हैं। इस बार पुनः उन्होंने 6 लोगो की कमेटी का गठन किया है। जिससे हम अपनी मांगों से भटक जाएं। 36 वर्षो से प्रबंधक पद पर कार्य करते हुवे हमने 36 कमेटियां देखी है लेकिन उनका रिज़ल्ट आज भी शून्य है। जिस चीज का आदेश हो गया है उसका पालन करना चाहिए। कमेटी बनाने से कुछ नही होता। जब 2016 में हमारा सेवा नियम बन गया है। आदेश भी प्रदेश के 902 प्रबंधकों को मिल गया है उसके बाद कमेटी की जरूरत क्यो पड़ रही है। प्रदेशाध्यक्ष ने बताया सेवा नियम के अनुसार ही आज हमारी नियुक्ति, 62वर्ष में रिटायरमेंट, गुप्त प्रतिवेदन लिखा जा रहा है। सभी बिन्दुवों का पालन किया जा रहा है। किन्तु एक बिंदु जिसपे प्रदेश के प्रबंधकों का भविष्य जुड़ा है उसके लिए जबर्दस्ती कमेटी बनाने का नाटक किया जा रहा है। सेवानीयम की जिस बिंदु में लिखा है प्रबंधक एक वर्ष की परिक्षावधि के बाद नियमित माने जाएंगे। हमारा मांग सिर्फ इस बिंदु को पूर्ण रूप से पारित कराना है। जिसके लिए कमेटी नही प्रबंधको के प्रति सही सोच जरूरी है। आगे श्री लहरे ने बताया कि हमारी मुख्य दोनो ही मांगे शासन से पास हो गई है। सिर्फ अधिकारियों द्वारा समय-समय पर शासन एवं हम प्रबंधको को गुमराह किया जा रहा है। चूंकि प्रबंधकों के नियमितीकरण का आदेश राज्य संघ ने 2016 के सेवनीयम में ही दे दिया था और 7,8 एवं 9 ग्रेडपे भी छत्तीसगढ़ राज्य लघुवनोपज संघ के प्रस्ताव में था। जिसे बाद में शासन एवं वित्त विभाग से सहमति भी मिल गई। इन दोनों ही बिन्दुवों को अधिकारियों द्वारा जबरदस्ती लटकाकर रक्खा गया है। जब तक ये मांगे पूर्ण नही हो जाती हड़ताल वापस लेने का सवाल ही नही उठता।

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मिला सभी का समर्थन:** आज छत्तीसगढ़ प्रबंधक संघ द्वारा प्रदेश के 31 जिला यूनियन के 902 प्रबंधकों से गूगल मीट के जरिये राय जाना गया। जिस पर प्रदेश के समस्त प्रबंधकों ने मांगे पूर्ण न होने तक हड़ताल में डटे रहने का निर्णय लिया। साथ ही संघ एवं प्रदेश के 902 प्रबंधकों ने अन्य संगठनों एवं मीडिया से मिल रहे सहयोग के लिए भी सभी का धन्यवाद किया है।

## एक नजर

### कार्यशाला में कृषि क्षेत्र में ऊर्जा एवं जल संरक्षण की जानकारी दी गई



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) एवं ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिसिएंसी (बीईई) भारत सरकार द्वारा किसानों में ऊर्जा एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र भलेसर में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र महासमुंद एसके वर्मा द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के तैल्य चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कृषि क्षेत्र में ऊर्जा एवं जल संरक्षण पर आधारित था। उक्त जागरूकता कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक वर्मा द्वारा कृषकों को कृषि क्षेत्र में जल का सदुपयोग, ऊर्जा और जल संरक्षण की वर्तमान स्थिति और भविष्य की सम्भावनाएं, संसाधनों के कुशल उपयोग के लिये सर्वोत्तम कृषि अध्ययन, अधिकतम उत्पादन प्राप्त करने के लिये जल संरक्षण और पानी का कुशल उपयोग, प्रमाणित फाइव स्टार रेटेड पंपों के चयन, स्थापना, पंपों के कुशल संचालन, मरम्मत और रखरखाव के लिए दिशा-निर्देश प्रमाणित स्टार रेटेड पंप के लाभ एवं कृषि कार्यों में बिजली की बचत विषयों पर वक्ताओं द्वारा कृषकों को दिशा-निर्देश एवं प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में घोड़ेसवार सहायक मृदा परीक्षण अधिकारी, रवीश केसरी वैज्ञानिक (वाटर एंड स्वाईल इंजी.), एसपी जायसवाल कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग, गणेश साहू सहायक अभियंता क्रेडा एवं राहुल मानिकपुरी उप अभियंता क्रेडा उपस्थित रहे।

### बिना लिखित पूर्व अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग आगामी आदेश तक प्रतिबंधित

**महासमुंद।** उच्चतम न्यायालय एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए दिए गए निर्देशानुसार विद्यार्थियों की पढ़ाई एवं परीक्षा, वृद्धाओं, निःशक्तजनों, रोगियों आदि की बाधा एवं लोक शांति को ध्यान में रखते हुए कोलाहल अधिनियम 1985 की धारा 04 एवं 05 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी प्रभात मलिक ने जिले की सीमा के अंतर्गत बिना लिखित पूर्वानुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग को आगामी आदेश तक प्रतिबंधित किया है।कलेक्टर प्रभात मलिक द्वारा ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने एवं मल्टी टोन हॉर्न, प्रेशर हॉर्न के साथ-साथ डीजे के विरुद्ध जब्तीकरण की कार्रवाई किए जाने तथा सम्यक जांच एवं जागरूकता अभियान चलाने के लिए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी, कार्यपालिक अधिकारी, थाना प्रभारी, नगर पालिका अधिकारियों का दल गठित किया गया है। गठित दल अपने-अपने थाना क्षेत्रों में ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम, 2000 एवं ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम 2010 के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित कराते हुए समय-समय पर स्थल निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

### फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन में 13215 नए मतदाता पंजीकृत

**महासमुंद।** फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 के संबंध में अंतिम प्रकाशन के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू द्वारा जानकारी दी गई कि फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के दावा आपत्ति के दौरान कुल 13215 नये मतदाता पंजीकृत हुए। जिसमें से 3728 युवा मतदाता ( 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के) पंजीकृत हुए। कुल 10298 मतदाताओं का नाम विलोपित हुआ है। इस दौरान कुल 75 विशेष पिछड़ी जनजाति के मतदाताओं को पंजीकृत किया गया है। बैठक में निर्वाचक नामावलियों के अंतिम प्रकाशन उपस्थित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को चारों विधानसभा क्षेत्र 30 सरायपाली, 40-बसना, 41-खल्लारी एवं 42-महासमुंद के समस्त मतदान केंद्र के फोटो रहित निर्वाचक नामावली की सॉफ्टकॉपी एवं फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली की हार्ड कॉपी उपलब्ध कराई गई। यह अवगत कराया गया कि निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन आज ही समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय समस्त तहसील/उप तहसील कार्यालयों, समस्त स्थानीय निकायों के कार्यालयों तथा समस्त मतदान केन्द्रों में भी कराया गया है।

### निर्वाचन कार्य में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण, अच्छे से लें ट्रेनिंग:कलेक्टर

**रायगढ़, 9 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गोयल की उपस्थिति में आज सृजन सभाकक्ष में आगामी लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर सेक्टर अधिकारियों को उनके कार्य एवं दायित्व के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर श्री गोयल ने सेक्टर अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि निर्वाचन का कार्य महत्वपूर्ण हैं और इसमें आपकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होगी। आपकी मेहनत और सतर्कता से विधानसभा निर्वाचन बेहतर तरीके से संपन्न हुआ हैं और अच्छे से रिवीजन करें ताकि आगामी लोकसभा निर्वाचन बेहतर तरीके से सपन्न हो सकें। निर्वाचन में निष्पक्षता महत्वपूर्ण हैं, इसका विशेष ध्यान रखें। आगामी निर्वाचन ग्रीष्म ऋतु में होगा। इसलिए सभी सेक्टर आधिकारी अपने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले, ताकि निर्वाचन कार्यों के दौरान दिक्कतों का सामना न करना पड़े। उन्होंने सभी सेक्टर अधिकारियों को मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर फीडबैक देने के निर्देश दिए।

# राजनीतिक अनुभव रखने वाले रमेश साहू के नाम की चर्चा महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में जोरों पर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम,9 फरवरी।** लोकसभा चुनाव की तिथियां ज्यों ज्यों नजदीक आती जा रही है। धमतरी महासमुंद एवं गरियाबंद जिले के नेताओं की धड़कनें तेज होती जा रही है तीनों जिला से टिकट मांगने वालों की होड़ लगी हुई है। वैसे भी महासमुंद लोकसभा क्षेत्र शुरू से ही दिलचस्प रहा है यहां से पंडित विद्याचरण शुक्ला अपने नौ बार के संसदीय कार्यकाल में 6 बार महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से चुनाव जीतकर दिल्ली पहुंचे हैं सन् 1952 से अब तक 16 बार कांग्रेस ने जीत दर्ज की है तथा पांच विपक्षी दलों की जीत हुई है। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आठ विधानसभा क्षेत्र आते हैं इनमें से छह सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित है। महासमुंद बसना कुरूद खल्लारी राजिम धमतरी, एससी सरायपाली एटी बिंद्रानवागढ़ हैं। खरोरा महासमुंद से कृषक परिवार से ताल्लुक रखने वाले रमेश साहू अपने छात्र जीवन से ही राजनीति में पांव रख लिया था तब से लेकर लगातार जनता के बीच पहुंच रहे हैं और उनके दुख दर्द के सहभागी बन रहे हैं। सन् 2000 से 2006 में कृषि उपज मंडी समिति से निर्वाचित प्रतिनिधि बने और इसके बाद तो इन्होंने पलटकर नहीं देखा और लगातार सामाजिक राजनीतिक पदों पर बने रहे। साहू जी जहां भी खड़ा हो जाए उनके काम बोलता है। इनकी सोच महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में हर सुविधा दिलाना है। इनके सरल स्वभाव एवं आम जनता के बीच बैठकर घुल मिल जाना आदत में शुमार है। इन्होंने एक चर्चा के दौरान बताया कि मोदी की लहर पूरे देश में है। इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह तथा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के मार्गदर्शन में 400 प्लस सीट आएगी। छत्तीसगढ़ का पूरा 11 लोकसभा सीट भाजपा के झोली में आएगी। जनता पूरी तरह से समझ चुकी है कि उन्हें किसे अपना मत देना है। जो राष्ट्रवाद की बात कर रहा है लोगों को सुविधा दे रही है उसे जनता देख रही है उन्हें कुछ कहने की जरूरत नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार ने कुछ ही दिनों में प्रदेश के विकास प्रतिशत को आगे बढ़ा दिया है। महतारी वंदन योजना के माध्यम से माताओं को प्रतिवर्ष ?12000 मिलेंगे। किसानों का पूरा 21 क्विंटल धान खरीदा गया है। भाजपा के नेतृत्व में यह पहली सरकार है जिन्होंने किसानों से समर्थन मूल्य में 3100 रुपए क्विंटल पर खरीदी की है। अंतर की राशि शीघ्र मिलेगी। मोदी जी ने हर व्यक्ति का जीरो बैलेंस में खाता खुलवाकर बैंकिंग से जोड़ दिया है स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत तथा शौचालय योजना ने की तारीफ विदेश में भी हो रही है। इस बार मैं पूरे मन से महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के लोगों की सेवा करने के लिए तत्पर हूं।

## कुछ युवकों ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**महासमुंद, 9 फरवरी।** छत्तीसगढ़ की राजनीति में युवा की भूमिका अहम रहती है. दरअसल वे युवा ही होते हैं जो कैम्पेनिंग चला कर पार्टी के पक्ष में माहौल बनाते हैं. बाइक रैली या अन्य आंदोलनों में शामिल होकर पार्टी का पक्ष मजबूत रखते हैं. लोकसभा चुनाव को कुछ ही महीने शेष रह गए हैं ऐसे में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में कुछ युवकों ने कांग्रेस पार्टी के जिम्मेदार पदों से इस्तीफा दे दिया है. मिली जानकारी के मुताबिक जिले के सरायपाली विधानसभा के पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष संजय चौधरी, बसना विधानसभा सोशल मीडिया संयोजक पालेश्वर पटेल, युवा कांग्रेस जिला महासचिव संजीव नायक, जुगल किशोर पटेल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है.

बता दें कि यह चारों युवा कांग्रेस में लंबे समय से जुड़े थे और संगठन के कई पदों पर जिम्मेदारी लेकर धरातल पर काम रह रहे थे. जब छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार नहीं थी तब से इन युवाओं के द्वारा कांग्रेस पार्टी में युवा टीम को मजबूत करने कई कैम्पेन चलाया गया था. अब ये युवा पार्टी में कोई पद की जिम्मेदारी नहीं लेते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता के रूप में काम करेंगे.

## वर्तमान में महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों की बराबरी कर रही



**महासमुंद।** शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में भाजपा महिला मोर्चा महासमुंद द्वारा नवयुवती सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सरला कोसरिया थीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती सुजाता विश्वनाथन, जिला मंत्री निरंजना शर्मा उपस्थित रहीं। अध्यक्षता महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती सुधा साहू ने की।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना विकसित भारत 2047 अंतर्गत देश की नवयुवतियों को जागृत करने, उनकी मेधा को पल्लवित करने एवं समाज में उनके योगदान को स्थापित करना था। इस अवसर पर विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालयीन छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रंगोली, वाद-विवाद, भाषण स्पर्धा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया।इस अवसर पर अतिथियों ने नवयुवतियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में महिलाएं हर जगह पुरुषों की बराबरी कर रही हैं। फिर वह कोई भी क्षेत्र हो सेना या पुलिस विभाग, छोटे से लेकर बड़े पदों पर महिलाएं तैनात हैं और अपने मजबूत इरादों से खुद की पहचान बनाई है। युवतियां अपने अधिकारों को समझें व नित नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर हों। आज के समय में महिलाएं देश के विकास में पुरुषों के बराबर योगदान कर रही हैं और सामाजिक व राजनीतिक सभी प्रकार की बाधाओं को पार करते हुए आगे बढ़ रही हैं।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. वाणी तिवारी ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रीमती कौशल्या देवी बंसल, श्रीमती पार्वती साहू, सुरेखा कंवर, सुशील कांति पटेल, गोपा साहू, लक्ष्मी साहू, प्रीति सोनी, सुनीता साहू, शुभ्रा शर्मा, डिगेश्वरी साहू, गिरिजा दास, चुनेश्वरी साहू, भगवती करकसे, सारिका यादव, सुनीता देवांगन एवं प्राचार्य डॉ. एसबी कुमार सहित महाविद्यालयीन शिक्षकाएं एवं छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थीं।



### नेण्ड्रा में माओवादियों के बनाये गये 3 स्मारक ध्वस्त

**बीजापुर,9 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना बासागुड़ा से जिला बल एवं केरिपु 168/एफ समवाय की टीम निकली थी माओवादी विरोधी अभियान परनेण्ड्रा में माओवादियों के द्वारा निर्मित क्रमशः 12-08-06 फिट के माओवादी स्मरक को सुरक्षा बलों ने किया ध्वस्तथाना बासागुड़ा और केरिपु 168/एफ कंपनी की संयुक्त कार्यवाही।

### 13 हजार 487 करोड़ रुपए का तृतीय अनुपूरक अनुमान विधानसभा में पारित

**रायगढ़, 9 फरवरी।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 13 हजार 487 करोड़ रुपए का तृतीय अनुपूरक अनुमान ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने सोमवार को विधानसभा में तृतीय अनुपूरक अनुमान प्रस्तुत किया था जिसे आज सदन में चर्चा के बाद ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। अनुपूरक अनुमान पारित होने के बाद वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने कहा कि हमारी सरकार लोगों के लिए समर्पित सरकार है और हमारे बजट में हर वर्ग के उत्थान और समाज के कल्याण की भावना समाहित है। मोदी जी की एक और गारंटी को पूरा करने के लिए तृतीय अनुपूरक अनुमान में राज्य सरकार की महत्वकांक्षी कृषक उन्नति योजना के लिए 12 हजार करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। मोदी जी की गारंटी में किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से खरीदने का वादा किया गया था। वर्तमान में धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर की गई है। कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों को अंतर की राशि का भुगतान जल्द किया जाएगा।

## महादेव एप मामले में निलंबित आरक्षक भीम सिंह बर्खास्त

**भिलाई, 9 फरवरी।** भिलाई महादेव आनलाइन सट्टा एप मामले में निलंबित आरोपित आरक्षक भीम सिंह यादव को एसपी दुर्ग ने पुलिस सेवा से बर्खास्त कर दिया है। एसपी को बर्खास्तगी का आदेश जारी कर दिया। बुधवार को आरोपित आरक्षक के भाई अर्जुन सिंह यादव को बर्खास्त किया गया था। अर्जुन सिंह अभी फरार है। महादेव सट्टा एप मामले में आरोपित भीम सिंह यादव का भाई आरक्षक अर्जुन सिंह यादव सहयोगी के रूप में शामिल था एसपी जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय रायपुर (ईडी) ने मनी लाड्रिंग के मामले में सुपेला थाना में पदस्थ आरक्षक भीम सिंह यादव को गिरफ्तार किया है प्रवर्तन निदेशालय द्वारा





आनलाइन अवैध सट्टेबाजी वेबसाइट महादेव आनलाइन बुक विरूद्ध के तहत जांच की जा रही है जांच के दौरान महादेव आनलाइन बुक के सट्टेबाजी संचालन में आरक्षक भीम सिंह यादव की संलिप्तता का राजफाश हुआ है दुर्ग एसपी ने कहा कि जेल में बंद आरक्षक का कृत्य अत्यंत गंभीर प्रकृति का है। इसके साथ ही उन्होंने आरक्षक के इस कृत्य की जांच युक्तियुक्त रूप से व्यवहार्य नहीं है, क्योंकि आरक्षक (हाल निलंबित) का कृत्य पुलिस रेग्यूलेशन एक्ट के प्रावधान के तहत पुलिस पदाधिकारी केवल पुलिस सेवा के लिए अपना पूरा समय लगाएगा। वह किसी भी व्यापार या व्यवसाय में जैसा भी हो, भाग नहीं लेगा जब तक कि ऐसा करने के लिए स्पष्ट रूप से अनुमति प्राप्त न हो दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि ऐसी स्थिति में कर्मचारी का पुलिस जैसे अनुशासित विभाग में बने रहना विभाग व जनहित में उचित नहीं मानते हुए गंभीर आपराधिक कृत्य प्रदर्शित करने पर कड़ी कार्रवाई की गई है जिससे समाज में विभाग के उच्च स्तरीय मानकों की छवि बरकरार रहने के साथ ही विभागीय व्यवस्था सुदृढ बनी रहे।

# छत्तीसगढ़ और ओडिशा के 8 जिलों के कलेक्टर,एसपी झारसुगुड़ा में जुटे, लॉ एंड ऑर्डर की साझा रणनीति पर हुआ गहन मंथन

**रायगढ़, 9 फरवरी।** आगामी लोकसभा निर्वाचन के दौरान सीमावर्ती इलाकों में लॉ-एंड ऑर्डर व्यवस्था व अंतर्राज्यीय समन्वय को लेकर छत्तीसगढ़ और ओडिसा के 8 जिलों के कलेक्टर और एसपी की महत्वपूर्ण बैठक झारसुगुड़ा में आयोजित हुई। आईजी नॉर्दन रेंज संबलपुर, श्री हिमांशु कुमार लाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट झारसुगुड़ा के सभाकक्ष में हुई बैठक में रायगढ़ से कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव व सहायक कलेक्टर श्री युवराज मरमट शामिल हुए। रायगढ़ के अलावा सारंगढ़-बिलाईगढ़, जशपुर और ओडिसा के झारसुगुडा, बरगढ़, सुंदरगढ़, संबलपुर, पदमपुर जिलों के कलेक्टर-एसपी बैठक में उपस्थित रहे।




बैठक में कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने निर्वाचन के दौरान लॉ-ऑर्डर बनाए रखने को लेकर दोनों राज्यों के मध्य इंटेलिजेंस और सूचनाओं के आदान-प्रदान और रणनीतिक समन्वय पर जोर दिया। जिसमें प्रमुख रूप से ओडिशा और छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती गांवों की सूची व यहां की जरूरी सूचनाएं दोनों राज्यों के मध्य आपस में साझा की जायेगी। अवैध हथियार एवं शराब परिवहन पर कार्यवाही हेतु सूचनाएं, असामाजिक तत्वों, उपद्रवियों, आदतन अपराधियों एवं निगरानी बदमाशों की सूची का आदान-प्रदान होगा। जिससे उन पर नजर रखी जा सके। अन्य राज्यों के सीमावर्ती जिलों में निरुद्ध अपराधियों के लंबित एवं स्थायी वारंटों की जानकारी का आदान-प्रदान करना एवं वारंटों की तामील हेतु प्रयास करने को लेकर चर्चा की गई। पिछले चुनाव के दौरान अपराधों में शामिल अपराधियों की सूची भी साझा किए जाने को लेकर अधिकारियों के बीच समन्वय से काम करने को लेकर सहमति बनी। कलेक्टर श्री गोयल ने इंटर स्टेट मीटिंग में सीमावर्ती पुलिस स्टेशनों में निरंतर संचार के लिए छत्तीसगढ़ में ओडिशा राज्य के ऑपरेटर के साथ ओडिशा के सीमावर्ती पुलिस स्टेशन में और छत्तीसगढ़ राज्य के ऑपरेटर के साथ वायरलेस सेट रखे जाने पर भी बल दिया जिससे त्वरित रूप से सूचनाएं संबंधित अधिकारियों तक पहुंचे और कार्यवाही सुनिश्चित हो। चुनाव में शराब, ड्रग्स, कैश, वोटर को लुभाने के लिए बांटने वाले सामग्रियों के परिवहन की निगरानी के लिए इंटर बॉर्डर जांच चौकियां बनाने और उनमें समन्वय के साथ दोनों राज्यों की पुलिस टीम की तैनाती और संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल के लिए साझा रणनीति के साथ काम करने को लेकर दोनों राज्यों के अधिकारियों के बीच सहमति बनी। इसके साथ ही जो इंटर स्टेट बॉर्डर से आवागमन के प्रमुख और वैकल्पिक मार्ग के क्रॉस प्वाइंट की जानकारी साझा की जायेगी जिससे यहां कड़ी निगरानी की जा सके।बैठक में कलेक्टर सारंगढ़-बिलाईगढ़ श्री के.एल.चौहान, एसपी सारंगढ़-बिलाईगढ़ श्री आशुतोष सिंह, कलेक्टर सुंदरगढ़ डॉ.गवली पराग हर्षद, कलेक्टर झारसुगुड़ा सुश्री अबोली सुनील नरवने, एसपी झारसुगुड़ा श्री परमार स्मित परषोत्तम दास, एसपी संबलपुर श्री मुकेश भामू, एसपी बरगढ़ श्री प्रहलाद सहाय मीणा, एसडीएम सारंगढ़ श्री वासु जैन, प्रोबेशनर आईएएस झारसुगुड़ा सुश्री सस्या रेड्डी, प्रोबेशनर आईएएस संबलपुर सुश्री ए.स्नेहा, एसडीएम जशपुर श्री प्रदीप राठिया, एसडीओपी धरमजयगढ़ श्री दीपक मिश्रा, एसडीओपी जशपुर श्री विनोद कुमार, मास्टर ट्रेनर श्री राजेश डेनियल बैठक में उपस्थित रहे।

**प्राथमिकता में हो गोदामों की जांच** -कलेक्टर श्री गोयल ने बैठक में निर्वाचन क्षेत्रों में गोदामों की जांच प्राथमिकता से करने की बात रखी। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती इलाकों में गैर पंजीकृत गोदामों में मतदाताओं को लुभाने के लिए बांटने वाली सामग्रियों को जमा कर के रखने की घटनाएं सामने आती है। अतः पुलिस प्रशासन द्वारा समय-समय पर ऐसे गोदामों की जांच किया जाना बेहद जरूरी है। उन्होंने साथ ही कहा कि बैंकिंग सेक्टर व ऑनलाईन डिलीवरी जैसे माध्यमों पर भी सतत् निगरानी आवश्यक है।

वाहनों के आवाजाही पर भी रखी जाए कड़ी नजर- कलेक्टर श्री गोयल ने सीमावर्ती इलाकों से गुजरने वाले भारी वाहनों के साथ छोटे वाहनों की भी कड़ी निगरानी की बात रखी। उन्होंने कहा कि इसमें सूचना तंत्र की भूमिका अहम है। क्योंकि कई बार वाहनों में छिपाकर धनराशि, आभूषण, मदिरा तथा बांटने वाली सामग्री का परिवहन किया जाता है। जिसे रोकने के लिए आपसी समन्वय अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## कलेक्टर ने ली स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक



**बीजापुर,9 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर जिला के सुदूर एवं अतिसंवेदन क्षेत्रों में स्वास्थ्य अमला नियमित पहुंचकर ग्रामिणों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कार्यों की समीक्षा बैठक ली। जिसमें विकास कार्यों का जायजा लेकर शासन की विभिन्न योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।बैठक में कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न सेवा संवर्ग के स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पदों की जानकारी ली। छात्रावास एवं आश्रमों में स्कूली बच्चों का नियमित स्वास्थ्य जांच करने एनिमिक एवं गर्भवती महिलाओं को आयरन फॉलिक एसिड की गोली खाने के लिए लोगो में जागरूकता लाने की बात कही।स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले में संचालित नवाचार एवं सामुदायिक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जिसमें गर्भवती महिलाओं में विशेष योगाभ्यास,सुरक्षित शिशु स्वास्थ्य अभियान, सिरहा गुनिया सम्मेलन, अंदरूनी इलाकों में मोटर बाईक एम्बुलेंस, एएनएम को कीटबैग वितरण की जानकारी दी। कलेक्टर ने सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को बेहतर कार्य करने, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की जांच नियमित रूप से करने का कलेक्टर ने निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अजय राम टेके, सिविल सर्जन डॉ यशवंत कुमार ध्रुव,बीएमओ,बीपीएम एवं सेक्टर इंचार्ज उपस्थित थे।

## भोपालपटनम दौरे पर जिला सीईओ ने ग्राम पंचायत केश बुक पीएम आवास का किया निरीक्षण




**बीजापुर,9 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमंत रमेश नंदनवार गुरुवार को भोपालपटनम के दौरे पर रहे। इस दौरान महतारी वंदन योजना सहित पीएम आवास एवं विभाग की अन्य योजनाओं की जमीनी हकीकत की पड़ताल कर सुधार हेतु निर्देश दिए सर्वप्रथम ग्राम पंचायत मद्देड में पंचायत के केश बुक का परीक्षण कर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए साथ ही महतारी वंदन योजना पर चर्चा की। प्रधानमंत्री आवास योजना का कार्य स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण कर जल्द पूर्ण करने निर्देशित किए। इस दौरान श्री नंदनवार का संवेदनशील सोच भी देखने को मिली बालक आश्रम भोपालपटनम में दिव्यांग छात्र रितिक कुमार को तत्काल चिकित्सकीय परीक्षण और स्वास्थ्य लाभ के लिए हास्पिटल ले जाने के निर्देश देने के साथ कक्षा प्रथम से तीसरी तक स्थानीय बोलचाल की भाषा द्व बोली जैसे तेलगु , गोंडी, हल्बी में बच्चों को पढ़ाने शिक्षकों को निर्देशित किया। गुरुवार को जन्मदिवस भी होने के कारण नंदनवार ने अपना जन्मदिन बच्चों के साथ केक काटकर मनाया।

### संवेदनशील क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच



**बीजापुर,9 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अजय रामटेक तथा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ विकास गवेल के मार्गदर्शन में 07 फ़रवरी दिन बुधवार को विकासखंड स्तरीय चिकित्सा दल द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर मनकेली के अंतर्गत सुदूर पंहुच विहीन ग्राम कोकरा में स्वास्थ्य जाँच उपचार शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कोकरा-इसूलनार क्षेत्र के कुल 186 ग्रामीण मरीजों और हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया गया । शिविर में 06 गर्भवती महिलाओं का पंजीयन और 37 हृष्ठ स्क्रीनिंग किया गया जिसमें रक्तचाप के 2 और मधुमेह के 1 मरीज उपचारित किए गए, 40 सिकलसेल जाँच में 01 पॉजीटिव और 88 मलेरिया जाँच में 07 क्क्ष मलेरिया और 01 स्द्ध× मलेरिया के मरीजों आवश्यक दवाई के साथ चिकित्सकीय सलाह दी गई ; साथ ही सर्दी-खांसी के 32, खुजली के 21,उल्टीदस्त के 06, कान दर्द 07, नेत्र रोग 08, और अन्य 58 मरीजों को चिकित्सा सुविधा मुहैया किया गया । शिविर में विशेष तौर पर हृष्ठ स्क्रीनिंग और कैंसर रोग जनजागरण कार्यक्रम के तहत उपस्थित ग्रामीणों को कैंसर रोग के कारण लक्षण जाँच और उपचार की जानकारी दी गई साथ ही जिला अस्पताल बीजापुर में कैंसर के इलाज की सुविधा उपलब्ध होने की जानकारी दी गई। विकासखंड बीजापुर और पंचायत मनकेली अंतर्गत ग्राम कोकरा में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में ब्लॉक नोडल अधिकारी हृष्ठ नीलकण्ठ जोशी (ऋ़) और बीपीएम श्री दीपक देवांगन के साथ आरएचओ रोशन बेक कैलाश मांझी दीपक साहनी स्मृति ठाकुर सुनील तलांडी ;बीसी मितानिन कार्यक्रम रोशनी और सुनीता ने शिविर में सहयोग किया ।

### सीईओ ने आश्रम के बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन



**बीजापुर,9 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार जनपद पंचायत भोपालपटनम के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने अपना जन्मदिन आश्रम के बच्चों के साथ केक काटकर मनाया। नन्हे बच्चों ने इस अवसर पर उन्हें आत्मीयता पूर्वक ताली बजाकर बधाई दी।

### जिओ मोबाइल टॉवर में माओवादियों ने लगाई आग

**बीजापुर,9 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दिनांक 07/02/2024 के रात्रि 20.00 बजे बेंचरम में स्थित जिओ मोबाइल टावर के जनरेटर एवं अन्य उपकरण में सशस्त्र माओवादियों द्वारा आगजनी की गई है ।पुलिस थाना जांगला की टीम द्वारा मौके पर जाकर तस्दीक पर गया कि बेंचरम में स्थित जिओ मोबाइल टावर में आगजनी की गई है, टॉवर में लगे उपकरण एवं जनरेटर को नुकसान हुआ है । आसपास प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के पर्चा एवं पाम्पलेट मिले ।थाना जांगला में रिपोर्ट पर प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है क्षेत्र में गश्त सर्चिंग जारी है ।



# सीईओ ने महतारी वंदन योजना व पीएम विश्वकर्मा योजना के संबंध में ली सचिवों की बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 9 फरवरी।** सिमगा जनपद पंचायत के सभाकक्ष में सीईओ अमित दुबे ने महतारी वंदन योजना के तहत सचिवों की मैराथन बैठक ली। बैठक में ग्राम पंचायतों के सचिवों को महतारी वंदन योजना छत्तीसगढ सरकार द्वारा 01 मार्च 2024 से लागू किया जा रहा है जिसके संबंध में ग्राम पंचायतों के सचिवों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें सर्वप्रथम महतारी वंदन योजना के संबंध में पात्रता के श्रेणी में आने वाले महिलाओं की जानकारी दिया गया जिसमें सर्वप्रथम आयु सीमा 01 जनवरी 2024 को आयु 21 वर्ष होना अनिवार्य है एवं उच्चतम आयु को कोई बंधन नही है, इसी प्रकार महिला छत्तीसगढ की मूल निवासी हो तथा विवाहित हो। अपात्रता की श्रेणी में शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी जो प्रथम श्रेणी/द्वितीय श्रेणी/तृतीय श्रेणी एवं संविदा कर्मचारी के परिवार के साथ साथ आयकर दाता के परिवार के महिलाओं को इस योजना का लाभ नही मिलेगा साथ ही साथ लोकसभा एवं विधानसभा के सदस्यों के साथ साथ राज्य सरकार के बोर्ड निगम मंडल के वर्तमान एवं पूर्व अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के परिवार के महिलाओं को इस पात्रता नही होगी। छत्तीसगढ़ शासन के इस योजना के तहत प्रत्येक पात्र महिला को 1 हजार रूपए प्रतिमाह के मान से राशि का भुगतान आवेदिका के आधार लिंक डीबीटी आधारित बैंक खाते में किया जावेगा।

ऐसी महिलाएं जिनकों राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार की सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत पेंशन योजना में 1 हजार रूपए से कम प्राप्त हो रही है, उन्हे शेष राशि इस योजना के तहत प्राप्त होगी। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत के आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं ग्राम पंचायत सचिवों के लागिन आईडी से आवेदन ऑनलाईन भरा जावेगा, जिसके संबंध में उपस्थित सचिवों को प्रशिक्षण में अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत के पात्र महिलाओं का आवेदन गंभीरता पूर्वक परीक्षण कर ग्राम पंचायत में पंजीयन रजिस्टर संधारित करते हुए पंजीयन रजिस्टर में दर्ज किया जावें एवं प्रतिदिन प्राप्त आवेदनों का ऑनलाईन दर्ज करने हेतु प्रशिक्षण में अवगत कराया गया। आवेदन प्रक्रिया के संबंध में निर्देशित किया गया कि आवेदन पत्र भरने की सम्पूर्ण प्रक्रिया निःशुल्क होगी। आवेदन पत्र ग्राम पंचायत कार्यालय संबंधित ग्राम पंचायत के वार्ड एवं आंगनबाडी केन्द्र में आवेदन पत्र भरने हेतु ग्राम पंचायत क्षेत्रों में व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करने हेतु उपस्थित सचिवों को ग्राम के कोटवारों से मुनादी कराने हेतु ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देशित किया गया। इस बैठक में विशेष रूप से श्रेष्ठ सम्भरकर महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना अधिकारी, मुरलीकांत यदु एसबीएम बीसी, एस.के.गेण्डरे डीईओ, हरिश्चन्द्र साहू करारोपण अधिकारी एवं विरेन्द्र कुमार वर्मा कम्प्यूटर ऑपरेटर उपस्थित थे।



## एक नजर

### सभी शासकीय व प्राइवेट स्कूलों में लगेगा सिकलिन जांच व आयुष्मान कार्ड शिविर

**भाटापारा, 9 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सभी शासकीय और प्राईवेट स्कूलों मे सिकलिंग जांच व आयुष्मान कार्ड स्वास्थ्य विभाग के द्वारा बनाया जा रहा है सिविल अस्पताल के बीएम ओ डा. राजेन्द्र माहेश्वरी ने बताया आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आधारकार्ड, राशन कार्ड और मोबाईल नम्बर देना होगा। उन्होने कहा कि जिनके आयुष्मान कार्ड नही बने हैं वे अपना कार्ड बनवा सकते हैं।

### शराब दुकान के बाहर सिपाही करते हैं लोगों से अवैध वसूली

**सिमगा, 9 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सिमगा अवैध वसूली की तो हद हो गई सिमगा के दमदार सिपाहियों के अनेक कारनामे है पर हद से ज्यादा आजकल कुछ खास सिपाही चर्चित नाम कमा रहे हैं सिमगा के देसी मदिरा दुकान के पास दिखाई देते हैं सुबह मदिरा दुकान खुलने से पहले दबीस देते हुए रात के अंधेरे में दुकान के बंद होते कई बार यह सिपाही नजर आते हैं कई घटना हो चुकी है कि लोगों को मदिरा के बोतल समेत पकड़ने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई और बाहर के बाहर निपटारा भी हो गया जनता समाज और कानून के रखवाले ही कानून और नियम तोड़ेंगे तो आम जनता क्या करेगी कई सिपाहियों की तो उच्च अधिकारियों से लिखित में शिकायत भी हुई है ऐसी एक घटना आज दिनांक 7.2.2024 की है दो सिपाही देसी मदिरा दुकान के बाहर चुप कर बैठे थे उन्हें जानकारी मिली कि एक व्यक्ति लिमिट से ज्यादा देसी मदिरा लेकर जाने वाला है विशेष जानकारी के अनुसार आम जनता में चर्चा है कि 40 देसी पव्वा मदिरा था उसे व्यक्ति को पकड़ कर उसे अवैध वसूली कर मामला बाहर के बाहर रखा दफ़ा कर दिया गया।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 10, शिशु संरक्षण माह 16 फरवरी, राष्ट्रीय पल्स पोलियो दिवस तीन मार्च से

**बालोद, 9 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे. एल. उइके के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पोषण से संबंधित तीन राष्ट्रीय कार्यक्रम राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस, शिशु संरक्षण माह एवं राष्ट्रीय पल्स पोलियो दिवस का आयोजन जिले में वृहद रूप से किया जायेगा। उक्त संबंध में कलेक्टर के अध्यक्षता में जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स का बैठक आयोजित किया गया, जिसमें सभी संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिया गया। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जे. के. सिंह ने बताया कि बच्चों तथा किशोर-किशोरियों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर, एनीमिया के रोकथाम, बौद्धिक विकास तथा शाला में उपस्थिति में सुधार हेतु जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन 10 फरवरी को किया जावेगा। जिसके अन्तर्गत 1 से 19 वर्षीय बच्चों तथा किशोर-किशोरियों को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजॉल 400 मि.ग्रा. की गोली का सेवन, कराया जायेगा तथा छुटे हुए बच्चों को 15 फरवरी मॉपअप दिवस में कृमिनाशक दवा का सेवन कराया जायेगा। इस बार जिले के कुल 3 लाख 14 हजार 93 बच्चों को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजॉल खिलाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके संबंध में सभी आवश्यक तैयारियों पूर्ण किया जा चुका है। इसी प्रकार 5 वर्ष से कम आयु के शिशुओं में कुपोषण जनित बीमारियों में कमी लाने हेतु जिले में शिशु संरक्षण माह का आयोजन 16 फरवरी से 22 मार्च मार्च के बीच प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार को किया जायेगा। जिसके अन्तर्गत 9 माह से 5 वर्ष तक के आयु वाले 75 हजार 268 बच्चों को विटामिन-ए का सिरप तथा 6 माह से 5 वर्ष तक के 79 हजार 696 बच्चों को आयरन सिरप सप्ताह में दो बार सभी स्वास्थ्य केन्द्रों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में निःशुल्क पिलाया जायेगा। इसके अलावा राष्ट्रीय पल्स पोलियो दिवस का आयोजन 3 मार्च 2024 को किया जायेगा। जिसके अन्तर्गत शून्य से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो वैक्सीन पिलाया जायेगा। जिले के कुल 78 हजार 388 बच्चों को पोलियो वैक्सीन पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें प्रथम दिवस बूथ लेवल पर तथा द्वितीय एवं तृतीय दिवस छुटे हुए बच्चों को घर-घर भ्रमण कर पोलियो वैक्सीन का खुराक पिलाया जायेगा।' उपरोक्त सभी राष्ट्रीय कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, तकनीकी शिक्षा विभाग तथा ग्रामीण एवं पंचायत विभाग के विभागीय समन्वय के साथ किया जायेगा।

गौण खनिज खदानों के नियमित संचालन के लिए पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त करने कलेक्टर की अध्यक्षता में कार्यशाला सह बैठक का हुआ आयोजन

# गौण खनिज के खदानों का नियमानुसार ही संचालन किया जाएगा : चंदन कुमार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 9 फरवरी।** खनिज विभाग द्वारा जिले में स्थित गौण खनिज खदानों के नियमित संचालन बनाये रखे जाने हेतु पर्यावरण स्वीकृति के लिए वर्तमान में हुए व्यापक बदलाव एवं पर्यावरण विभाग सहित अन्य विभागों के निर्देशों के अनुक्रम में नियमों की जानकारी प्रदान हेतु आज कलेक्टर चंदन कुमार की अध्यक्षता में कार्यशाला सह बैठक का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में संपन्न हुई। कार्यशाला में गौण खनिज के खदानों के नियमित संचालन हेतु पर्यावरण स्वीकृति के नए नियमों एवं प्रावधानों की विस्तृत जानकारी पट्टेदारों को दी गई। कलेक्टर चंदन कुमार ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि गौण खनिज के खदानों का नियमानुसार ही संचालन किया जाना होगा। बिना आवश्यक अनुमति एवं पर्यावरण स्वीकृति के किसी भी गौण खनिज खदानों का संचालन करने नहीं दिया जायेगा और यदि कोई ऐसे बिना अनुमति के गौण खनिज के खदानों का संचालन करते पाया गया तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई खनिज विभाग के द्वारा की जायेगी। साथ ही, कुमार ने कहा कि पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त किए जाने हेतु वन, खनिज एवं ग्राम पंचायतों से अनुमति, अनापत्ति प्राप्त किए जाने हेतु जिला प्रशासन की ओर से समन्वय कार्य करने हेतु संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए है ताकि आगामी 10 दिनों के भीतर संबंधित विभागों से उक्त सभी कार्रवाई पूर्ण कर ली जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यदि किसी पट्टेदार को पर्यावरण स्वीकृति, अनुमति सहित अन्य नियमों के बारे में जानकारी संबंधित समस्या होती है तो उनकी यथा संभव मदद प्रशासन की ओर से की जायेगी।

जिला खनिज अधिकारी कुंदन बंजारे ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (डीइआईएए) द्वारा मार्च 2016 से लेकर अक्टूबर 2018 तक जिले में स्थित गौण खनिज के खदानों को पर्यावरण की स्वीकृति प्रदान की गई थी। उनकी अवधि अब समाप्त हो गई है। ऐसे पट्टेदारों को पृथक से सीईआईएए से अनुमति प्राप्त किया जाना अनिवार्य है साथ पट्टेदारों के द्वारा मान्य प्राप्त व्यक्तियों के द्वारा पर्यावरण विभाग के परिवेश पोर्टल में टोर 42 एवं पर्यावरण स्वीकृति ईसी 22 आवेदन प्राप्त हैं। जिनमें से 12 को टोर एवं 7 पर जिला प्रशासन द्वारा जन सुनवाई की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। उक्त कार्यशाला में जिले के सभी खदानों के पट्टेदार सहित पर्यावरण विभाग के आला अधिकारी गण उपस्थित रहे। गौरतलब है कि जिले में मुख्य खनिज चुना पत्थर के 23, गौण खनिज चुना पत्थर 67, फ़र्शी पत्थर 3, मिट्टी 5, रेत 27 खदानें स्थित है।

# सदानंद कुमार ने किया वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक का पदभार ग्रहण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 9 फरवरी।** 8 फरवरी को, सदानंद कुमार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के रूप में पदभार ग्रहण किया।, सदानंद कुमार इसके पूर्व भी वर्ष 2014 में लोकसभा चुनाव के दौरान 12 अप्रैल से 13 जून 2014 तक पुलिस अधीक्षक जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के रूप में पदस्थ रहे हैं। चार्ज लेते ही सर्वप्रथम, सदानंद कुमार द्वारा जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों का बैठक लिया गया। बैठक में उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत अच्छा कार्य करें, किसी भी फरियादी अथवा प्रार्थी की पूरी मदद करने की कोशिश करें, उनके दिए गए आवेदन अथवा रिपोर्ट पर क्विक रिस्पांस कर उसका तुरंत निराकरण करें, जिससे प्रार्थी/फरियादी संतुष्ट हो एवं पुलिस के प्रति उसका भरोसा और ज्यादा मजबूत हो। इसके साथ ही सभी थाना एवं चौकी प्रभारी को आपसी सामंजस्य स्थापित करते हुए मिलकर अच्छा एवं प्रभावी कार्य करने के लिए कहा गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा विशेष रूप से जिले में अवैध रूप से महुआ शराब के निर्माण एवं उसकी बिक्री करने वाले दारू कोचियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के लिए सभी प्रभारियों को हिदायत दिया गया।




## कार्यालय जेल अधीक्षक, जिला जेल राजनांदगांव छ.ग.

न्यू सिविल लाईन बलदेव बाग राजनांदगांव, जिला राजनांदगांव छत्तीसगढ़ पिन कोड-491441
☎ 07744-224028 V.C. ID-https://meet.jit.si/djailrajnandgaon -distjailrjn@gmail.com

परिशिष्ट-2
(नियम 4.4.2)
निविदा सूचना का प्रारूप
प्रथम वार्षिक/अर्धवार्षिक निविदा वर्ष 2024-25

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 220/निर्वाह/2024 — राजनांदगांव दिनांक 07.02.2024

जिला जेल राजनांदगांव में परिरूद्ध बंदियों हेतु खाद्यान, सब्जी एवं अन्य सामग्री प्रदाय करने के लिए मोहर बंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 01.00 बजे तक आवेदन प्रस्तुत कर (आयकर प्रमाण पत्र सहित) रू. **5000.00** (रू. पांच हजार मात्र) नगद भुगतान कर दिनांक 11.03.2024 के पूर्व कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र एवं निविदा संबंधी अन्य जानकारी जेल विभाग की वेबसाइट **www.jail.cg.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है। ऐसे निविदाकार को निविदा फीस निविदा प्रस्तुत करते समय कार्यालय में राशि नगद जमा करनी होगी।

निविदा बिक्री की अंतिम तिथि - **09.03.2024,** समय दोपहर 01.00 बजे तक।
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - **11.03.2024,** समय पूर्वान्ह 11.00 बजे तक।
निविदा खोलने की तिथि - **11.03.2024,** समय दोपहर 04.00 बजे।
स्थान - कार्यालय जेल अधीक्षक जिला जेल राजनांदगांव।

जेल अधीक्षक
जिला जेल राजनांदगांव (छ.ग.)

जी-07656/5


# मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

# जिले में पुरुषों से अधिक हुई महिला मतदाताओं की संख्या

## मतदाताओं की कुल संख्या अब है 9,07,859

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 9 फरवरी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा आम निर्वाचन के लिए जिले में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी 2024को किया गया। प्रकाशन के साथ जिला कार्यालय सहित सभी तहसील कार्यालयों में मतदाता सूची चस्पा किया गया। मतदाता सूची के अनुसार जिले में मतदाताओं की कुल संख्या 9 लाख 7 हजार 859 है। 453335 पुरुष, 454509 महिला, तृतीय लिंग 15 तथा 9203 दिव्यांग मतदाता हैं। इस बार महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से अधिक है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला बलौदाबाजार- भाटापारा अन्तर्गत 4 विधानसभा क्षेत्र में कुल 1009 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 43 बिलाईगढ़ अन्तर्गत मतदान केन्द्रों की संख्या 129, पुरुष मतदाता 51718, महिला मतदाता 51407, तृतीय लिंग1 तथा दिव्यांग मतदाता 926 हैं। इसीप्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक -44 कसडोल अन्तर्गत मतदान केंद्रों की संख्या 402, पुरुष मतदाता 183515, महिला मतदाता 182960, तृतीय लिंग 2 तथा दिव्यांग मतदाता 3729, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक -45 बलौदाबाजार अन्तर्गत मतदान केंद्रों की संख्या 196, पुरुष 90258, महिला 9116, तृतीय लिंग 0 तथा दिव्यांग मतदाता 1888, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक -46भाटापारा अन्तर्गत मतदान केंद्रों की संख्या 282, पुरुष मतदाता 127844, महिला128975, तृतीय लिंग 12 तथा दिव्यांग मतदाता 2660 हैं। ज्ञातव्य है कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के पूर्व प्रदेश में निर्वाचक नामावलियों के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की कार्यवाही चल रही है। 01जनवरी 2024 की अहर्ता तिथि के समबन्ध में 6 से 22 जनवरी तक मतदान केंद्रों में दावा-आपत्ति लिया गया। दावा आपत्ति निराकरण पश्चात मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया।

### जिले के 3 लाख 14 हजार 93 बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाने का लक्ष्य

**बालोद, 9 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे. एल. उइके के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पोषण से संबंधित राष्ट्रीय कार्यक्रम राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन जिले में वृहद रूप से किया जायेगा। उक्त संबंध में कलेक्टर के अध्यक्षता में जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स का बैठक आयोजित किया गया, जिसमें सभी संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिया गया। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जे. के. सिंह ने बताया कि बच्चों तथा किशोर-किशोरियों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर, एनीमिया के रोकथाम, बौद्धिक विकास तथा शाला में उपस्थिति में सुधार हेतु जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन 10 फरवरी को किया जावेगा। जिसके अन्तर्गत 1 से 19 वर्षीय बच्चों तथा किशोर-किशोरियों को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजॉल 400 मि.ग्रा. की गोली का सेवन कराया जायेगा तथा छुटे हुए बच्चों को 15 फरवरी मॉपअप दिवस में कृमिनाशक दवा का सेवन कराया जायेगा। इस बार जिले के कुल 3 लाख 14 हजार 93 बच्चों को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजॉल खिलाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके संबंध में सभी आवश्यक तैयारियों पूर्ण किया जा चुका है।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भवन/सड़क) उत्तर बस्तर संभाग क्रमांक 1 जगदलपुर

### अल्प निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 752/26/वलेलि/2023-24 — जगदलपुर, दिनांक 07.02.2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | T0117 | Construction of Mata Rukmani Ashram Office Building Dimrapal Jagdalpur (Balance Work) | 11.68 |
| 2 | T0118 | Construction of Jan Suvidha Kendra D.J. Court Jagdalpur (Balance Work) | 17.27 |

नोटः-
निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 14.02.2024
उपरोक्त निविदा की जानकारी विभागीय वेब पोर्टल www.cg.nic.in/pwdraipur में अवलोकन किया जा सकता है।
ऑनलाईन से डाउनलोड किया गया निविदा फार्म को प्रेषित करने पर मान्य नहीं किया जावेगा, इस कार्यालय में उपस्थित होकर निविदा फार्म हेतु आवेदन प्रस्तुत करने पर ही निविदा फार्म प्रदाय किया जावेगा।
अन्य विवरण एवं शर्तें कार्यालयीन दिवस में लोक निर्माण विभाग उत्तर बस्तर संभाग क्र. 1 जगदलपुर के कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. (भ/स) उ.ब. संभाग क्र.1 जगदलपुर

जी-07626/4


ऋण के लिए बैंकों का अनावश्यक एवं बिना कारण के हितग्राहियों के आवेदन को निरस्त करना गलत

# बैंक प्रबंधकों पर की जायेगी कड़ी कार्रवाई : कलेक्टर

■ प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना की जानकारी के लिए विशेष कार्यशाला का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 9 फरवरी।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा आज कलेक्ट्रेट के सभागार में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना की जानकारी हेतु विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें आवेदित हितग्राहियों को मास्टर ट्रेनर द्वारा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में कलेक्टर चंदन कुमार भी उपस्थित रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि बैंक प्रबंधकों द्वारा बड़ी संख्या में गांव के छोटे-छोटे किसान, महिला स्व सहायता समूह के द्वारा योजना लाभ लेने के लिए किए गए आवेदनों को बिना कारण निरस्त की गई है। जो कि पूर्णतः अनुचित है ऐसे कार्य को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने दो टूक कहते हुए बैंक प्रबंधकों चेतावनी दी है कि मार्च माह तक निरस्त आवेदनों को समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने कहा है। उक्त कार्यशाला में महाप्रबंधक एल के लकड़ा, लीड बैंक आफिसर, बैंक के अन्य अधिकारी सहित बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे। लीड बैंक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना के तहत 74 हितग्राहियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य प्राप्त है। जिसमें से महज 11 आवेदन ही स्वीकृत हुए है।



गौरतलब है कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के असंगठित मौजूदा/नवीन निजी सूक्ष्म उद्यमों की प्रतिस्पर्धा क्षमता बढ़ाना, फॉर्मलाईजेशन को प्रोत्साहन देना। स्व सहायता समूहो, किसान उत्पादक संगठनों और उत्पादक सहकारिताओं को उनकी संपूर्ण मूल्य श्रृंखला के लिए सहायता देना। योजना अंतर्गत ग्रेडिंग, कॉमन प्रसंस्करण, पैंकिग, विपणन, कृषि उपज का प्रसंस्करण और परीक्षण प्रयोगशालाओं के लिए कलस्टरों और समूहों जैसे एफपीओ/एसएचजी/उत्पादक समितियों को उनकी संपूर्ण मूल्य श्रृंखला के लिए भी सहायता दी जायेगी। योजनांतर्गत नवीन या विद्यमान सूक्ष्म खाद्य उन्नयन (माईक्रो फूड प्रोसेसिंग) उद्यमों जैसे आम, आलू, लीची, टमाटर, एवं अन्य फल, सब्जी उत्पाद, प्रसंस्करण उद्योग, साबूदाना, भूजिया, कुरकुरे, पेठा, पापड़, अचार, जैम, जेली, जूम एवं पल्प, मसाला उद्योग, मुरमुरा (मुर्रा) पोहा, मिनी राईस मिल, पशु आहार, बेकरी उत्पाद, आईस क्रीम, मोटे अनाज आधारित उत्पाद, दलिया, तेल मिल, तिल-मुर्रा-मुगफली के लड्डू निमार्ण, मिठाई बनाना, चिक्की, हर्बल उत्पाद, लघु वनोपज उत्पाद, हर्बल खाद्य उत्पाद जैसे शहद, हल्दी आंवला, हर्रा, बहेड़ा चिरौंजी आदि के प्रसंस्करण उद्योग को सहायता उपलब्ध कराई जावेगी। ओडीओपी उत्पादों को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी। जिले के लिए ओडीओपी के तहत् राईस बेस्ड प्रोडक्ट्स का चयन किया गया है। ओडीओपी से भिन्न, पूर्व से स्थापित, विद्यमान फूड प्रोसेसिंग इकाई भी अपने उद्यम के उन्नयन के लिए या नवीन इकाई एवं स्थापित इकाई के विस्तार के लिए योजना का लाभ ले सकते है। योजना में प्रोजेक्ट लागत के 35 प्रतिशत पर क्रेडिट-लिंक्ड कैपिटल सब्सिडी का प्रावधान है। अधिकतम सब्सिडी 10 लाख रू. तक प्रति उद्यम है। बैंक द्वारा स्वीकृत परियोजना लागत का 10 प्रतिशत अंशदान आवेदक द्वारा देय होगा। आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए तथा इसके लिए कोई न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता निर्धारित नहीं है।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद किरंदुल, जिला-दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

क्रमांक/1364/तक.शा./न.पा.परि./2023-24 — किरंदुल, दिनांक 05.02.2024

### मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्म/एजेंसी/ठेकेदार/सप्लायर से निम्नलिखित कार्य हेतु नगर पालिका परिषद किरंदुल द्वारा मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | अनु. लागत राशि (रूपये लाख में) | निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्षिक निविदा अंतर्गत नल-जल सामग्री क्रय हेतु | 15.00 | 20.02.2024 |
| 2 | वार्षिक निविदा अंतर्गत विद्युत सामग्री क्रय हेतु | 10.00 | |
| 3 | वार्षिक निविदा अंतर्गत स्टेशनरी सामग्री क्रय हेतु | 5.00 | |
| 4 | वर्ष 2024-25 के लिए वाहन मरम्मत कार्य हेतु | 10.00 | |
| 5 | मरम्मत सांधारण मद अंतर्गत जोनल कार्य से विभिन्न रोड, नाली, भवन शौचालय, पाईप लाईन एवं अन्य मरम्मत कार्य। | 20.00 | |
| 6 | वर्ष 2024-25 के लिए जोनल वर्क विभिन्न मद अंतर्गत नवीन सी.सी. रोड, आर.सी.सी. नाली, भवन, पाईप लाईन, शौचालय एवं स्लैब निर्माण कार्य | 20.00 | |
| 7 | वर्ष 2024-25 के लिए जोनल वर्क से अध्यक्ष/पार्षद निधि अंतर्गत विभिन्न वार्डों में पाईप लाईन विस्तार कार्य। | 10.00 | |
| 8 | वर्ष 2024-25 के लिए जोनल वर्क अध्यक्ष/पार्षद निधि अंतर्गत विभिन्न वार्डों में नवीन सीमेंट, कांक्रीट रोड, नाली स्लैब सहित निर्माण कार्य। | 20.00 | |
| 9 | जोनल वर्क अध्यक्ष/पार्षद निधि अंतर्गत विभिन्न वार्डो सार्वजनिक/सामुदायिक /सांस्कृतिक भवन का संधारण एवं भवन में नयी सुविधाओं की व्यवस्था। | 20.00 | |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के तकनीकी शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट **https://www.uad.cg.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद किरंदुल

# श्रीराम वन पथ गमन निर्माण में गड़बड़ी

## अजय चंद्राकर की अध्यक्षता में समिति करेगी सोशल ऑडिट

**रायपुर 9 फरवरी।** भूपेश सरकार के समय बनाए गए राम वन पथ गमन पथ में गड़बड़ी और इस योजना के तहत बनाई गई प्रतिमाओं में भ्रष्टाचार का मसला विधानसभा में उठा। वरिष्ठ सदस्य अजय चंद्राकर ने यह विषय उठाया। अजय चंद्राकर ने राम वन पथ गमन मार्ग निर्धारण का मसला उठाया और इस योजना में बनाईं प्रतिमाओं की गुणवत्ता और छवि को लेकर सवाल खड़े किए। राम वन पथ गमन मार्ग पर भ्रष्टाचार के आरोपों को गंभीर मानते हुए मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने वरिष्ठ सदस्य अजय चंद्राकर की अध्यक्षता में विधानसभा समिति से सोशल ऑडिट कराए जाने की घोषणा की है।


**क्यों हो रही है जांच:** विधानसभा में श्री राम वन पथ गमन मार्ग का उल्लेख करते हुए यह विषय आया कि, ऐसी कई जगहों पर भी राम वन पथ गमन मार्ग बना जहां श्री राम के जाने का कोई उल्लेख नहीं है।इस योजना के लिए उपयोग किये गए मद को लेकर भी सदन में सवाल हुए। इस योजना के तहत जो प्रतिमाएँ बनाई गई हैं उनकी छवि और गुणवत्ता को लेकर भी गंभीर सवाल हुए। अजय चंद्राकर ने सवाल किया -चंपारन में श्री राम वन पथ गमन मार्ग कैसे बनाया गया। इस पर धर्मस्व एवं पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा -यह निर्णय तत्कालीन मुख्यमंत्री के निर्देश पर लिया गया था। भारसाधक मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के जवाब पर वरिष्ठ सदस्य अजय चंद्राकर ने इसे संस्कृति और आस्था से खिलवाड़ बताया, और जाँच की माँग की।जिसके बाद मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने जाँच की घोषणा कर दी।

**विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने ली चुटकी :** जबकि मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने जाँच के लिए विधायक अजय चंद्राकर की अध्यक्षता में विधानसभा समिति बनाने जाने की घोषणा की तो विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने चुटकी ली। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा -वहाँ प्रतिमा के नीचे लिख दीजिएगा श्रीराम, ताकि प्रतिमा की पहचान हो सके।

# गुप्त नवरात्र 10 से, शिवधाम में होंगे अनुष्ठान

## मां महाकाली (अघोरेश्वरी) के दिव्य दर्शन के लिए लगेगी कतार

रायपुर,9 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़



भव्य शिवधाम (अघोरेश्वरी महादेव मंदिर) परिसर में माघ गुप्त नवरात्र 10 फरवरी से विधि-विधान से मनाने की तैयारी पूरी हो गई है। कल से यहां देवी भक्तों की भीड़ लगेगी। ग्राम तुलसी-पाटन (दुर्ग) में खारुन नदी के तट पर स्थित शिवधाम में मां महाकाली (अघोरेश्वरी) का मंदिर स्थित है। यहां माता की मनोहारी प्रतिमा स्थापित है। गुप्त नवरात्रि के श्रीगणेश पर 10 फरवरी को प्रातः घट की स्थापना की जाएगी। 14 फरवरी को प्रातः पंचमी का श्रृंगार तथा रात्रि सात बजे हवन किया जाएगा। कालरात्रि पूजन व हवन 15 फरवरी को रात्रि साढ़े ग्यारह बजे किया जाएगा। अष्टमी का पूजन 16 फरवरी को रात्रि 11.52 बजे किया जाएगा। 17 फरवरी को प्रातः 8.40 बजे नवमीं का पूजन-हवन होगा। यहां यह बताना जरूरी होगा कि शिवधाम रायपुर से अमलेश्वर, मोतीपुर, झीट होते हुए पाटन मार्ग पर ग्राम तुलसी में स्थित है। यह बेहद सुरम्य व शांत क्षेत्र है। भोले भंडारी का विशाल शिवलिंग स्थापित है। पुरानी बस्ती स्थित श्री महामाया देवी मंदिर में 10 फरवरी से 18 फरवरी तक गुप्त नवरात्रि पर श्री दिव्य रूद्र महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर प्रांगण में सुबह आठ बजे से शाम छः बजे तक महायज्ञ होगा। यज्ञाचार्य पं. राजेन्द्र प्रसाद तिवारी सहित 17 वैदिक ब्राह्मण इसे सम्पन्न कराएंगे। यह जानकारी श्री महामाया देवी मंदिर सार्वजनिक न्यास के अध्यक्ष आनंद शर्मा, सचिव व्यास नारायण तिवारी, कोषाध्यक्ष विजय शंकर अग्रवाल व न्यासी विजय झा ने दी है। 11 फरवरी को अग्नि प्रज्वलन, वेदी पूजन, देव आह्वान, रुद्राभिषेक पूजन के बाद हवन प्रारंभ होगा। 18 फरवरी को पूर्णाहुति, महाआरती, सहस्त्रधारा, ब्राह्मण भोजन, भंडारा व प्रसादी का वितरण होगा।

## एक नजर

### विधानसभा में गूंजा ओयो होटल्स का मुद्दा

**रायपुर 9 फरवरी।** विधानसभा में सदन की कार्यवाही के दौरान वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने ओयो होटल्स का मुद्दा उठाया। उन्होने ओयो होटल्स की जांच करने की मांग की है। विधायक रिकेश सेन ने पर्यटन मंत्री से कहा कि पिछली सरकार में बिना अनुमति के कई जगहों पर ओयो होटल्स का संचालन किया जा रहा था। इसकी चिंता करने की भी जरूरत है, इन सेंटर्स पर रोक लागने की जरूरत है। पर्यटन स्थलों को हमने जितना सजाकर दिया था उससे कहीं ज्यादा इन स्थानों पर गंदगी मचाने का काम किया गया। पर्यटन स्थलों में ओयो सेंटर किनके माध्यम से चलाए जा रहे थे, ये भी जांच का विषय है। सरकार से निवेदन करता हूं कि ऐसे अवैध सेंटर्स के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

### भारत में अब सभी योग्य ग्राहकों को मिलेगा आरोहण प्रिविलेज

**रायपुर 9 फरवरी।** भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विनियमित एक जानी मानी एनबीएफसी-एमएफआई, आरोहण फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड अब देश भर के सभी योग्य माइक्रोफाइनेंस ग्राहकों के लिए अपनी पहली डिजिटल माइक्रोफाइनेंस सेवा, आरोहणप्रिविलेज; लेकर आ रही है। इसका मुख्यालय कोलकाता में है और यह कुल 18 राज्यों में काम करती है। अब जल्द ही यह भारत के दक्षिणी हिस्सों में भी अपना विस्तार करेगी। वित्त वर्ष 2023 में, आरोहण ने भारतीय माइक्रोफाइनेंस उद्योग की अपनी तरह की पहली डिजिटल ऋण सोर्सिंग सुविधा, आरोहणप्रिविलेज' को लॉन्च किया है। यह अनोखी पहल स्वर्ण-मानक ग्राहकों के लिए है, जिसमें कुछ ही मिनटों में, आरोहण के स्वामित्व वाले अपना-आरोहण ऐप के माध्यम से अपने घर बैठे बड़े आराम से 100% डिजिटल और कैशलेस ऋण प्राप्त कर सकते है। आरोहणप्रिविलेज ऋण का टिकट आकार 5,000 रुपये से 75,000 रुपये तक है।

### सरेआम शराब पीते 22 गिरफ्तार

**रायपुर, 9 फरवरी।** राजधानी पुलिस ने नशेडि़यों के खिलाफअभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 22 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफआबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार गंज थाना पुलिस ने शराब दुकान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी महेश यादव 28 वर्ष व तरूण यादव 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह आमानाका पुलिस ने आरोपी दीपक साव 21 वर्ष व बलराम यादव 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गुढियारी पुलिस ने आरोपी राजकुमार पुरैना 52 वर्ष, ईश्वरी साहू 33 वर्ष, जीतेंद्र कुर्रे 24 वर्ष व सैलेष डहरिया 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह खमतराई पुलिस ने आरोपी शिव प्रसाद कोल 24 वर्ष एवं देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी मिथलेश तिवारी 31 वर्ष, बलराम जैन 25 वर्ष व अजय कुमार साहू 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी हरीश यादव 23 वर्ष, गौरव निर्मलकर 18 वर्ष, कुलेख्श्वर साहू 22 वर्ष, आकाश राव 24 वर्ष, हरीकृष्णा राव 35 वर्ष व जी धर्मा राव 31 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी अजय सिंह 37 वर्ष व धरम सिंह 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह माना पुलिस ने आरोपी प्रेम कुमार सिंह 27 वर्ष एवं गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी रोहित देवांगन 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है।



रायपुर। आज जिला अदालत में जिला अधिवक्ता संघ के लिए मतदान हुआ।

# सांसद सोनी ने पीएम और रेल मंत्री से की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की मांग

**रायपुर 9 फरवरी।** लोकसभा सत्र के शून्य काल में गुरुवार को रायपुर लोकसभा सांसद सुनील सोनी ने रेलवे से जुड़ी समस्याओं का मुद्दा उठाया. उन्होंने ट्रेन की लेट लतीफी और रद्द होने वाली गाड़ियों के संबंध में जनता को हो रही परेशानियों का जिक्र किया. इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री और रेल मंत्री से ट्रेनों को समय पर संचालित करने की मांग की. सुनील सोनी ने कहा कि आजादी के बाद से छत्तीसगढ़ में रेल मंत्रालय को सर्वाधिक राशि करीब 7000 करोड़ प्रधानमंत्री द्वारा स्वीकृत की गई है जिसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री का धन्यवाद भी किया. साथ ही उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश में वंदे भारत जैसी ट्रेनों का संचालन एवं निर्माण किया जा रहा है, जो की अत्यंत प्रशंसनीय है. सांसद ने पहले जिन स्टेशनों में स्टॉपेज होता था वहां फिर से स्टॉपेज की व्यवस्था करने के लिए निर्देशित करने की मांग की. साथ ही उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में और फास्ट ट्रेनें चालू हों.

# मोदी की गारंटी के तहत गांव-गांव में खुशहाली: बजाज



**रायपुर 9 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी के रायपुर लोकसभा के चुनाव संयोजक अशोक बजाज ने गांव चलो अभियान के अंतर्गत रायपुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत चंपारण में सघन जनसंपर्क किया तथा बूथ कमेटी की बैठक लेकर कार्यकर्ताओं को 10 प्रतिशत वोट बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होनें चंपारण में रात्रि विश्राम किया तथा प्रवास के दूसरे दिन प्रातः ग्राम वासियों के साथ शीतला मंदिर तालाब, दंतेश्वरी मंदिर परिसर व मुख्य रंगमंच चौक में सफाई की। श्री बजाज ने प्रधानमंत्री आवास योजना व महतारी वंदन योजना के अलावा मोदी सरकार तथा विष्णुदेव सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क किया। उन्होनें कार्यस्थल पर जाकर मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। श्री बजाज ने फिर इस बार मोदी सरकार के नारे का शंखनाद किया तथा गांव में दीवार लेखन की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित होकर जनता खुश है तथा मोदी की गारंटी के तहत गांव गांव में खुशहाली आई है। उन्होंने 2023 के चुनाव में चंपारण में मिले बहुमत के लिए कार्यकर्ताओं धन्यवाद दिया तथा आगामी चुनाव में प्रत्येक भूत में 10% वोट बढ़ाकर फिर इस बार मोदी सरकार बनाने की अपील की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नारायण यादव, श्रीमती संध्या तिवारी, श्रीमती सिया साहू, तोशन साहू, शिवेंद्र तिवारी, विवेक तिवारी, विशाल साहू, शोभाराम साहू, रिखीराम निषाद, ईश्वर साहू, विजय कुमार साहू, खिलेंद्र साहू, बालेश्वर साहू, डोमन साहू, दिलीप साहू, समारु तारक, भारत तारक, गजाधर साहू, विनोद साहू, राकेश साहू, आदि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महतारी वंदन योजना के नियमों में छूट दी जाए

**रायपुर 9 फरवरी।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा एवं कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप सिंह चावला, ने एक बयान में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से कहा कि आप लोगों ने छत्तीसगढ़ की जनता के लिए महतारी वंदन योजना लाकर जनता की भलाई का एक अच्छा कार्य किया है निम्न वर्ग व माध्यम वर्ग को इससे बहुत सहायता मिलेगीं । लेकिन इसमें जो अर्हताएं मांगी जा रही है उसमें गरीब जनता के लिए मुश्किले आ रही है । म.प्र. में लाड़ली बहन योजना के लिए केवल आधार कार्ड व बैंक पास बुक की फोटोकापी मांगी जा रही है। अतः हमारा आपसे आग्रह है म.प्र. की तरह ही छत्तीसगढ़ में नियम में छूट दी जाये तो जनता को बहुत सुविधा होगी । इतने नियमों के कारण जिन लोगों को योजना का लाभ नहीं मिल पायेगा वो लोग आपसे नाराज हो सकते है इसलिए उचित होगा नियमों में म.प्र. के समान छूट दी जाये ।



# उच्च शिक्षा सचिव से कर्मचारी संघ ने की मुलाकात

**रायपुर 9 फरवरी।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा सचिव माननीय श्री प्रसन्ना आर . सर जी से कर्मचारी संघ के अध्यक्ष श्री सुनील कुमार नामदेव एवं सचिव श्री संदीप खरगवंशी ने मुलाकात कर विश्वविद्यालय में कार्यरत 01.01. 2004 के बाद नियुक्त हुए कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को पुनः लागू करने एवं विश्वविद्यालय में दैनिक वेतन भोगी से नियमित हुए कर्मचारी को पेंशन का लाभ देने के और और शासन स्तर में जितने भी आदेश कर्मचारी हित के लिए होते हैं उसमें विश्वविद्यालय को प्रतिलिपि प्रदाय करने के साथ ही विश्वविद्यालय से 01.01.2016 के बाद सेवा निवृत हुए कर्मचारियों को सातवें वेतनमान में पेंशन निर्धारण करने के संबंध में आदरणीय उच्च शिक्षा सचिव जी को पत्र देकर विस्तार से चर्चाएं की गई।



# धान खरीदी पर कांग्रेस विधायकों का बहिर्गमन नौटंकी: भाजपा

**रायपुर 9 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि धान कीमत की अंतर राशि के भुगतान के लिए राज्य की भाजपा सरकार ने कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत 12 हजार करोड़ का प्रावधान कर एक और मोदी की गारंटी को पूरा कर दिया है। छत्तीसगढ़ के किसानों एवं भाजपा किसान मोर्चा ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार माना है। श्री शर्मा ने कहा कि इस योजना से किसानों को प्रति एकड़ 19,257 रु. की अतिरिक्त राशि प्राप्ति होगी और यह राशि किसानों को एकमुश्त प्राप्त होगी। यह राशि पूर्ववर्ती भूपेश सरकार द्वारा झुला-झुलाकर चार किश्तों में दी जाने वाली राशि की दोगुना से भी अधिक है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री शर्मा ने योजना के नामकरण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार होती तो इसका नामकरण परिवारवाद के भेंट चढ़ गया होता। भाजपा की साय सरकार द्वारा इस बार 145 लाख टन धान की खरीदी कर इतिहास रच दिया गया। श्री शर्मा ने धान खरीदी पर कांग्रेसी विधायकों द्वारा बहिर्गमन को नौटंकी करार देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को कोई भी ड्रामेबाजी से बचने की नसीहत दी और चुनौती देते हुए कहा कि वे ऐसे किसानों की प्रमाणित सूची जारी करें जो किसान धान बेचने के लिए पात्र हैं और जिन्हें निर्धारित समय पर टोकन प्राप्त नहीं हुआ या टोकन प्राप्त हुआ और धान नहीं बिका। इस तरह की राजनीतिक नौटंकियों से पूर्व मुख्यमंत्री बघेल को अब बाज आना चाहिए। इससे पहले भी जितने ड्रामे बघेल ने किए हैं, उन तमाम ड्रामों की पोल खुल गई है और जनता ने ऐसे ड्रामेबाज लोगों को जमीन दिखा दी है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री शर्मा ने बताया कि भाजपा का गाँव चलो अभियान बुधवार से शुरू हो चुका है। इस अभियान के तहत प्रदेश के 20 हजार गाँवों तक पार्टी के सभी नेता और कार्यकर्ता पहुँचेंगे एक रात वहाँ बिताएंगे।

## निधन

### फूलतुसी चक्रवर्ती

**रायपुर।** ओल्ड राजेन्द्र नगर केनाल रोड निवासी विश्वजीत चक्रवर्ती की पत्नी श्रीमती फूलतुसी चक्रवती का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार राजेन्द्र नगर मुक्तिधाम में किया गया।



# अंधविश्वास के कारण महिला प्रताड़ना शर्मनाक



**रायपुर 9 फरवरी।** अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ दिनेश मिश्र ने बिलासपुर जिले मस्तूरी के ग्राम भदौरा जिले में एक महिला को जादू टोने के शक में प्रताडित करने, एवम जला कर हत्या करने की घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा जादू टोने का कोई अस्तित्व नही हैं .ग्रामीणों को अंधविश्वास में पड़कर कानून हाथ में नहीं लेना चाहिए भदौरा में जादू टोने के संदेह में प्रताडित महिला भूरी बाई के पुत्र अमृत ने बताया किस प्रकार उसकी वृद्ध मां को रात घर से उठा कर ले जाया गया और मार पीट कर गर्म लोहे से दाग कर फेंक दिया गया जिनकी मृत्यु हो गई . समिति के सदस्यों ने उक्त परिवार को ढाढस बंधाया , संवेदना प्रकट की.

डॉ दिनेश मिश्र ने कहा पिछले कुछ दिनों में टोनही /डायन के सन्देह में हत्या मारपीट ,प्रताड़ना की घटनाएं सामने आयी हैं सिर्फ अंधविश्वास ,जादू टोने जैसी भ्रामक मान्यताओं पर भरोसा कर किसी निर्दोष महिला एवं उसके परिवार पर हमला करने की घटनाएं, अनुचित है,दोषियों पर कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए. डॉ. मिश्र ने कहा हर व्यक्ति की बीमारी,समस्या और उसके कारण अलग-अलग होते हैं जिनका समाधान सही चिकिसकीय उपचार ,तर्कसंगत उपाय से किया जा सकता है. बीमारियाँ अलग अलग कारणों से होती हैं संक्रमण होने से ,दुर्घटना होने,कुपोषण से व्यक्ति बीमार होता है संक्रमण भी विभिन्न बैक्टीरिया, वायरस ,फंगस से होता है ,तथाकथित जादू टोने ,से कोई बीमार नही हो सकता ,क्योंकि जादू टोने जैसी काल्पनिक मान्यताओं का कोई अस्तित्व ही नहीं है,इस लिए तथाकथित जादू टोने से ना ही कोई व्यक्ति किसी को भी मार कर सकता है, न ही किसी को परेशानी में डाल सकता हैं और न ही किसी व्यक्ति का किसी प्रकार से फसल आदि का कोई नुकसान कर सकता है ,जादू टोने ,टोनही, डायन की मान्यता सिर्फ अंधविश्वास है. जिसका का कोई अस्तित्व नहीं है ,और इस प्रकार के शक या सन्देह में किसी भी महिला को प्रताड़ित करना उसके व उसके परिवार के साथ मारपीट करना ,अग्निपरीक्षा लेना,,उसको जान से मारना अनुचित,क्रूर और अपराधिक है .ग्रामीणों को इस प्रकार के अंधविश्वास में नहीं पड़ना चाहिए . डॉ मिश्र ने कहा आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा मिले ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस प्रकार की अनुचित हरकत करने की चेष्टा ना कर सके. डॉ. मिश्र ने कहा देश के अनेक प्रदेशों में डायन/ टोनही के सन्देह में प्रताडऩा की घटनाएँ आम है , जबकि कोई नारी टोनही या डायन नहीं हो सकती, उसमें ऐसी कोई जादुई शक्ति नहीं होती जिससे वह किसी व्यक्ति, बच्चों या गाँव का नुकसान कर सके।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26